भारतीय ज्ञान परम्परा में प्रमाण-पत्र

(Certificate Course in Indian Knowledge System)

वैदिक विज्ञान एवं गणित

CCIKS-105

(Vadic Scienc and Mathematics)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी-263139

Toll Free : 1800 180 4025
Operator : 05946-286000
Admissions : 05946-286002
Book Distribution Unit : 05946-286001
Exam Section : 05946-286022
Fax : 05946-264232
Website : http://uou.ac.in

पाठ्यक्रम विशेषज्ञ समिति **CCIKS- 105**

कुलपति (अध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
प्रोफेसर ब्रजेश कुमार पाण्डेय,
संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन केंद्र,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
प्रोफेसर जे. के. गोदियाल,
पूर्व विभागाध्यक्ष, संस्कृतविभाग,
हे.न.ग.विश्वविद्यालय श्रीनगर।
डॉ0 देवेश कुमार मिश्र,
एसो0 प्रोफे0, इन्दिरा गान्धी राष्ट्रीय मुक्त
विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

प्रोफेसर रेनू प्रकाश (संयोजक)
निदेशक, मानविकी विद्याशाखा
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
डॉ0 नीरज कुमार जोशी,
असि0 प्रोफे0-ए.सी.संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
श्री राहुल पन्त,
असि0 प्रोफे0-ए.सी.संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
डॉ0 सुधीर प्रसाद नौटीयाल,
असि0 प्रोफे0-ए.सी.संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

पाठ्यक्रम समन्वयक

डॉ0 नीरज कुमार जोशी
असि0 प्रोफे0 ए.सी.,संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

मुख्य-सम्पादक	**सह-सम्पादक**
डॉ0 नीरज कुमार जोशी,	**श्री राहुल पन्त,**
असि0 प्रोफे0 ए.सी.,संस्कृत विभाग	असि0 प्रोफे0 ए.सी.,संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी	उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

इकाई लेखन	**खण्ड**	**इकाई संख्या**
डॉ0 सुधीर प्रसाद नौटीयाल,	**खण्ड 1**	(इकाई 1)
असि. प्रोफे-ए.सी. संस्कृत विभाग	**खण्ड 2**	(इकाई 1)
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी		
डॉ0 दिनेश कुमार,	**खण्ड 1**	(इकाई 2)
असि0 प्रोफे0 भौतिक विज्ञान		
ने.पी.जी. कॉलेज बड़हलगंज, गोरखपुर		
डॉ0 निर्भय अस्थाना,	**खण्ड 1**	(इकाई 3)
असि0 प्रोफे0 वनस्पति विज्ञान		
नेशनल पीजी कॉलेज बड़हलगंज, गोरखपुर		

प्रो0 गगन सिंह, **खण्ड 2** (इकाई 4)
विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग
निदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड कॉमर्स
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

डॉ0 कान्ता प्रसाद, **खण्ड 2** (इकाई 2)
असि. प्रोफे-ए.सी. संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

डॉ. श्रुतिकान्त पाण्डेय, **खण्ड 2** (इकाई 3)
असि0 प्रोफे0, संस्कृत विभाग, एमिटी यूनिवर्सिटी, उत्तरप्रदेश,
नोएडा, जे-134, पुराना रोशनपुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली

श्री राहुल पन्त **खण्ड 3** (इकाई 1 से 3)
असि. प्रोफे-ए.सी. संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

डॉ0 नीरज कुमार जोशी, **खण्ड 4** (इकाई 1 से 4)
असि0 प्रोफे0 ए.सी.,संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

आवरण पृष्ठ

डॉ0 नीरज कुमार जोशी, असि0 प्रोफे0 ए.सी.,संस्कृत विभाग
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

प्रकाशक: (उ0 मु0 वि0, हल्द्वानी) -263139

कॉपीराइट @ उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

पुस्तक का शीर्षक- वैदिक विज्ञान एवं गणित CCIKS- 105

प्रकाशन वर्ष : 2025

ISBN No.

मुद्रक:

नोट:- इस अध्ययन सामग्री का प्रकाशन छात्र हित में शीघ्रता के कारण किया गया है। सम्पादित संस्करण का प्रकाशन अगले वर्ष सम्भव है । इस सामाग्री का उपयोग उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की लिखित प्रशासनिक अनुमति के बिना अन्यत्र कहीं नहीं किया जा सकता।

अनुक्रम

खण्ड- एक (Section-A) वैदिक विज्ञान का सैद्धान्तिक परिचय	**पृष्ठ संख्या 1- 4**
इकाई-1 वैदिकविज्ञान के प्रमुख आचार्य एवं ग्रन्थ	05-23
इकाई-2 वेदों में भौतिक एवं रसायन विज्ञान के तत्व	24-39
इकाई-3 वैदिक वनस्पति एवं पर्यावरण विज्ञान	40-51
खण्ड- दो (Section-B) विज्ञान के विविध आयाम	**पृष्ठ संख्या 52**
इकाई-1 वैज्ञानिक भाषा के रूप में संस्कृत	53-67
इकाई-2 खगोल विज्ञान	68-84
इकाई-3 वैदिक मनोविज्ञान	85-97
इकाई-4 वैदिक अर्थशास्त्र	98-127
खण्ड- तीन (Section-C) वैदिक गणित का परिचय	**पृष्ठ संख्या 128**
इकाई-1 वैदिक गणित का उद्भव एवं विकास	129-142
इकाई-2 भारतीय गणित के प्रमुख आचार्य एवं ग्रन्थ परम्परा	143-155
इकाई-3 उत्तरवैदिक कालीन भारतीय गणित (जैन, बौद्ध आदि)	156-167
खण्ड- चार (Section-D) सृष्टि विज्ञान	**पृष्ठ संख्या 168**
इकाई-1 सृष्टि की वैदिक अवधारणा	169-191
इकाई-2 सृष्टि संरचना एवं स्वरूप	192-210
इकाई-3 सृष्टि की उत्पत्ति के विविध सिद्धान्त	211-224
इकाई-4 ब्रह्माण्ड के अवयव	225-235

खण्ड- एक (Section-A)

वैदिक विज्ञान का सैद्धान्तिक परिचय

इकाई.1 वैदिक विज्ञान के प्रमुख आचार्य एवं ग्रन्थ

इकाई की रूप रेखा

1.1 प्रस्तावना
1.2 उद्देश्य
1.3 आयुर्विज्ञान के प्रमुख आचार्य एवं ग्रन्थ
1.4 गणित के प्रमुख आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ
1.5 खगोल विज्ञान के प्रमुख आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ
1.6 कृषि विज्ञान के प्रमुख आचार्य एवं ग्रन्थ
1.7 रसायनशास्त्र के प्रमुख आचार्य एवं ग्रन्थ
1.8 सारांश
1.9 बोध प्रश्नों के उत्तर
1.10 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
1.11 उपयोगी पुस्तकें
1.12 निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

प्रिय शिक्षार्थियों,

भारत का प्राचीन वैज्ञानिक ज्ञान वेदों, उपवेदों और विभिन्न शास्त्रों में संकलित है। ऋषियों और आचार्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में गहन अध्ययन और प्रयोग किए, जिनका प्रभाव आज भी विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में देखा जा सकता है। आयुर्वेद, गणित, खगोलविज्ञान, कृषिविज्ञान और रसायनशास्त्र जैसे विषयों में भारतीय विद्वानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके द्वारा लिखित ग्रंथों में न केवल वैज्ञानिक तथ्यों का उल्लेख है, बल्कि वे प्राचीन भारतीय समाज की समृद्ध बौद्धिक परंपरा को भी दर्शाते हैं। इस इकाई के माध्यम से हम वैदिक विज्ञान के महान वैज्ञानिक आचार्यों से परिचित होगें, जिन्होनें आयुर्विज्ञान, गणितविज्ञान, खगोलविज्ञान, कृषिविज्ञान एवं रसायनविज्ञान के क्षेत्र में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही हम उनके व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा रचित ग्रन्थों का सामान्य परिचय भी प्राप्त करेंगें।

1.2 उद्देश्य

- वैदिक विज्ञान के प्रमुख आचार्य के एवं उनके ग्रन्थों को जानेगें।
- आर्युविज्ञान सम्बन्धित प्राचीन आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ परम्परा को जानेगें।
- प्राचीन गणित शास्त्रीय आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ परम्परा को जानेगें।
- खगोल विज्ञान सम्बन्धित आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ परम्परा को जानेगें।
- कृषि विज्ञान के आचार्य एवं ग्रन्थों को जानगें।
- रसायन विज्ञा की आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ परम्परा को जानेगें।

1.3 आयुर्विज्ञान के प्रमुख आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ

संस्कृत विश्व की सबसे समृद्ध और प्राचीनतम भाषा है, इस भाषा में वैदिक काल से ही भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान-विज्ञान की धारा नितप्रवाहित हो रही है। वेद, वेदांग, दर्शन, धर्मशास्त्र, आदि के साथ-साथ इसमें मानव कल्याण के लिए आयुर्वेद का ज्ञान भी निहित है। आयुर्वेद से मानव के स्वास्थ्य का रक्षण और रोगों का शमन किया जाता है, ताकि मानव का जीवन रोग मुक्त रहे।

चरकसंहिता के अनुसार आयुर्वेद के मूल प्रणेता के रूप में ब्रह्मा प्रतिष्ठित है। चरक के मत में ब्रह्मा से दक्ष प्रजापति, प्रजापति से अश्विनी कुमार एवं अश्विनी कुमारों से यह ज्ञान इन्द्र ने ग्रहण किया।आचार्य सुश्रुत के अनुसार आयुर्वेद का आदि अन्त अज्ञेय है। उनके अनुसार आयुर्वेद अनादि, शाश्वत अक्षुण्ण प्रवाह मान धारा है जो सृष्टि के पूर्व से भी विद्य मान है।

सत्रहवीं सदी के 'भावप्रकाश' नामक ग्रन्थ में भी आयुर्वेद की गंगा ब्रह्मकमण्डलु से प्रवाहित उल्लिखित है। आयुर्वेद की उत्पत्ति के पश्चात्द प्रजापति ने इसके अङ्गों सहित आयुर्वेद का अध्ययन किया और दक्ष प्रजापति से अश्विनी कुमारों ने इसे आत्मसात किया यथा- **'ततःप्रजापतिंदक्षंदक्षंसकलकर्मसु।विधिर्धीनीरधिंसाङ्गमायुर्वेदमुपादिशत्॥'** इस प्रकार आयुर्वेद की दक्ष प्रजापति से लेकर सुश्रुतादि ऋषियों पर्यन्त आयुर्वेद की एक दीर्घ परम्परा चली। अब इस शास्त्र के सन्दर्भ में कुछ प्रश्न उठते है कि जैसे इस शास्त्र का प्रतिपाद्य क्या होगा? आयुर्वेद के

ग्रन्थों में सामान्यतः यह निर्देश प्राप्त होता ही है कि इस शास्त्र विशेष का विषय क्या है यथा भावप्रकाश में वर्णित है-

'आयुर्हितमहितंव्याधिर्निदानंशमनंतथा।

विद्यतेयत्रविद्वद्भिःसआयुर्वेदउच्यते॥" अर्थात् जिस शास्त्र में आयु के लिए हितकर और अहित कर पदार्थों का उल्लेख हो और रोगों का प्रधान कारण और उसके शमन का निदान वर्णित हो उस शास्त्र को आयुर्वेद कहते है। अब प्रश्न उठता है कि आयु क्या है? इस शास्त्र के अनुसार शरीर और आत्मा के संयोग की अवधि का नाम आयु है।

आयुर्वेद की आचार्य परम्परा और उनके ग्रन्थ-

वैदिक परम्परा के आचार्य- वैदिक साहित्य में दो प्रकार से भिषक का उल्लेख प्राप्त होता है-(१) दैवभिषक् और (२) मानुष भिषक्। दैवभिषक् अग्नि, रुद्र, वरुण, इन्द्र, अश्विनौकुमार, मरुत एवं सरस्वती को माना गया है। इस परम्परा में सरस्वती स्त्री वाची है। परमात्मा को देवों में सबसे बडा़ वैद्य बताया गया है। सर्वानुक्रमणिका नामक ग्रन्थ में वेद मन्त्रों में आए आयुर्वेदिक मन्त्रों के दृष्टा ऋषियों का नाम भी प्राप्त होता है, जिनमें- अथर्वा, अत्रि, अथर्वाङिरा, अंगिरा, वृहस्पति, विश्वामित्र, मनु, गौतम, शौनक, सविता आदि ७६ की गणना ग्रन्थ में दी गई है।

ब्रह्मा- ब्रह्मा को आयुर्वेद का आदि प्रवर्तक और प्रथम उपदेष्टा कहा गया है। एक लाख श्लोकों से युक्त एक हजार अध्यायों वाली उनकी रचना "ब्रह्मसंहिता" नाम से प्रसिद्ध है। यह ग्रन्थ सृष्टि काल से आयुर्वेद के होने की पुष्टिकरता है। जब कोई वस्तु अनादि काल से परम्परा में प्रवाहित होती है तब उसे शाश्वत कहते है। अतः आयुर्वेद को शाश्वत कहा जा सकता है। ब्रह्मा को सृष्टि में ज्ञान का प्रसार कभी कहा गया है। जलप्लावन जैसी स्थितियों के पश्चात्पृथ्वी पर पुनःऔषधियों और अन्नकी उत्पत्ति हुई। इन्हीं औषधियों के रस से परमशक्ति संपन्न परमात्मा द्वारा ब्रह्मा जी का सातवाँ जन्म हुआ और उन्हीं के साथ अन्य परम सप्तऋषि भी प्रकट हुए हरि वंश-पुराण में इसका उल्लेख प्राप्त होता है- **'यदिदंसप्तमंजन्मपद्मजंब्रह्मणोनृपः'** शब्द कोशों और पुराणों के अनुसार स्वयंभू, विरंचि, पितामह, हिरण्य गर्भादि ये पर्यायवाची नाम ब्रह्मा के लिए आए है। इनके द्वारा रचित मूल संहिता प्राप्त नहीं होती है।

दक्षप्रजापति- चरक के अनुसार ब्रह्मा से आयुर्वेद का ज्ञान दक्ष प्रजापति को प्राप्त हुआ। सुश्रुतसंहिता, काश्यपसंहिता, अष्टांगसंग्रह, अष्टांगहृदय, भावप्रकाश आदि सभी ग्रन्थोंने भी स्वीकारा है कि ब्रह्मा द्वारा दक्ष प्रजापति को आयुर्वेद का ज्ञान दिया था।

अश्विनीकुमार- विवस्तान्के चार पुत्रों में से अश्विनीकुमारद्वय भी थे। युगल रूप में ये दोनों कायचिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा दोनों के प्रतीक थे। ये देव-मनुष्य और पशु चिकित्सा में अत्यन्त निपुण थे। विशेष रूप से इन कुमारों की ख्याति देवताओं के वैद्य के रूप में हैं। इनके द्वारा रचित ग्रन्थ का नाम "आश्विन्संहिता" उल्लेख कई प्राचीन ग्रन्थों में आता है। हठ योग के अनुसार वाम और दक्षिणनासापुटों को ही अश्विनी कुमार कहा है। इन्हीं को इड़ापिंगला भी कहा गया है।

इन्द्र- सुश्रुत संहिता के अनुसार धन्वन्तरि ने इन्द्र से आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त किया था। त्रेता युग से पूर्व संसार की अवस्था रोग रहित थी। त्रेतायुग के प्रारम्भ में धर्म का एक चरण नष्ट हो चुका था। दक्ष प्रजापति का यज्ञ नष्ट होने से ज्वरों की उत्पत्ति हुई थी। इस स्थिति में भृगु, अंगिरा, अत्रि आदि ऋषि

इन्द्र के साथ मिलकर हिमालय पर एकत्रित हुए। इन्द्र ने हिमालय वासियों की शारारिक अवस्था को देखकर कहा- हे ऋषियों! आयुर्वेद के ज्ञान का समय आ गया है, आप सब इस ज्ञान को मुझ से ग्रहण करें और चिकित्साकार्य में प्रवृत हों।

इन्द्र से आयुर्वेद ज्ञान प्राप्त ऋषि-

महर्षि भृगु- भृगु ब्रह्माजी के मानस सन्तान थी। इतिहासकारों के अनुसार भृगु अथर्ववेदीय सूक्तों के भी दृष्टा थे। महर्षि भृगु को धर्म शास्त्र का उपदेष्टा भी माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में भी भृगुसंहिता नामक एक वृहद ग्रन्थ उपलब्ध है।

महर्षि अंगिरा- बृहत सर्वानुक्रमणी के अनुसार अथर्ववेदीय के कुछ सूक्तों के दृष्टा भृगु एवं अंगिरा संयुक्तरूप में माने गये हैं। अंगिराऋषि को भी ब्रह्म का मानस पुत्र कहा जाता है। परन्तु आयुर्वेद सम्बन्धी इनका कोई भी ग्रन्थ उपलब्ध नहीं होता है।

महर्षि अत्रि- धर्म, वास्तु विद्या तथा ज्योतिष के ज्ञाता महर्षि अत्रि आयुर्वेद के भी मर्मज्ञ थे। बङौदा पुस्तकालय में "आत्रेयसंहिता" से इनका एक पत्र सुरक्षित है। मत्स्यपुराण औ ररामायण में इनका होना स्वीकार किया गया है। रामायण के अनुसार इनकी पत्नीका नाम अनुसया था जो आयुर्वेदज्ञ की भार्या होने से अनेक आयुर्वेदीय क्रियाएँ जानती थी।

महर्षि वसिष्ठ- सप्तऋषियों में स्थान प्राप्त महर्षि वसिष्ठ ब्रह्मा के मानस पुत्र माने जाते हैं। रामायण के अनुसार ये दशरथ के पुरोहित भी थे। चरक संहिता में भी इनका नामोल्लेख मिलता है। अष्टांगहृदय में कास प्रकरण में महर्षि वशिष्ठ के उत्तमचिकित्सक होने का प्रमाण मिलता है। "वसिष्ठसंहिता" इनके ग्रन्थ का नाम है जिसकी उपलब्धतता के विषय में अभी प्रमाण प्राप्त नहीं होते हैं।

महर्षि कश्यप- महाभारत के अनुसार ऋषि कश्यप को मरीची का मानस पुत्र माना जाता है। अनेक शास्त्रों के ज्ञाता महर्षि कश्यप ने आयुर्वेद का ज्ञान अपने पुत्र इन्द्र से प्राप्त किया था।

महर्षि अगस्त्य- महर्षि अगस्त्य त्रेता युग के प्रारम्भ में माने जाते हैं, इन्हें व्याकरण, धर्मशास्त्र, कल्पसूत्र, तर्कशास्त्र, नाट्य, ज्योतिष और धनुर्वेद का ज्ञाता भी माना जाता है। आदिकाव्य रामायण के अनुसार इनके पास दीर्घायुप्रदरसायन माना जाता है। इनकी पत्नी लोपामुद्रा और इनके भाई दोनों ने इनसे दीर्घायुप्राप्त की थी। भास्कर से ही इन्होंने आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त किया था।

पुलस्त्य- सप्तऋषियों में इनकी गणना प्रसिद्ध है। इनके पुत्रविश्रवा और पौत्र का नाम रावण था। रावण को आयुर्वेद का ज्ञान इसी कारण से पैतृक प्रवृत्ति से होने का अनुमान लगाया जा सकता है। ऋषिपुलस्त्य का कोई भी आयुर्वेद विषयक ग्रन्थ प्राप्त नहीं होता है।

वामदेव-ऋषि वामदेव को ऋग्वेद के दृष्टा के रूप में भी ख्याति प्राप्त है। इनका जन्म अंगिरा कुल में माना जाता है। रामायण में राजा दशरथ के वशिष्ठ एवं वामदेव मन्त्री पद पर अलंकृत थे, इन्हें ज्योतिष और आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त था।

असित- काश्यप संहिता के अनुसार ऋषि कश्यप ने परम तप किया था जिसके परिणाम स्वरूप असित की उत्पत्ति हुई थी। असित की भार्या एक पर्णा थी जिनसे देवल नामक पुत्र की उत्पत्ति हुई। देवल और असित दोनों कश्यप गोत्र में उत्पन्न आयुर्वेद के ज्ञाता थे।

गौतम- यह नाम संस्कृत साहित्य में अनेक स्थानों पर आता है। इन्हें अंगिरा कुल में उत्पन्न भी माना जाता है। इन्हें धर्म, शिक्षा, व्याकरण के साथ पशुशास्त्र का भी ज्ञान था। आयुर्वेद पर इनका कोई भी ग्रन्थ प्राप्त नहीं है।

लौकिक परम्परा के प्रसिद्ध आयुर्वेदीय आचार्य-

वैदिक परम्परा के पश्चात्लोक कल्याण की भावना से आयुर्वेद का ज्ञान भूलोक पर बहुत विस्तृत हुआ। लौकिक परम्परा में आयुर्वेद के अनेक संहिताकार और टीकाकार हुए।

भरद्वाज-पृथ्वी पर आयुर्वेद के ज्ञान की धारा प्रवाहित करने वाले ऋषि भरद्वाज इस विषय के सर्व प्रथम आचार्य थे। चरक संहिता में इनका विशेष उल्लेख मिलता है। चरक संहिता में इन्हें प्रथम चिकित्साशास्त्री भी कहा गया है। भरद्वाज को ऋषि अंगिरस का वंशज भी माना जाता है। 'भैषजकल्प' नामक ग्रन्थ इनकी कृति मानी जाती है।

आत्रेय- चरकसंहिता में अनेक स्थानों पर आचार्य आत्रेयका नाम आया है। ऋषि अत्रि ने इन्द्रसे विद्याग्रहणकी थी एवं अपने पुत्र आत्रेय को आयुर्वेदके ज्ञान के लिए आचार्य भरद्वाज के पास भेजा था। पुनर्वसु आत्रेय ने अपने छः शिष्यों को आयुर्वेद का ज्ञान प्रदान किया- अग्निवेश, भेल, जतूकर्ण, पराशर, हारीत और क्षारपाणि। इन आचार्यों की क्रमशः रचनाएं अग्निवेशतन्त्र, भेलसंहिता, जतूकर्णसंहिता, पराशरतन्त्र, हारीतसंहिता और क्षारपाणितन्त्र।

धन्वन्तरि- इन्हें भगवान विष्णु का अवतार भी माना जाता है। भगवान विष्णु की तरह इन्हें पालक कहा गया है जो लोगोंके स्वास्थ्य के पालक हैं। वैदिककाल में जो महत्त्व अश्विन कुमारों का था वहीं महत्त्व लोक में समय के साथ धन्वन्तरि को मिला। धन्वन्तरि के हाथों में अमृत कलश दिखाया जाता है उसी प्रकार अश्विन कुमारों के हाथ में जीवन प्रदायक मधुकलश होता था। धन्वन्तरि शल्यचिकित्सा में प्रधान थे। दिवोदासधन्वन्तरि ने चिकित्सादर्शन और चिकित्साकौमुदी इन दो प्रधान ग्रन्थों के साथ-साथ योगचिन्तामणि, सन्निपातकलिका, धातुकल्प, अजीर्णामृतमञ्जरी, धन्वन्तरि निघण्टु, रोगनिदान, वैद्यचिन्तामणि, वैद्यभास्करोदय, चिकित्सासारसंग्रह इत्यादि ग्रन्थ भी है।

सुश्रुत- 'सौश्रुततन्त्र' के प्रणेता आचार्य सुश्रुत विश्वामित्र के पुत्र थे। उपनिषत्काल इनका समय माना जाता है। इनके द्वारा रचित ग्रन्थ 'सुश्रुतसंहिता' शल्यशास्त्र का प्रमुखग्रन्थ है। काशिराज दिवोदासधन्वंतरि ने सुश्रुत्, औषधेनव, वैतरण, औरभ्र, पौष्कलावत, करवीर्यगोपुररक्षित आदि शिष्योंको पढाया। अध्ययन के पश्चात् आचार्य सुश्रुतने 'सुश्रुतसंहिता' की रचना की।

चरक- महर्षिचरक (ई०पू०द्वितीयशताब्दी) में अग्निवेश तन्त्र को पुनः प्रति संस्कृत करने बाले ऋषि हैं। वर्तमान में उपलब्ध चरकसंहिता वास्तव में अग्निवेश तन्त्र है। इस संहिता में वर्णित विषयोंको आचार्य आत्रेय ने अग्निवेश, जतूकर्ण, पराशर, हारीत और क्षारपाणि अपने इन शिष्यों को पढाया। इसके पश्चात सभी शिष्यों ने अपने अपने नाम से ग्रन्थों की रचना की। शिष्य अग्निवेश द्वारा रचित 'अग्निवेशतन्त्र' को ही द्वितीय शताब्दी में पुनः सम्पादित किया। इस ग्रन्थ में कुल आठ स्थान है- सूत्र, निदान, विमान, शरीर, इन्द्रिय, चिकित्सा, कल्प, और सिद्धि है। इस ग्रन्थ में कुल १२० अध्याय है। इस ग्रन्थ में आयुर्वेद के आठ अंगों का वर्णन है। आयुर्वेद के उपलब्ध ग्रन्थों में यह सबसे

प्राचीनतम् है। कायचिकित्सा और पंचकर्मका वर्णन इस ग्रन्थ में व्यवस्थित वर्णन है। औषधि वर्णन भी इस ग्रन्थका प्रतिपाद्य विषय है।

वाग्भट- भारतीय वाङ्मय में अनेक वाग्भट पृथक-पृथक विषयों के विशेषज्ञ के रूप में उल्लिखित हैं। आयुर्वेद के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'अष्टांगहृदय' के रचियता का समय १३वीं शताब्दी निर्धारित है। इस ग्रन्थ में रसायनतन्त्र का विशेष ग्रन्थ है। यह पद्यात्मक ग्रन्थ है। दक्षिण भारत के वैद्यों में ग्रन्थ बहुत प्रचलित है। इस ग्रन्थ पर अनेक संस्कृत टिकाएं उपलब्ध हैं।

1.4 गणित के प्रमुख आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ

भारतीय ज्ञान परंपरा में प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों का अत्यंत महत्व है। संस्कृत ग्रन्थों में विद्यमान ज्ञान विज्ञान के विविध तत्व संपूर्ण वाङ्मय में भिन्न-भिन्न रूपों में दृष्टिगोचर होते हैं। भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा में प्रारंभिक वैदिक काल से ही ज्ञान के सभी अंगों रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, कृषि विज्ञान, आयुर्विज्ञान, गणित विज्ञान आदि सभी विषयों की समय-समय पर अनेक आचार्य ने विवेचना तथा नवीन चिंतन प्रस्तुत किए हैं। इन आचार्य ने पूर्व में निहित ज्ञान को समृद्ध करने के साथ ही नवीन तथ्यों ज्ञान के सरल सूक्ष्म रूप को सर्वसुलभ करने का कार्य भी किया।

भारतीय विद्या परंपरा में ज्ञान के अनेक रूपों में गणित को विशेष महत्व प्रदान किया गया है गणित विज्ञान को सभी शास्त्रों में शीर्षस्थ कहते हुए आचार्य लिखते हैं-

यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा।

तद् वेदांगशास्त्राणां गणितं मूर्ध्नि वर्तते॥

गणित को सर्वाधिक महत्व प्रदान कर जिन आचार्य ने गणित को समृद्ध किया एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को गौरव प्रदान करने का कार्य किया उनका सूक्ष्म विवेचन यहां प्रस्तुत है-

आर्यभट्ट- संस्कृत वाङ्मय में प्रचीन काल से ही यत्र तत्र गणित शास्त्र की विवेचना होती रही है। गणित शास्त्र का प्रारंभिक क्रमिक विकास 'आर्यभटीयम्' से ही प्रारंभ हुआ है। गणित शास्त्र को स्वर्णिम प्रगति प्रदान करने में इनका सर्वाधिक योगदान है। आर्यभट्ट का जन्म 476 ईस्वी में पटना के सन्निकट स्थान कुसुमपुर में माना जाता है। इनके द्वारा गणित शास्त्र पर लिखी गई उनकी पुस्तक '**आर्यभटीयम्**' गणित शास्त्र का एक प्राचीन प्रमाणिक ग्रंथ हैं। इस ग्रंथ को आचार्य ने वैज्ञानिक पद्धति के अनुरूप चार भागों में विभाजित किया है। इन्हीं में से पादद्वय गणित तथा खगोल विषय से संबंधित है।

गणित से संबंधित अनेक विषय पर इन्होंने लगभग 33 सूत्र दिए हैं जिसमें अंकगणित, बीजगणित, ज्यामिति, और त्रिकोणमिति जैसे विषयों पर सरल व्याख्या प्रस्तुत की है। इन्होंने संख्या लिखने की अनोखी रीति का निर्माण, पाई का सूक्ष्म मान, वर्गमूल, घनमूल, त्रैराशिक नियम, बीजगणितीय प्रक्रियाएं, रेखा गणित प्रक्रियाएं आदि विषयों की सूक्ष्म विवेचना की है। वर्गमूल पद्धति की व्याख्या करते हुए आचार्य लिखते हैं-

भागं हरेदवर्गान्नित्यं द्विगुणेन वर्गमूलेन।

वर्गादवर्गे शुद्धे लब्धं स्थानान्तरे मूलम्॥

इसका तात्पर्य है कि वर्ग के अंतिम स्थान पर बड़ी से बड़ी जिस वर्ग संख्या को घटा सकते हैं, उसे घटा देना चाहिए। हमेशा वर्गमूल को दोगुनी से अवस्थित संख्या को भाग दे देना चाहिए। भाग कर

देने से जो प्राप्त लब्धि के वर्ग को उसके आगे अवस्थित वर्ग स्थान से घटाओ जो संख्या पृथक पंक्ति में रखी हुई होती है वह संख्या वर्गमूल को सूचित करती हैं।

लल्ल- गणितशास्त्र परम्परा में आर्यभट्ट के पश्चात् आचार्य लल्ल का उल्लेख मिलता है। आचार्य लल्ल को आर्यभट्ट का शिष्य भी माना जाता है-

ब्रह्मगुप्त- गणित शास्त्र के मूर्धन्य विद्वान आचार्य ब्रह्मगुप्त भारतीय ज्ञान परंपरा में सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ विद्वानों में से एक समझ जाते हैं उनके द्वारा प्रतिपादित गणित विषयक सिद्धांतों का सर्वकालिक महत्व है।ब्रह्मपुत्र का जन्म 598 ईस्वी में हुआ उनकी कर्मभूमि प्रसिद्ध उज्जैन नगरी थी। मात्र तीस वर्षों की अवस्था में ही उन्होंने गणित तथा ज्योतिष शास्त्र पर सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ '**ब्राह्मस्फूटसिद्धान्त**' की रचना की। यह शास्त्र दो भागों में विभक्त है जिसमें दो अध्याय गणित शास्त्र से संबंधित है एवं अतिरिक्त सभी ज्योतिष शास्त्र से संबंधित है गणित शास्त्र परंपरा में इस ग्रंथ का अत्यन्त महत्व है। गणित विषयक अध्यायों में अंकगणित, बीजगणित तथा ज्यामिति के सूत्र प्राप्त होते हैं। इसका अंग्रेजी अनुवाद T. Olebrooke द्वारा किया गया जो सन् 1917 में लंदन से प्रकाशित हुआ था। आचार्य ब्रह्मगुप्त के अनुसार एक अच्छा गणक वही है जो गणित की 20 क्रियो तथा आठ व्यवहारों का ज्ञान रखता हो-

परिकर्मविंशतिमिमां संकलिताद्यां पृथग्विजानाति।
अष्टौ व व्यवहारान् छायान्तान् भवति गणकः सः ॥

आचार्य ब्रह्मागुप्त द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों में परिकर्म के २० भेद, व्यवहार ८ भेद, कुट्टक समीकरण, समखात, सूची के घनफल निकालने के नियम, गुणोत्तर श्रेणी के योग नियम, एवं चतुर्भुज के परिगत वृत्त की त्रिज्या निकालने का भी नियम बताया। इनके द्वारा पाइथागोरस प्रमेय की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की गई है-

कर्णकृतेः कोटिकृतिं विशोध्य मूलं भुजो भुजस्य कृतिम्।
प्रोह्य पदं कोटि कोटिबाहुकृतियुतिपदं कर्णः ॥

अर्थात् – कर्ण^२ - कोटि^{२} = भुज^२

कर्ण^२ – भुज^२ = कोटि^{२}

कोटि^{२} + भुज^२ = कर्ण^२

आचार्य ब्रह्मगुप्त द्वारा प्रतिपादित गणितीय सिद्धान्त आज भी प्रासाङ्गिक है। गणितशास्त्र में आचार्य का अध्ययन अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। इस बात पर किञ्चित भी सन्देह नही कि आचार्य ब्रह्मगुप्त भारतीय गणित परम्परा के एक महान गणितज्ञ है।

श्रीधर- श्रीधराचार्य भारतीय गणित शास्त्र परम्परा के एक महान गणितज्ञ है। इनके द्वारा प्रतिपादित गणितशास्त्र के नियमों का अत्यन्त महत्त्व है। श्रीधराचार्य का जन्म समय 750 ई. के लगभग माना जाता है। सुधारकर द्विवेदी जी के अनुसार 'न्यायकन्दली' नामक ग्रन्थ में इनके पिता बलदेव एवं माता अब्वोका थीं। दक्षिणराढ़ो देश में भूरिसृष्टि नाम का गांव इनका जम्न स्थान था। इनके द्वारा गणितशास्त्र पर लिखी गई पुस्तक का नाम 'त्रिशतिका' 'पाटीगणित', बीजगणित (लुप्त) है। गणितशास्त्र विषय ग्रन्थ 'त्रिशतिका' ग्रन्थ में 300 श्लोकों में श्रेढ़ी व्यवहार, श्रेत्र व्यवहार, चिति व्यवहार, राशिव्यवहार, एवं छाया व्यवहार के नियमों की विवेचना है। बीजगणितीय विषय का

ज्यामितीय उपचार करने वाले ये अकेले व्यक्ति थे। इनके द्वारा गणितशास्त्र पर लिखे गए इनके मौलिक सिद्धान्त ही इनको गणितपरम्परा में विशेष स्थान प्राप्त कराते हैं।

आचार्य महावीर- जैन धर्मावलम्बी महावीराचार्य राजा राष्ट्रकूटवंशीय जैनधर्मी राजा प्रथम अमोघवर्ष राज्य के आश्रित थे। उनका समय शके 775 के आसपास माना जाता है। महावीर आचार्य की गणित शास्त्र से सम्बन्धित 'गणितसारसंग्रह' नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में उन्होनें लघुत्तम समापवर्त्य, चतुर्भुज के क्षेत्रफल,भिन्नों, श्रेढियों, आयतवृत्त तथा अंकगणितीय एवं श्रेत्रगणितय विषयक नियमों का प्रतिपादन किया है।

भास्कराचार्य- भास्कराचार्य का जन्म महाराष्ट्र प्रान्त में सह्यादि के समीप विज्जडविड नामक ग्राम में १०३६ शकाब्द (1114 ई.) में हुआ था। आचार्य भास्कर शाण्डिल्य गोत्र के बाह्मण कुल में उत्पन्न हुये थे। इनके पिता का नाम महेश्वर वे ही इनके गुरू थे। इनकी गणित शास्त्रीय सर्वप्रसिद्ध ग्रन्थ 'लीलावती' है। जिसमें उन्होनें अंकगणित, बीजगणित, और ज्यामिति से सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है। भास्कराचार्य के इस ग्रन्थ को प्रमुख तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम खण्ड में परिभाषा, अङ्कों के स्थान, अभिन्न-भिन्न परिकर्माष्टक, गुणक कर्मादि श्रेणी व्यवहारापर्यन्त अनेक व्यवहारगणितीय सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है। द्वितीय खण्ड में श्रेत्रव्यवहार, त्रिभुज, चतुर्भुज, अनेक भुजवृत्त आदि के फल की विधि दर्शायी गई है। तृतीय खण्ड में खातव्यवहार से अंकपाशपर्यन्त सात व्यवहारों का सन्निवेश है। भास्कराचार्य ने 'लीलावती' ग्रन्थ में वैज्ञानिक एवं आसान भाषा में गणितीय सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है।

नारायण पंडित- नारायण पंडित का काल १३५६ ई. माना जाता है। इनका अपर नाम नारायण दैवज्ञ है। नारायण दैवज्ञ के पिता का नाम नृसिंह दैवज्ञ है। गणित शास्त्र सम्बन्धित आचार्य के प्रमुख दो ग्रन्थ है– गणित कौमुदी एवं बीजगणितावतंस । गणित कौमुदी १४ अध्यायों मे विभक्त है। इसमें अंकगणित के आठ परिकर्म, श्रेढ़ी का प्रयोग, त्रिभुजात्मक अंको के योग पद्धित का निर्माण आदि विषयों का विवेचन किया गया है। बीजगणितावतंस में बीजगणितीय सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है तथा मान और अवर्गात्मक संख्याओं के वर्गमूल निकालने की विधि का विवेचन किया है।

माधव- आचार्य माधव का जन्म सन् १४०० ई. में माना जाता है। इन्होनें **वेण्वारोह** नामक ग्रन्थ की रचना की है। १९५६ ई में के.वी. शर्मा के द्वारा मलयाली टीका के साथ इसका संपादन किया है। इस ग्रन्थ में आचार्य नें चन्द्रमा की स्पष्ट गतियों का विचार किया है तथा त्रिकोणमिति सूक्ष्मताएँ एवं पाई के मान आदि विषयों का विवेचना किया है।

परमेश्वर- आचार्य परमेश्व का जम्न सन् १४३० ई. में अलट्टर नामक ग्राम में माना जाता है । आचार्य परमेश्व को दृग्गणित का जनक कहा जाता है। गणित शास्त्र से सम्बन्धित इनकी रचना दृग्गणित तथा गोलदीपिका नामक ग्रन्थ है। दृग्गणित का सम्पादन सन् १९६३ में के. वी. शर्मा द्वारा किया गया है। इन्होनें मूल ग्रन्थ के साथ-साथ गणित शास्त्रीय अन्य कई ग्रन्थों पर टीकाएँ भी लिखी है।

नीलकंठ सोमयाजी- आचार्य नीलकंठ दक्षिण मालाबार के त्रिक्कन्ट्यूर स्थान के केल्लालूर परिवार में सन् १४४३-१५४३ ई.जन्म हुआ है। इनका अपर नाम नीलकंठ सोमसुत्वन है। इनके पिता का नाम जातदेव तथा गुरु दामोदर थे। आचार्य नें आर्यभटीयभाष्य तथा तंत्रसंग्रह नामक ग्रन्थ लिखे

है। तंत्रसंग्रह नामक ग्रन्थ में आचार्य नें बीजगणितीय सम्बन्धित विषयों के विषय में लिखा है तथा ज्यामिति आदि विषयों पर भी प्रकाश डाला है।

ज्ञानराज- आचार्य ज्ञानराज का जन्म सन् १५०३ ई. में हुआ है। इनके पिता का नाम नागनाथ था। इन्होनें गणितशास्त्रीय सम्बन्धित सिद्धान्तसुन्दर एवं सिद्धान्तसुन्दरबीज नामक दो ग्रन्थ लिखे है। आचार्य ज्ञानराज ने अपने गन्थों में ज्या सारणी एवं त्रिकोणमिति आदि विषयों का विवेचन किया है।

चित्रभानु- आचार्य चित्रभानु का जन्म १४७५-१५५० ई. मध्य माना जाता है। चित्रभानु नीलकंठ सोमयाजी के शिष्य है। इनके द्वारा करणामृत नामक ग्रन्थ की रचना की गयी है। जो गणितशास्त्रीय अनेक सिद्धान्तों का प्रतिपादन करती है।

कमलाकर- इनका जम्न सन् १६१६ –१७०० ई. में महाराष्ट्रीय ब्राह्मण परिवार में माना जाता है। इनके पिता का नाम नृसिंह दैवज्ञ एवं गुरु दिवाकर दैवज्ञ थे । इन्होनें सिद्धान्ततत्त्वविवेक नामक ग्रन्थ की रचना की है। इनके ग्रन्थ में गणतिशास्त्रीय सम्बन्धित त्रिकोणमिति की सोपपत्तिक व्याख्या मिलती है। इसके अतरिक्त ज्योत्पत्ति आदि विषयों का विवेचन मिलता है। आचार्य कमकाकर की अन्य रचनायें ग्रहगोलतत्त्व, ग्रहसारणी तथा कौराश्युदाहरण है। मूल ग्रन्थ के अतरिक्त इन्होनें भास्कराचार्य की लीलावती पर मनोरमा टीका लिखी है।

पंडितराज जगन्नाथ- संस्कृत भाषा के महान् विद्वान पण्डितराज जगन्नाथ का जन्म सन् १६५७-१७५० ई. में माना जाता है। इनका गणतिशास्त्र से सम्बन्धित ग्रन्थ रेखागणित एवं सिद्धान्तसम्राट् है। रेखागणितज्यामिति पर आधारित है। इसमें रेखाओं,कोणों, त्रिभुजों, चतुर्भुजों और वृत्तों के गुणों का वर्णन किया गया है। पंडितराज ने इस ग्रंथ में यूक्लिड के ज्यामिति के सिद्धांतों को सरल और स्पष्ट भाषा में प्रस्तुत किया है। उन्होंने कुछ नए प्रमेय भी दिए हैं और ज्यामिति के कई महत्वपूर्ण समस्याओं को हल किया है।

बापूदेवशास्त्री- इनका जन्म सन् १८२१ ई. में महाराष्ट के अहमद नगर जिले केटोंके गाँव में हुआ था। इनके गुरु ढुण्ढिराजमिश्र थे। गणितज्ञ आचार्य बापूदेव शास्त्री ने कई महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ लिखे हैं। रेखागणित प्रथमाध्याय, त्रिकोणमिति, प्राचीन ज्योतिषाचार्या शयवर्णन, अष्टादश विचित्र प्रशनसंग्रह, सायनवाद, मानमंदिरस्थयंत्रवर्णन, अंकगणित, तत्त्वविवेक परीक्षा।

नीलांबरशर्मा- आचार्य नीलांबरशर्मा का जन्म सन् १८२३ ई. में मैथिल ब्राह्मण परिवार में हुआ है। इन्होनें गोल प्रकाश नामक ग्रन्थ लिखा है। ज्योत्पत्ति, त्रिकोणमिति सिद्धान्त, चापीयरेखागणित सिद्धान्त, चापीयत्रिकोणमिति सिद्धान्त एवं प्रश्न इन पाँच अध्यायों में विभक्त है।

उपर्युक्त आचार्यों के अतरिक्त भी गणित शास्त्रीय अनेक आचार्य यथा केतकर, सुधाकर द्विवेदी आदि आचार्यों का महत्त्वपूर्ण का योगदान रहा है।

1.5 खगोल विज्ञान के प्रमुख आचार्य परम्परा एवं ग्रन्थ

लगधाचार्य- भारतीय ज्ञान परंपरा को पुष्ट करने वाले में खगोलीय तथ्यों की व्याख्या करने वाला आचार्य लगध का "वेदांगज्योतिष" है। विद्वानों द्वारा इनका समय 1350 ई. पू. माना गया है। इस ग्रन्थ में आचार्य लगध द्वारा सभी ऋग्वेद आदि ग्रंथों के ज्योतिष ग्रंथों का प्रतिपादन किया गया है साथ ही इनमें दो अयन, षड् ऋतुओं के समय निर्धारण, बारह मास- तपः, तपस्या, मधु, माधव, शुक्रं, शुचि आदि का वर्णन किया गया है।

आर्यभट्ट- भारतीय खगोल शास्त्र का क्रमबद्ध प्रणयन आचार्य आर्य भट्ट के समय से माना जाता है। इनके ग्रन्थ "आर्यभटीय" के अनुसार इनका जन्म 476 ई. में कुसुमपुर (बिहार) नामक स्थान में हुआ था। इनके द्वारा विरचित आर्यभट्टियम् नामक ग्रन्थ 121 श्लोकों एवं चार पादों (दशगीतिका, गणित, कालक्रिया एवं गोलपाद) में उपनिबद्ध है। आर्यभट्ट भारत के प्रथम खगोलशास्त्री थे, जिन्होंने पृथ्वी के भ्रमण सिद्धांत का निरूपण किया। आर्यभट्ट की खगोल विज्ञान सम्बन्धी तथ्यात्मक नियम औदायक प्रणाली कहलाती है, जिसके अनुसार दिन का प्रारम्भ सूर्य के भूमध्य रेखा पर उदय से होता है। इनके द्वारा प्रतिपादित सौर माडल के अनुसार सूर्य ब्रह्माण्ड के केंद्र में है एवं सभी ग्रह उसका चक्कर लगाते हैं। आर्यभट्टियम् के गोलपाद में एक उधाहरण के माध्यम से उन्होंने सूर्यादि ग्रहों की गतिशीलता एवं पृथ्वी की स्थिर आभास होने वाली प्रक्रिया को स्पष्ट किया है-जिस प्रकार नाव में बैठा हुआ व्यक्ति नाव को स्थिर तथा अन्य पदार्थों को गतिशील अनुभव करता है। उसी प्रकार वह पृथ्वी को स्थिर एवं सूर्यादि ग्रहों को गतिशील मानता है।

वराहमिहिर- ज्योतिष शास्त्र के प्रकांड विद्वान का जन्म 505 ई. कम्पिल्ल नगर में हुआ था। इन्होंने अपने पिता से ज्योतिष की शिक्षा लेने के बाद यह उज्जैन में रहने लगे। इनकी रचनाओं में पंचसिद्धान्तिका, बृहत्संहिता, बृहत्जातक, लघुजातक, विवाहपटल, समाससंहिता तथा योगयात्रा प्रमुख हैं। इनकी "पंचसिद्धान्तिका"खगोल विज्ञान की दृष्टी से अति महत्वपूर्ण कृति है। इसमें पांच सिद्धांतों का उल्लेख होता है-सूर्यसिद्धान्त, पितामहसिद्धांत, रोमकसिद्धांत, पौलिशसिद्धांत एवं वशिष्ठसिद्धांत। वराहमिहिर ने आर्यभट्ट की ज्या सारणी में संशोधन कर शून्य एवं ऋणात्मक संख्याओं के बीजगणित संबंधी गुणों का प्रतिपादन किया। इनके अनुसार धरती गोल है एवं उसकी कोई शक्ति है जो वस्तुओं को आकाश से अपनी और खींचती है।

लल्ल- त्रिविक्रम भट्ट के आत्मज लल्ल खगोल विज्ञान के प्रख्यात विद्वान थे। आचार्य लल्ल द्वारा प्रतिपादित "शिष्यधीवृद्धितंत्र" नामक ग्रन्थ है। इनके जन्म एवं समय के संबध में इन्होंने अपनी रचना में कोई संकेत नहीं दिए हैं, किन्तु विद्वानों द्वारा अन्तः एवं बाह्य साक्ष्यों के आधार पर इनका समय 770 शक संवत माना गया है। इन्होंने आर्यभट्ट के खगोल सम्बन्धी मतों को आधार मानकर अपने सिद्धांत का निर्माण किया। साथ ही अपने ग्रन्थ में आर्यभट्ट के विभिन्न विषयों की आलोचना की, जिसमें धरती गोल है या समतल है, राहू एवं केतु ग्रहण के मुख्य कारण हैं आदि। लल्ल तर्क देते हैं की यदि धरती समतल है तो ताड़ के वृक्ष दूर से क्यों नजर नहीं आते? इन्होंने अपने ग्रन्थ में 12 यंत्रों का उल्लेख किया है- गोल, भ्रमण, चक्र, धनुष, घड़ी, शंकु, शकट, कर्तय, पीस्टक, पाल, शलाका तथा यंत्र।

ब्रह्मगुप्त- सिद्धांत ज्योतिष के प्रकांड विद्वान आचार्य ब्रह्मगुप्त का समय 528 ई.पू. का माना जाता है। इनके पिता का नाम जिष्णु था एवं इनका निवास स्थान राजस्थान के भीनमाल क्षेत्र माना जाता है। इन्होंने ब्राह्मस्फुटसिद्धांत एवं खंड्खाद्यकरण नामक खगोलीय ग्रंथों की रचना की। गणीतीय संशोधन के कारण इन्हें विद्वानों द्वारा सुधाराचार्य की संज्ञा दी गई है। ब्रह्मगुप्त ने पृथ्वी की परिधि का ज्ञान करवाया साथ ही गणित में अनिर्धाय समीकरण को हल करने की विधि का आविष्कार जिसे चक्रवाल विधि कहा जाता है।

श्रीपति- ज्योतिषशास्त्र की विभिन्न शाखाओं के अद्वितीय विद्वान थे। विद्वानों द्वारा इनका समय 1039 ई.पू. माना गया है। इन्होंने खगोलीय गणित में कार्य किया एवं विशिष्ठ प्रसिद्धि प्राप्त की। इनके दो प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं-धीकोटिदकरण एवं सिद्धान्तशेखर। इनका कार्य क्षेत्र खगोलीय गणित में था। प्रबोधसेन गुप्ताचार्य के मत में श्रीपति से पहले खगोलशास्त्रीय परंपरा में ऐसा कोई आचार्य नहीं हुआ जिसने भारतीय ज्योतिष काल समीकरण में उस भाग का अन्वेषण किया जो रवि मार्ग की गति की त्रियकता से प्रभावित होता है।

भास्कराचार्य- ज्योतिषशास्त्र की अद्भुत प्रतिभा के धनी भास्कराचार्य का जन्म शक् संवत 1036 (1114ई.) शांडिल्य गोत्र में हुआ। इनके पिता का नाम माहेश्वर था। इनकी प्रसिद्ध रचनाओं में- सिद्धांतशिरोमणि, बीजगणित, लीलावती तथा करकुतूहल प्रमुख हैं। सिद्धांतशिरोमणिके दो भाग हैं- गोलाध्याय एवं गणिताध्याय। गोलाध्याय में आकाश में सूदूर दृष्टीगत तारामंडल, ग्रह एवं उनके उपग्रह, अर्क मार्ग के बराबर भाग, 12 राशियों, भुवनकोश आदि का वर्णन 15 अध्यायों में किया गया है। भास्कराचार्य ने गणित ज्योतिष का विस्तार किया एवं खगोलगणित सम्बन्धी उप्पत्तियों का निराकरण किया। इनके मत में पृथ्वी की माप भूमध्य रेखा से उज्जयनी की दूरी माप कर उसे 16 से गुना कर प्राप्त होने वाला फल पृथ्वी की परिधि कहा जाता है।

कमलाकर- खगोल विज्ञान के प्रख्यात आचार्य कमलाकर का जन्म शक संवत 1530 (1630ई.) के लगभग हुआ था। इनकी प्रसिद्ध रचना "सिद्धांततत्त्वविवेक" है। इनके इस ग्रन्थ में खगोल सम्बन्धी नवीन तथ्यों का समावेश है, जिसमें तुरीय यंत्र वेध रीति का विस्तार, मेघ, उल्कापात, भूकंप आदि का वर्णन उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त इन्होंने ध्रुव तारे की गति के विषय में अनुसनधान किया, जिसका उल्लेख खगोलीय परंपरा में इनसे पहले किसी ने नहीं किया।

रघुनाथ- भारतीय एवं यूरोपीय खगोलशास्त्र के विद्वान आचार्य रघुनाथ का जन्म भारत के तमिलनाडु प्रांत में हुआ था। खगोल विषयक इनका ग्रन्थ "ज्योतिष चिंतामणि" है, जो मूलतः तमिल भाषा में है। इन्होंने बुद्ध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल आदि ग्रहों के नामसूची एवं तारों की सूची का प्रतिपादन करते हुए दो रूपविकारी तारों का अन्वेषण किया।

नित्यानंद- आचार्य नित्यानंद कुरुक्षेत्र के समीप इंद्रापुरी के निवासी थे। इन्होंने अपने खगोलीय ग्रन्थ सिद्धांतराज की रचना 1639 ई. में की। इनके इस ग्रन्थ में 84 तारों के योगांशों का वर्णन किया गया है।

गणेशदैवैज्ञ- भारत में ग्रहगणित नाम से प्रसिद्ध खगोलीय ग्रन्थ के प्रणेता गणेशदैवैज्ञ के पिता केशव एवं माता का नाम लक्ष्मी था। विद्वानों द्वारा कौशिक गौत्र में उत्पन्न इनका निवास स्थान नंदीग्राम माना जाता है।इनकी रचनाओं में गृह्लाघव, लघुतिथिचिंतामणि, बृहत्तिथिचिंतामणि, सिद्धांतसिरोमणि टीका आदि प्रमुख है। खगोलविज्ञान के क्षेत्र में इनका प्रमुख ग्रन्थ गृह्लाघव है।

सुधाकर द्विवेदी- महामहोपाध्याय की उपाधि से सुशोभित गणित एवं ज्योतिष के विद्वान प्रसिद्ध खगोलशास्त्री सुधाकर द्विवेदी का जन्म काशी के खजूरी गाँव में सन 1860 ई. में हुआ था। इनकी दस मूल रचनाएँ हैं-दीर्घवृत्तलक्षण, विचित्रप्रश्नसमंग, वास्तवचन्द्र, द्युचचार, पिंडप्रभाकर, भ्रामररेखानिरूपण, धराभ्रम, ग्रहणकरण, गोलीयरेखागणित एवं गणतरंगिणी। वास्तवचन्द्र में इन्होंने

लल्ल, भास्कर, ज्ञानराज, गणेशकमलाकर, बापूदेवदेव आदि की खगोल सम्बन्धी रीतियों में छिद्रान्वेष करने का प्रयत्न किया है।

बालगंगाधर तिलक- गणित, ज्योतिष, विज्ञान, दर्शन एवं वेदों के प्रकांड विद्वान बालगंगाधर तिलक का जन्म 1856 ई. में हुआ। खगोलविद्या के क्षेत्र में इनकी प्रसिद्ध आंग्ल पुस्तक ओरायन(Oriyan)है। इसमें वेद, ब्राह्मण, संहिता एवं ज्योतिष ग्रंथों के आधार पर मृगशिरा नक्षत्र आदि से वेदों के रचनाकाल के समय का निर्धारण करने का उल्लेख किया गया है ।

सवाई जयसिंह- भारतीय खगोल शास्त्र की परंपरा में महाराज सवाई जय सिंह का महत्वपूर्ण योगदान है। इनका जन्म सन 1688 ई. में हुआ। मात्र 13 वर्ष की आयु में वह राज सिंहासन पर आरूढ़ हुए। इन्होंने अपनी राजधानी जयनगर स्थापित की, जो कालान्तर में जयपुरनगर कहा गया। अपने शासनकालवधि में इन्होंने जयनगर, कशी, मथुरा तथा उज्जैन में ज्योतिष वेधशालाओं का निर्माण करवाया एवं भारतीय खगोल व ज्योतिष के विभिन्न तथ्यों के परीक्षण हेतु इन वेध शालाओं में नाडीयंत्र, गोलयंत्र, दिगंशयंत्र, दक्षिणोदगभित्ति एवं सम्राटयंत्रों को स्थापित किया। इन आचार्यों के अतिरिक्त ज्ञानराज, चन्द्रसिंह, शंकर बालकृष्ण दीक्षित आदि प्रमुख हैं, जिन्होंने खगोल के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

1.6 कृषि विज्ञान के प्रमुख आचार्य एवं ग्रन्थ

कृषि विज्ञान मानव सभ्यता की नींव है, जो आर्थिक विकास और सामाजिक स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में कृषि विज्ञानका इतिहास अत्यंत प्राचीन है, जिसका उल्लेख वेदोंएवं पुरातात्त्विक साक्ष्यों में उपलब्ध होता है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग तक कृषि ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली को आकार दिया है। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में कई प्रमुख आचार्य और विद्वान हुए हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान और अनुभव से कृषिविज्ञान की विभिन्न पद्धतियों का विकास तथा उनको समृद्ध किया है। इन आचार्यों ने न केवल पारंपरिक विधियों को समृद्ध किया, अपितु नई तकनीकों और वैज्ञानिक दृष्टिकोणों को भी अपनाया। उनके योगदान से कृषि के विभिन्न पहलुओं, जैसे कि फसल उत्पादन, भूमि प्रबंधन, जल संरक्षण आदि को समझने में मदद मिली है,उन प्रमुख आचार्यों और उनके ग्रंथों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जिन्होंने कृषि विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। कृषिविज्ञान के प्रमुखा आचार्य निम्नवत है-

महर्षि पराशर- "कृषि पराशर" रचित एक प्राचीन ग्रंथ है, जिसे **महर्षि पराशर** द्वारा रचा गया माना जाता है। इस ग्रंथ में कृषि को जीवन का आधार बताया गया है। इसमें कहा गया है कि अन्न सभी प्राणियों का पोषण करता है और अन्न का उत्पादन केवल कृषि के माध्यम से ही संभव है। इसलिए कृषि को सर्वोच्च कर्म के रूप में अपनाने की प्रेरणा दी गई है। ग्रंथ में जल को कृषि का प्रमुख आधार बताया गया है और जल संरक्षण पर विशेष बल दिया गया है। इसमें विभिन्न ऋतुओं और ग्रहों की स्थिति के आधार पर वर्षा के प्रभाव का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, कृषि कार्य में उपयोग होने वाले पशुओं की देखभाल और गोशालाओं की स्वच्छता पर जोर दिया गया है, ताकि पशु स्वस्थ रहें और कृषि कार्य को सुगम बना सकें। कृषि पराशर में बीज प्रबंधन का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। बीजों को शुद्ध करने, संरक्षित करने और उपयुक्त समय पर बोने के लिए निर्देश दिए गए हैं। फसल काटने और उसका उचित भंडारण करने की विधियों का भी उल्लेख

किया गया है। वृक्षों और पर्यावरण के संरक्षण को भी कृषि का अभिन्न हिस्सा माना गया है।ग्रंथ में शुभ मुहूर्त में कृषि कार्य आरंभ करने और विधिवत पूजन करने की परंपरा का उल्लेख किया गया है। इस प्रकार यह ग्रंथ प्राचीन भारतीय कृषि परंपरा का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो आज भी प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत कृषि के लिए प्रेरणा स्रोत है।

"काश्यपीय कृषि सूक्त" एक प्राचीन संस्कृत ग्रंथ है, जिसे ऋषि काश्यप द्वारा रचित माना जाता है। यह ग्रंथ कृषि विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित है और इसमें भूमि, जल, बीज और फसल प्रबंधन का विस्तृत वर्णन किया गया है। इस ग्रंथ में भूमि को विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है, जैसे नदी किनारे की उर्वर भूमि, पथरीली भूमि, और सूखी भूमि। राजा को भूमि की उपजाऊता बढ़ाने और कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त भूमि का चयन करने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही जल संरक्षण को भी कृषि का महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है। जलाशयों, कुओं और नहरों के निर्माण और रखरखाव की विधियों का वर्णन किया गया है, जिससे सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जा सके। ग्रंथ में उत्तम बीजों के चयन, शुद्धिकरण और संरक्षण की प्रक्रिया का उल्लेख है। फसल की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ाने के लिए समय पर बीज बोने और उनकी उचित देखभाल करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, पशुपालन को भी कृषि का एक महत्वपूर्ण अंग बताया गया है। पशुओं की देखभाल, उनके आहार, और उनकी स्वास्थ्य रक्षा के उपायों पर भी जोर दिया गया है। काश्यपीय कृषि सूक्त में कृषि और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की शिक्षा दी गई है। यह ग्रंथ प्राचीन भारतीय कृषि परंपरा और विज्ञान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आज भी प्रासंगिक है और सतत कृषि के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है।

1.7 रसायन शास्त्र के प्रमुख आचार्य एवं ग्रन्थ

नागार्जुन – भारतीय रसायन शास्त्र के इतिहास में आठवीं शताब्दी के महान सिद्ध और श्रीशैल पर्वतीय क्षेत्र के निवासी नागार्जुन का नाम अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका जन्म मध्य प्रदेश के बालुका नामक एक गुमनाम गांव में हुआ है। नागार्जुन की सबसे प्रसिद्ध और उपलब्ध रचना **'रसरत्नाकर', राश्रुदया**या**" रसेन्द्रमंगल"**है। इसके अतिरिक्त **"कक्षपुटतंत्र"** और**" आरोग्यमंजरी"** नामक दो अन्य ग्रंथ भी उनके द्वारा रचित माने जाते हैं। **'रसरत्नाकर'** बौद्ध महायानियों का एक तांत्रिक ग्रंथ है। इसमें नागार्जुन को महान सिद्ध और श्रीशैल का निवासी बताया गया है। इस ग्रंथ में रसायन शास्त्र से संबंधित विषयों की व्याख्या प्रसिद्ध रसायनाचार्यों—रत्नघोष, नागार्जुन, वटयक्षिणी, शालिवाहन, और मांडव्य—के संवाद के रूप में की गई है। इसमें पारे को बांधने (रसबंध) और उससे साधारण धातुओं जैसे तांबा और सीसे को स्वर्ण में बदलने की विधियों का उल्लेख है। इन प्रक्रियाओं में कोष्ठिका, वक्रनाल, गोबर, लकड़ी का ईंधन, धौंकनी, लोहे के पात्र, औषधियां, कांजी और विड आदि का उपयोग किया जाता है। साथमें विभिन्न यंत्रों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें "अयातो रसेन्द्र मंगलानि यंत्रविधिः" के रूप में वर्णित किया गया है, जिसमें शिलायंत्र, पाषाणयंत्र, नारायणयंत्र, जालिकायंत्र, और चारण यंत्र जैसे यंत्रों का नाम दिया गया है। नागार्जुन ने महारसों (विशेष धातुएं और रसायन) जैसे राजावर्त, गंधक, रसक, दरद, माक्षिक, विमल, हेम और तार के शोधन और उपयोग का विवरण दिया है।

भिक्षु गोविन्द– भिक्षु गोविन्द प्राचीन भारत के एक प्रसिद्ध रसायनशास्त्री थे। उनके जन्मसमय एवं स्थान के विषय में इतिहासकारों को कोई प्रमाणिक साक्ष्य उपलब्ध नही है। उन्होंने कई गन्थों की रचना की जिसमें 'रसहृदयतन्त्र' उनकी रसायनशास्त्रीय ग्रन्थ है। 'रसहृदयतन्त्र का काल १० वीं शताब्दी इस ग्रन्थ के अन्त में उन्होनें अपना परिचय देते हुए आठवीं शताब्दी में चन्द्रवंश के हैहय कुल के किरात नृपति श्री मदन राजा मदनराज का उल्लेख किया है।

तीसट – प्राचीन रसायन शास्त्र ज्ञाता तीसट का जन्म 9 वीं शताब्दी में माना जाता है। उनके पुत्र चन्द्रट भी आयुर्वेद के महान विद्वान थे। तीसट द्वारा 'चिकित्साकलिका' नामक ग्रन्था लिखा है। जिसका प्रकाशन सन् 1950 ई० में श्री शंकर शर्मा द्वारा वैद्यसारथि प्रेस कोट्टयम केरल से किया गया। 'चिकित्साकलिका' में लगभग ४०० छन्दों का प्रयोग किया गया है। इस ग्रन्थ में वनस्पतियों एवं प्राकृतिक पदार्थों के द्वारा औषधि निर्माण पर बल दिया है। द्रव्यों को १८ गणों मे विभाजित किया गया है। इस ग्रन्थ में तीसट द्वारा अपने पूर्वाचायों का उल्लेख भी किया है जिसमें – चरक, सुश्रुत, भेड, पराशर, विदेह, धन्वन्तरि, च्यवन ऋषि, आस्तीक मुनि आदि नामों का उल्लेख किया गया है।

रसार्णव - रसार्णव ग्रन्थ के रचयिता एवं काल के सम्बन्ध में कोई उल्लेख नहीं मिलता है। यह सम्पूर्ण ग्रन्थ शिव- पार्वती के संवाद में ही प्रसिद्ध है। आचार्य प्रफूल्लचन्द्र राय ने कई हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर रसार्णव का एक प्रामाणिक संस्करण सन् १९१० में एशियाटिक सोसायटी आव् बंगाल की ओर से प्रकाशिर कराया है। आचार्य राय के अनुसार यह ग्रन्थ १२ वीं शताब्दी माना है। इस ग्रन्थ में अध्यायों का नाम 'पटल' है और यह १८ पटलों में विभाजित है। इस ग्रन्थ में रसशोधन के लिए उपयोगी सामग्री का विस्तृत विवरण मिलता हैं यहाँ पर एक विशेष वैज्ञानिक तथ्य का वर्णन किया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि किस धातु की ज्वाला किस रंग की होती है। आजकल भी धातुवैज्ञानिक इस तथ्य का उपयोग लोहे तथा ताँबे की की प्राप्त में करते हैं। रसार्णव ग्रन्थ के अनुशीलन से स्पष्ट पता चलता है कि उस समय कच्चे धातु में से शुद्ध धातु निकालने की प्रथा जारी हो गई थी और रसायन विद्या अपनी प्रारम्भिक अवस्था को पार करके प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रही थी। रसार्णव ग्रन्थ में भिन्न-भिन्न धातुओं की ज्वाला का रंग भिन्न-भिन्न होता है।

नित्यनाथ सिद्ध – नित्यानाथ सिद्ध का जन्म १२ बीं शताब्दी माना जाता है। उनके द्वारा रसरत्नाकर नामक ग्रन्थ की रचना की गई जो रसायन शास्त्र परम्परा में एक महान ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में पाँच खण्ड है – रसखण्ड, रसेन्द्रखण्ड, वादिखण्ड, रसायनखण्ड, और मन्त्रखण्ड। रसशास्त्र की दृष्टि से रसायन खण्ड विशेष उपयोगिता है। इसका पृथक संस्ककरण वैद्य श्री यादव जी त्रिविक्रमजी आचार्य ने आयुर्वेदीय गन्थमाला के अन्तर्गत सन् १९१३ ई० में प्रकाशित किया था। रसायन खण्ड में आचार्य ने पारा मारने की ग्यारह विधियों का विवेचन किया है। रसरत्नाकर के वादिखण्ड में बीस उपदेश मिलते है और उनमें से बीसवें उपदेश में पारद का भस्मीकारण, स्वर्ण, रजत, ताम्र, वंग, नाग आदि धातुओं की निर्माण क्रिया का वर्णन है।

गोविन्दाचार्य – गोविन्दाचार्य का जन्म १३ वीं शती माना जाता है। इनके पिता का नाम सुरादित्य और पितामह का नाम आचार्य सुहदेव था। इनके गुरु का नाम श्रीधीर देव था, जो स्वयं अन्तर्वेद के रहने वाले सारस्वत ब्राह्मण थे। इनके द्वारा रसायन शास्त्र सम्बन्धि ग्रन्थ का नाम 'रससार' है। रस सार का सम्पादन या दवजीत्रिविक्रम जी द्वारा सन् १९१२ई० में बंबई से सम्पादित किया है। इस गन्थ में

२६ पटल है- (१) रसपूजास्वरूपस्तुत्यधिकार (२) द्रव्यसंग्रहाधिकार, (३) अनुक्रमणिकाधिकार, (४) अष्टचत्वारिंशत् संस्कार, (५) रसशोधनसंस्काराविकार, (६) रसलोहशुद्धिसत्त्वपातनाधिकार, (७) सत्त्वस्थिरीकरणाधिकार, (८) द्रुतिपात-नानागणनिरूपण, (९) क्षारद्वावबीडपाक दिव्यौषधाधिकार, (१०) रत्नलक्षणद्रावणभेदनमेलापकाधिकार, (११) बीजपाकाधिकार, (१२) महारस-जारणादिविधि, (१३) वेदनादिक्रम, (१४) द्वन्द्वमारपिष्टिस्तम्भननिगडबन्धन-संकलिकायोगद्रुतिकर्मादिनिरूपण, (१५) रसोपरसलोहकर्माधिकार, (१६) रत्नप्रयोगाधिकार, (१७) अनेककल्कभेदाधिकार, (१८) मणिमूषाकर्मदलाविकार, (१९) गुटिकाकयन, (२०) गुटिकासाधनोपाय, (२१) क्रौञ्चयोगपक्ष कर्म-दिव्यौषध्यधिकार, (२२) यंत्रमूषाधिकार, (२३) महारससेवनाधिकार, (२४) रसायनकयन, (२५) धातुमारण प्रयोगाधिकार, (२६) महारससेवाधिकार। इस ग्रन्थ में पारद के अठारह संस्कार और रसशास्त्र के प्रसिद्ध विषयों का विवेचन किया है।

यशोधर - आचार्य यशोधर सौराष्ट्र जूनागढ़ के गौड़ ब्राह्मण जाति के थे। इनका जन्म समय १३वीं शती माना जाता है। इनके पिता का नाम पद्मनाभ था। रसायनशास्त्र से सम्बन्धित इनका ग्रन्थ 'रसप्रकाशसुधाकर' एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसका सम्पादन यादवजी त्रिविक्रमजी ने सन्१९६७ई. में किया है। इस ग्रन्थ के अन्त में गन्थ कर्त्ता ने तीन श्लोक में आत्मपरिचय दिया है। 'रसप्रकाशसुधाकर' में तेरह अध्याय है – (१) अष्टादशरससंकार, (२) रसबन्धविधान (३) रसभस्मविधि (४) धातुशोधन-मारण (५) महारसनिरूपण (६) उपरसनिरूपण (७) नवरत्ननिरूपण (८) शतरसनिरूपण (९) दिव्यौषध्यादिनिरूपण (१०) यत्रांदिनिरूपण (११) धातुकौतुक (१२) वाजीकरणनिरूपण (१३) शुकस्तम्भयोग। गन्थकार ने पारेके १८ संस्कार बताये है। इस ग्रन्थ में पारद के अतरिक्त रसो परस, यन्त्र, मूषा, लोह, रत्न आदि का विशद विवेचन किया गया है इसके अतरिक्त इस गन्थ के आठवें अध्याय में १०३ रसौषधियों के निर्माण का वर्णन भी मिलता है। रसायन शास्त्र में इस ग्रन्थ को उपयोगी ग्रन्थ माना जाता है।

वाग्भट्ट – आचार्य वाग्भट्ट रसशास्त्र के प्रसिद्ध आचार्य हैं, इनका समय १३वीं या १४वीं शताब्दी इनके पिता का नाम सिंह गुप्त हैं। आचार्य वाग्भट्ट की प्रसिद्ध रचना '**रसरत्नसमुच्च्य**' हैं। इस ग्रन्थ का समय तेरहवीं शताब्दी से पन्द्रवीं शताब्दी माना जाता हैं। इस ग्रन्थ मंगलाचरण में वह जगत के प्रधान भिषक स्वरूप पादप की स्तुति का प्रतीक है। आचार्य वाग्भट्ट शिव-पार्वती के उपासक थे। उन्होने शिव को पारे का प्रतीत एवं गन्धक को पार्वती प्रतीक माना हैं। यह ग्रन्थ दो खण्डों में विभाजित है – पूर्वखण्ड एवं उत्तरखण्ड । सम्पूर्ण ग्रन्थ में तीस अध्याय है जिसमें पूर्वखण्ड में ११ एवं उत्तर खण्ड में १९ अध्याय है। रसायन शास्त्र की दृष्टि से पूर्व खण्ड में विशेष भूमिका है तथा उत्तर खण्ड चिकित्सा विज्ञान के दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। इस ग्रन्थ में धातुओं और मिश्र धातुओं का भी विवरण प्राप्त होता है। आचार्य ने इस ग्रन्थ में सोने के पांच प्रकार बताये है – प्राकृतिक, सहज, वह्निसंभूत, खनिसम्म्भव और रसेन्द्रवेधसंजात। एवं चादी तीन प्रकार की – सहज, खनिसंज्ञात और कृत्रिम भेद बतलाये है। ताँबा नेपालक और म्लेच्छ भेद से दो प्रकार का बतलाया है। ताँबे के पात्र को नीबू के रस से रगड़ कर गन्धक और पारे से लिप्त करे और तीन बार गर्म करने पर यह मर जाता है। लोहे के भी तीन भेद – मुण्ड, तीक्ष्ण, और कान्त होते हैं। इसमें मुण्ड के तीन, तीक्ष्ण के छः और कान्त के पाँच प्रकार होते हैं। लोहे को शीशा और सुहागे के साथ गलाने पर शुद्धिकरण होता है। इस

ग्रन्थ में धातुओं के वर्णन के साथ-साथ २७ व्यक्तियों को रससिद्धि प्रदायक बतया है – 'सप्तविंशतिसंख्याका रससिद्धिप्रदायकाः'।

सोमदेव – आचार्य सोमदेव द्वारा रचित **'रसेन्द्रचूड़ामणि'** 12 वीं शताब्दी में लिखा गया गन्थ है, रसायन शास्त्र का महत्व पूर्ण ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में रसोपरस, साधारण रस, रत्नोपरत्न धातुओं आदि का विस्तृत विवेचन किया गया है। इस ग्रन्थ को आचार्य यादव जी के द्वार सन् 1925 ई० में मूल रुप में प्रकाशित किया गया था।

गोपालकृष्णभट्ट –इनका जन्म १४वीं शती माना जाता है। इनके द्वारा 'रसेन्द्रसारसंग्रह' नामक ग्रन्थ का लेखन किया गया है। इस ग्रन्थ में पांच अध्याय है। इस ग्रंथ में पारद (पारा), सुवर्ण (सोना), रजत (चांदी), ताम्र (तांबा), लौह (लोहा) तथा अन्य धातुओं और खनिजों के संस्कार, शुद्धि, भस्मीकरण एवं उनकी औषधीय उपयोगिताका विस्तृत विवरण मिलता है। इसमें वर्णित धातु-परिष्करण एवं भस्मीकरण प्रक्रियाएँ आधुनिक रसायन शास्त्र की धातु विज्ञान और भौतिक रसायन से मेल खाती हैं। विशेष रूप सेपारद संस्कारकी विधियाँ, जिनमें पारे को ठोस, स्थिर और चिकित्सकीय रूप से उपयोगी बनाया जाता है, आधुनिक अमलगम तकनीक से जुड़ी हुई हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रंथ में विभिन्नखनिज यौगिकों के अपचयन, ऑक्सीकरण, आसवन एवं विलयन जैसी प्रक्रियाओं का वर्णन है, जो आधुनिक रसायन शास्त्र के सिद्धांतों से जुड़े हुए हैं। इसमें कज्जलीकरण, आसवन और मर्दन जैसे रासायनिक प्रक्रियाओं का उल्लेख मिलता है, जो औषधीय यौगिकों के शुद्धिकरण एवं प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए आवश्यक होते हैं। इस प्रकार, "रसेन्द्रसारसंग्रह"केवल एक आयुर्वेदिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह रसायन शास्त्र के मूलभूत सिद्धांतों को भी दर्शाता है। यह ग्रंथ धातु, खनिज और जड़ी-बूटियों के साथ उनके रासायनिक अभिक्रियाओं की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत करता है, जो प्राचीन भारतीय रसायन शास्त्र की उन्नत स्थिति को दर्शाता है। रसायनशास्त्र में उपर्युक्त आचार्यों एवं ग्रन्थ परम्परा के अतरिक्त भी प्राणनाथ की रस प्रदीप, सुर्वणतन्त्र, धातुरत्नमाला आदि अनेक आचार्यों एवं ग्रन्थों का योगदान रहा है।

1.8 सारांश

भारत की प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा विभिन्न विषयों में विकसित हुई, जिसमें चिकित्सा, गणित, खगोलविज्ञान, कृषि और रसायनशास्त्र जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विभिन्न आचार्यों ने अपने गहन अध्ययन और प्रयोगों के माध्यम से इन विषयों को समृद्ध किया। आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में चरक, सुश्रुत और वाग्भट आदि अनेक आचार्यों का योगदान उल्लेखनीय है। चरक संहिता में आंतरिक चिकित्सा का विस्तार से वर्णन है, जबकि सुश्रुत संहिता में शल्य चिकित्सा के सिद्धांत दिए गए हैं। वाग्भट के अष्टांगहृदयम् में संपूर्ण आयुर्वेदिक ज्ञान का सार प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार गणित के क्षेत्र में आर्यभट, ब्रह्मगुप्त और भास्कराचार्य आदि आचार्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आर्यभटीयम् में अंकगणित, ज्यामिति और त्रिकोणमिति का वर्णन है। ब्रह्मगुप्त ने ब्रह्मस्फुटसिद्धांत में शून्य और ऋणात्मक संख्याओं की अवधारणा दी। भास्कराचार्य ने लीलावती और बीजगणित ग्रंथों में गणितीय सिद्धांतों को विस्तार से समझाया। खगोलविज्ञान में आर्यभट, वराहमिहिर और भास्कराचार्य ने ग्रहों की गति, सूर्य और चंद्रमा के स्थान निर्धारण पर शोध किया। पंचसिद्धांतिका में वराहमिहिर ने विभिन्न खगोलीय गणनाओं का वर्णन किया, जबकि सिद्धांत शिरोमणि में

भास्कराचार्य ने खगोल विज्ञान के गूढ़ सिद्धांत प्रस्तुत किए। कृषिविज्ञान के क्षेत्र में पराशर, सुरपाल और वराहमिहिर के ग्रंथ महत्वपूर्ण हैं। कृषि पाराशर में विभिन्न फसलों और कृषि पद्धतियों की चर्चा की गई है। वृक्षायुर्वेद में पेड़ों की देखभाल और उनके रोगों का उपचार बताया गया है। रसायन, शास्त्र में नागार्जुन, रस रत्नाकर और रसार्णव प्रमुख ग्रंथों में शामिल हैं। नागार्जुन को रसशास्त्र का जनक माना जाता है, जिन्होंने धातु विज्ञान और औषधीय रसायन पर कार्य किया। रसतंत्र और रसार्णव ग्रंथों में धातु शोध और रसायन विज्ञान से संबंधित प्रक्रियाओं का विस्तृत विवरण मिलता है। भारतीय वैज्ञानिक परंपरा ने आधुनिक विज्ञान की नींव रखी और ये ग्रंथ आज भी अनुसंधान और अध्ययन के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।

बोधप्रश्न-

1. 'रसेन्द्रसार संग्रह' ग्रन्थ के किसके द्वारा लिखा गया है।
   (क) सोमदेव (ख) गोपाल कृष्ण भट्ट (ग) वाग्भट्ट (घ) यशोधर
2. आयुर्वेद आचार्य धन्वन्तरि को किसका अवतार माना जारा है।
   (क) विष्णु (ख) शिव (ग) ब्रह्मा (घ) इन्द्र
3. ज्योतिष शास्त्र के प्रकांड विद्वान वहरामिर का जन्म कब माना जाता है।
   (क) 506 ई. (ख) 502 ई. (ग) 504 ई. (घ) 505 ई.
4. नृसिंह दैवज्ञ के पुत्र थे।
   (क) सोमदेव (ख) नारायण पंडित (ग) माधव (घ) परमेश्व
5. 'रसरत्नाकर' ग्रन्थ के किसके द्वारा लिखा गया है।
   (क) नागार्जुन (ख) नित्यानन्द (ग) यशोधर (घ) वाग्भट्ट
6. भारतीय खगोलशास्त्रीय महाराज सवाई जय सिंह का जन्म समय है।
   (क) 1688 ई. (ख) 1687 ई. (ग) 1689 ई. (घ) 1685 ई.
7. 'लीलावती' ग्रन्थ के किसके द्वारा लिखा गया है।
   (क) कमलाकर (ख) लगधाचार्य (ग) भास्कराचार्य (घ) रघुनाथ
8. श्रीधराचार्यके पिता का क्या नाम था ।
   (क) नागनाथ (ख) गोपालाचार्य (ग) केशव (घ) बलदेव
9. 'आर्यभटीयम्' ग्रन्थ के किसके द्वारा लिखा गया है।
   (क) आर्यभट्ट (ख) सोमभट्ट (ग) आर्यदेव (घ) कृष्ण भट्ट
10. भिक्षु गोविन्दद्वारा रचित ग्रन्थ है।
    (क) रसेन्द्र चुडामणि (ख) रससार (ग) रस हृदयतन्त्र (घ) रसरत्नसमुच्य

1.9 बोधप्रश्नों के उत्तर

उत्तर- 1 (ख), 2 (क), 3 (ग), 4 (ख), 5 (क), 6 (क), 7 (ग), 8 (घ), 9 (क), 10 (ग)

1.10 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. प्राचीन भारत में रसायन का विकास, स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती, पुस्तकायन प्रकाशन नई दिल्ली।

2. आयुर्वेद का इतिहास एवं परिचय, विद्याधर शुक्ल एवं रविदत्त त्रिपाठी, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान दिल्ली
3. आयुर्वेद का वैज्ञानिक इतिहास, प्रियव्रत शर्मा, चौखम्बा ओरियंटालिया, वाराणसी
4. आयुर्वेद का बृहद् इतिहास, अत्रिदेव विद्यालंकार, उत्तरप्रदेश हिंन्दी संस्थान, लखनऊ
5. वेदों में विज्ञान, डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, विश्वभारती अनुसंधान परिषद् ज्ञानपुर (भदोही)
6. प्राचीन भारतीय गणित, डॉ. बलदेव उपाध्याय,
7. ऋषि पाराशर, प्रो. रामचन्द्र पाण्डेय, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली
8. भारत में विज्ञान की उज्जवल परम्परा, सुरेश सोनी, अर्चना प्रकाशन भोपाल
9. भारतीय ज्योतिष, नेमीचन्द्र शास्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, वाराणसी

1.11 उपयोगी पुस्तकें

1. वेदों में विज्ञान, डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, विश्वभारती अनुसंधान परिषद् ज्ञानपुर (भदोही)
2. आयुर्वेद का इतिहास एवं परिचय, विद्याधर शुक्ल एवं रविदत्त त्रिपाठी, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान दिल्ली
3. भारत में विज्ञान की उज्जवल परम्परा, सुरेश सोनी, अर्चना प्रकाशन भोपाल
4. भारतीय ज्योतिष, नेमीचन्द्र शास्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, वाराणसी

1.12 निबन्धात्मक प्रश्न

1. आयुर्विज्ञान की आचार्य परम्परा पर प्रकाश डालिए।
2. रसायन विज्ञान के प्रमुख ग्रन्थों का परिचय दीजिए।
3. गणित विज्ञान के किन्हीं पांच आचार्यों का ग्रन्थ परिचय दीजिए।
4. कृषि विज्ञान के ग्रन्थों का विवेचन कीजिए।
5. खगोल विज्ञान की प्रमुख ग्रन्थों पर प्रकाश डालिए।

इकाई-2 वेदों में भौतिक एवं रसायन विज्ञान के तत्व

इकाई की रूपरेखा

2.1 प्रस्तावना
2.2 उद्देश्य
2.3 वेदों में भौतिक विज्ञान के तत्व
2.3.1 ऊर्जा (Energy)
2.3.1.1 ऊर्जा की सर्वव्यापकता
2.3.1.2 ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए प्रयुक्त होने वाले यन्त्र
2.3.1.3 ऊर्जा के अविनाशीता का सिद्धांत (Law of conservation of energy)
2.3.1.4 ऊर्जा का रूपांतरण (Transformation of energy)
2.3.1.5 ऊर्जा (अग्नि) में सम्प्रेषण शक्ति (Transformation of energy)
2.3.1.6 ऊर्जा (अग्नि) में विद्युत-तरंगे (Electric waves in energy)
2.3.1.7 विद्युत में श्रवण-शक्ति (Power of hearing in electricity)
2.3.2 सूर्य (Sun) एवं सौर ऊर्जा (Solar energy)
2.3.2.1 सूर्य: ब्रह्माण्ड की आत्मा (Sun: Soul of universe)
2.3.2.2 सूर्य में हाइड्रोजन (hydrogen) और हीलियम (helium) गैस
2.3.2.3 सूर्य की सात रंग की किरणें
2.3.2.4 विद्युत-चुम्बकीय तरंगें (Electromagnetic waves)
2.3.2.5 इन्द्रधनुष का बनना (formation of rainbow)
2.3.2.6 सूर्य, चन्द्र का परिवेष (घेरा) बनना
2.4 वेदों में रसायन विज्ञान के तत्व
2.4.1 धातु एवं आभूषणों का वर्णन
2.4.1.1 जस्ता से सोना बनाने की विधि
2.4.1.2 तांबे से कॉपर सल्फेट बनाने की विधि
2.4.1.3 धातुओं का भस्म का वर्णन
2.4.2 वेदों में जल की उत्पत्ति का वर्णन
2.4.2.1 जल का सूत्र
2.4.2.2 मित्र-वरुण वृष्टिकर्ता
2.4.2.3 जल का महत्त्व एवं प्रमुख गुण
2.4.2.4. जल के सामान्य गुण
2.4.2.5 जल में सभी देव (तत्व)
2.4.3 रसायन शास्त्र की प्रमुख शाखाएँ
2.5 सारांश
2.6 परिभाषित शब्दावली
2.7 अभ्यास हेतु प्रश्न
2.8 सन्दर्भ ग्रंथों की सूची

2.1 प्रस्तावना

जैसा की आप जानते है कि वेद विश्व साहित्य में अतिप्राचीन ज्ञान के स्रोत है। वेदों में दर्शन, आचारशास्त्र, संगीत, आयुर्वेद, धर्म, ज्योतिष आदि विषयों का सम्पूर्ण वर्णन मिलता है।साथ ही वेदों में विज्ञान के अपूर्व भण्डार मिलते है।वेदों में भौतिकी (Physics), रसायन शास्त्र (Chemistry), वनस्पति विज्ञान (Botany), जन्तु विज्ञान (Zoology), गणित (Mathematics), शिल्प-विज्ञान (Technology), कृषि-विज्ञान (Agricultural Sciences), भूगर्भ-विज्ञान (Geology), वृष्टि-विज्ञान (Meteorology), पर्यावरण (Ecology) आदि का उल्लेख मिलता है। अतः वेद और विज्ञान एक दूसरे के पूरक है।यदि हम बात करे वेदों में वर्णित भौतिक विज्ञान (भौतिकी) एवं रसायन शास्त्र के तत्वों की तो वर्णन प्रचुर मात्र में देखने को मिलता है। ऋग्वेद, अथर्ववेद और यजुर्वेद में वर्णन मिलता है कि विश्व के प्रथम वैज्ञानिक अथर्व ऋषि है।अथर्व ऋषि ने बताया है कि सभी प्रकार की ऊर्जा का स्रोत अग्नि ही है। अथर्व ऋषि के अनुसार अग्नि को तीन विभिन्न विधियों द्वारा उत्पन्नकिया जा सकता है। ये विधियाँ हैं – घर्षण द्वारा अग्नि की उत्पत्ति, जलीय विद्युत की उत्पत्ति एवं भूगर्भीय अग्नि।

ऊर्जा के विभिन्न प्रकार, जिनका भौतिक एवं रसायन विज्ञान में वर्णन मिलता है जैसे यांत्रिक ऊर्जा, सौर ऊर्जा, नाभिकीय ऊर्जा, रासायनिक ऊर्जा आदि का वर्णन भी वेदों में मिलता है जिनका ज्ञान ऋषियों को पहले से ही था।इन ऊर्जाओं का वर्णन मुख्यतः ऋग्वेद में मिलता है। साथ ही ऋग्वेद और यजुर्वेद के मंत्रों में उल्लेख मिलता है कि सौर ऊर्जा का आविष्कार इन्द्र, वसु और गन्धर्व ने मिलकर, सूर्य से ऊर्जा का दोहन करके किया अर्थात् सौर ऊर्जा का वर्णन वेदों में किया गया है। वेदों में धातुओं के आभूषण एवं भस्म बनाने के साथ-साथ जल की उत्पत्ति और गुणों का वर्णन मिलता है।वेद मंत्रों में विभिन्न भौतिक एवं रासायनिक अभिक्रियाओं का भी वर्णन मिलता है।

इस इकाई में भौतिक एवं रसायन विज्ञान के अति महत्वपूर्ण तत्वों के बारे में जानेंगे जिनका वर्णन वेदों की ऋचाओं एवं मंत्रों में मिलता है।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई का अध्ययन करने के पश्चात आप—

- भौतिक विज्ञान से सम्बंधित तत्वों को जान सकेंगे।
- विभिन्न अग्नि ऊर्जा के बारे में जान सकेंगे।
- वेदों में वर्णित सौर ऊर्जा के बारे में जान सकेंगे।
- रसायन विज्ञान से सम्बंधित तत्वों को जान सकेंगे।
- रसायन विज्ञान की शाखाओं के बारे में जान सकेंगे।

2.3. वेदों में भौतिक विज्ञान के तत्व

2.3.1. ऊर्जा (Energy)

भौतिकी यानि भौतिक विज्ञान में ऊर्जा (Energy) का सर्वाधिक वर्णन मिलता है। ये विभिन्न प्रकार की हो सकती है, उदाहरण के लिए यांत्रिक ऊर्जा (mechanical energy), सौर ऊर्जा

(solar energy), नाभिकीय ऊर्जा (nuclear energy), रासायनिक ऊर्जा (chemical energy) आदि। आधुनिक समय में सौर ऊर्जा और नाभिकीय ऊर्जा के उत्पादन पर अत्यधिक जोर दिया जा रहा है। अतः ऊर्जा उत्पन्न करने वाले विभिन्न यंत्रों (instruments) आवश्यकता पर भी जोर दिया जा रहा है। साथ ही आधुनिक भौतिकी में निम्न विषयों पर विचार किया जाता है – ऊर्जा (energy), गति (motion), बल (force), सामर्थ्य (power), प्रकाश (light), ध्वनि (sound), ताप (heat), अर्द्धचालक संयंत्र (semiconductor devices), विद्युत (electricity), चुम्बकत्व (magnetism) आदि।

चारों वेदों में ऊर्जा का स्वामी (प्रतिनिधि) अग्नि को माना गया है. सभी वेदों में अग्निविज्ञान या अग्निविद्या से सम्बंधित सैकड़ों मन्त्र मिलते है. वेदों में ऊर्जा के लिए अग्नितत्व का ही प्रयोग हुआ है.

2.3.1.1 ऊर्जा की सर्वव्यापकता

चारों वेदों के अनुसार, ऊर्जा एक सर्वव्यापी भौतिक राशि है। ऊर्जा द्युलोक, अंतरिक्ष और पृथ्वी के प्रत्येक तत्व (कण) विद्यमान है।ऊर्जा के कारण ही किसी वस्तु की स्थिति में परिवर्तन, वस्तु में परिवर्तन और वस्तु में गति होती है। अग्नि जो ऊर्जा का स्रोत है, विश्व को चेतना देती है। वही सृष्टि की गति का केंद्र भी है। द्यावापृथिवी में व्याप्त है। अथर्ववेद के अनुसार, ऊर्जा द्युलोक, अंतरिक्ष, पृथ्वी, वायु, विद्युत आदि सभी में विद्यमान है। इसका अर्थ यह होता है कि ब्राह्मांड का कोई भी ऐसा स्थान या कण नहीं है, जंहा ऊर्जा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न हो। इसलिए जंहा भी दो वस्तुओं में घर्षण (friction) होता है, वहां विद्युत (electricity) अवश्य उत्पन्न होती है।

दिवं पृथिवीमनु अन्तरिक्षं ये दिद्युतं अनुसंचरन्ति।
ये दिक्ष्वन्तर्ये वाते अन्तस्येभ्यो अग्निभ्य।। (अथर्वेद 3.21.8)

2.3.1.2 ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए प्रयुक्त होने वाले यन्त्र

भौतिक विज्ञान में ऊर्जा उत्पन्न करने के तरीकों का बहुत महत्त्व है।तैत्तिरीय संहिता में ऊर्जा उत्पन्न करने वाले कुछ विशेष यंत्रों का वर्णन मिलता है। जिनका संक्षिप्त वर्णन नीचे किया गया है:

(अ) वात-यंत्र: यह यंत्र वायु यानि हवा को उत्पन्न करने और वायु के दबाव को मापने के लिए प्रयोग किया जाता था। आधुनिक समय में भी कई प्रकार के वात-यंत्र या वात-दिग्दर्शक का प्रयोग किया जाता है।

(ब) दिशा-यंत्र: इस यंत्र की सहायता से दिशाओं का बोध होता था. इसलिए इसे दिशा-बोधक यन्त्र भी कहा जाता था। आज के मॉडर्न युग में उपयोग होने वाले दिशा सूचक यंत्र, जिसे कम्पास (compass) के नाम से जानते है, का प्रयोग नेविगेशन (navigation) और भौगोलिक अभिविन्यास (geographical orientation) के लिए किया जाता है।

(स) ऋतु-यंत्र: इस यंत्र की सहायता से गर्मी-सर्दी आदि का पता लगाया जाता था। इसलिए ये ऋतु यंत्र-कहलाते थे। आधुनिक समय में मौसम की जानकारी प्राप्त करने हेतु सॅटॅलाइट युक्त सिस्टम का उपयोग किया जाता है।

(द) तेजस्-यंत्र: इस यंत्र से तेज यानि प्रकाश आदि की उत्पत्ति में प्रयुक्त किया जाता था।आधुनिक समय विभिन्न तरीकों से प्रकाश (light) की उत्पत्ति किया जा रहा हैं, जिनका जिक्र यहाँ पर नहीं किया जा रहा हैं।

वातानां यंत्राय, ऋतूनां यंत्राय, दिशां यंत्राय, तेजसे यंत्राय। (तैत्तिरीय संहिता 1.6.2)

तैत्तिरीय संहिता में वाग्यंत्र का भी उल्लेख मिलता है। यह यंत्र ध्वनि-तरंगों (sound waves) को नापने का यंत्र हुआ करता था।

वाचो यंत्रम् अशीय। (तैत्तिरीय संहिता 1.6.1.2)

ऋग्वेद में मंत्र शब्द का प्रयोग नियंत्रण शक्ति के लिए भी किया गया है। ऋग्वेद के अनुसार, सूर्य अपने यंत्रों यानि आकर्षण शक्ति से पृथ्वी को रोके हुए है। जो आधुनिक विज्ञान में गुरुत्वाकर्षण की घटना के रूप में जाना जाता है।

सविता यन्त्रैः पृथिवीम्अरमणात्त्।। (ऋग्वेद 10.149.1)

2.3.1.3.ऊर्जा के अविनाशीता का सिद्धांत (Law of conservation of energy)

यजुर्ववेद में कहा गया है कि अग्नि (ऊर्जा) अक्षय है। साथ ही यह नश्वर जगत में अमर (indestructible) है। इसका मतलब यह है कि ऊर्जा को नष्ट नहीं कियाजा सकता है।

मर्तेषु – अग्निरमृतो नि धायि। (यजुर्ववेद 12.24)

आधुनिक विज्ञान के अनुसार, "Energy can neither be created nor destroyed. It can be only transformed from one form to another form" अर्थात् "ऊर्जा को न तो उत्पन्न किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है। इसका केवल एक अवस्था से दूसरे अवस्था में रूपांतरित किया जा सकता है"।

2.3.1.4.ऊर्जा का रूपांतरण (Transformation of energy)

वेदों के अनेक मंत्रों में कहा गया है कि अग्नि यानि ऊर्जा एक ही है, सिर्फ इसका रूपांतरण होता है।अत एव ऊर्जा के कई नाम हो जाते है। ऊर्जा या अग्नि में सभी कार्यों को करने की क्षमता होती है। इसलिए इसे "विश्वकर्मा" कहा जाता है। ऊर्जा महाशक्तिशाली होती है। यह विभिन्न रूपों को धारण कर सकती है। इसलिए इसे "पुरुरूप"भी कहा गया है।ऊर्जा सभी रूपों (शब्द, रूप, प्रकाश, गति आदि) को धारण करती है। अत एव इसे "विश्वरूप" कहा गया है। ऊर्जा समूह के रूप में चलती है। इसलिए, इसे संहत् (समूह, पुंजीभूत) कहा गया है।

यो देवानां नामधा एक एव।(ऋग्वेद 10.82.3)

अग्ने ... त्मना शतिनं पुरुरूपम्। (ऋग्वेद 2.2.9)

स्तीर्णा अस्य संहतो विश्वरूपाः।(ऋग्वेद 3.1.7)

ऊर्जा की संख्या सहत्रो और हजारों अश्वशक्ति (Horse-power) के रूप में होती है। अतः इसे शतिन् (100 अश्वशक्ति) एवं सहत्रिन् (1000 अश्वशक्ति) आदि कहा जाता है। अग्नि को ऊर्जा का स्वामी (ऊर्जापति) और शक्ति का पुत्र (सहसः सूनुः) आदि नामों से संबोधित किया जाता है।

शतिनं पुरुरूपम्। (ऋग्वेद 2.2.9)

अग्ने बृहतो दाः सहत्रिणः।(ऋग्वेद 2.2.7)

सूनो सहस ऊर्जापते। (ऋग्वेद 8.19.7)

2.3.1.5.ऊर्जा (अग्नि)में सम्प्रेषण शक्ति (Transformation of energy)

यजुर्ववेद के दो मंत्रों में वर्णन मिलता है कि अग्नि (ऊर्जा) विश्व का अमर दूत है। यह इधर का सन्देश उधर और उधर का सन्देश इधर लाता है अर्थात् यह संदेशों का आदान-प्रदान करने का काम करता है। अग्नि में विद्यमान इस सम्प्रेषण शक्ति के लिए "दुद्रवत्" शब्द का प्रयोग किया गया है। दुद्रवत शब्द का अर्थ होता है –दौड़कर जाता है। ऊर्जा के इसी सम्प्रेषण शक्ति के आधार पर रेडियो और टेलीविज़न की संरचना हुई है।

विश्वस्य दूतममृतम्।

स दुद्रवत् स्वाहुतः।। (यजुर्ववेद 15.33.34)

2.3.1.6.ऊर्जा (अग्नि) में विद्युत-तरंगे (Electric waves in energy)

ऋग्वेद में ऊर्जा (अग्नि) को अत्यधिक तीव्र गति से चलने वाला अमर दूत की संज्ञा दी गयी है। आगे कहा गया है कि ऊर्जा की तरंगें, समुंद्र की तरंगों की तुलना में अत्यंत तीव्र गति से जाती है।

जीरं दूतम् अमर्तयम्।(ऋग्वेद 1.44.11)

सिन्धोरिव प्रस्वनितास ऊर्मयः, अग्नेभ्राजन्तेअर्चयः।(ऋग्वेद 1.44.12)

2.3.1.7.विद्युत में श्रवण-शक्ति (Power of hearing in electricity)

ऋग्वेद में "श्रुत्कर्ण" शब्द का प्रयोग देखने को मिलता है इस शब्द से यह संकेत दिया गया है कि विद्युत के द्वारा ध्वनि तरंगों का संप्रेषण किया जा सकता है। जिससे दूरस्थ व्यक्ति आपस में बातचीत कर सकते है। इसी आधार पर टेलीफ़ोन की प्रक्रिया काम करती है।

श्रुधि श्रुत्कर्ण वह्निभिः। (ऋग्वेद 1.44.13)

इस मंत्र वह्नि शब्द ऊर्जा में वहन करने की (धारण करने की) क्षमता या ले जाने की शक्ति का द्योतक है। शतपथ ब्राह्मण में इस मंत्र की व्याख्या में कहा गया है कि इस विद्युत-तरंग के द्वारा ही दूर देशांतर में संवाद सुना जा सकता है। इसी आधार पर रेडियो (radio) और वायरलेस (wireless)आदि की संरचना हुई है।

धूमो वा अग्नेः श्रवो वयः, स हि एनम्

अमुष्मिन् लोके श्रावयति। (शतपथ ब्राह्मण 7.3.1.29)

2.3.2. सूर्य (Sun) एवं सौर ऊर्जा (Solar energy)

वेदों में सूर्य (Sun) एवं सौर ऊर्जा (Solar energy) के बारे में विस्तृत वर्णन देखने को मिलता है। इसमें अनेक सूर्य, सूर्य का महत्त्व, सूर्य की शक्तियों का आधार, सौर ऊर्जा, सूर्य और चराचर का सम्बंध आदि का उल्लेख मिलता है।यहाँ पर कुछ अति महत्त्वपूर्ण तथ्यों के बारे में उल्लेख किया जा रहा है।

2.3.2.1. सूर्य: ब्रह्माण्ड की आत्मा (Sun: Soul of universe)

सूर्य, सौरमंडल के सभी ग्रहों एवं उपग्रहों आदि का स्वामी है।सूर्य ही सम्पूर्ण सौरमंडल को ऊर्जा प्रदान करता है। यही अपने गुरुत्वाकर्षण शक्ति से पृथ्वी सहित सभी ग्रहों को संतुलित किया हुआ है।सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में, सूर्य की ऊर्जा से सभी चराचर में गति, प्रगति, विकास व विलास है। सूर्य

से ही पूरे ब्रह्माण्ड को संजीवनी शक्ति प्राप्त होती है। इसलिए सूर्य को ब्रह्माण्ड की आत्मा की संज्ञा दी गयी है।जिसका वर्णन ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद मिलता है।

सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च।

(ऋग्वेद1.115.1, यजुर्वेद 7.42, अथर्ववेद 13.2.35)

ऋग्वेद के एक मन्त्र में 'नानासूर्याः' और 'सप्त आदित्याः' का उल्लेख मिलता है। यहाँ पर नानासूर्याः शब्द अनेक सूर्य के लिए किया गया गया है अर्थात् ब्रह्माण्ड में कई सूर्य विद्यमान है। सप्त आदित्याः अर्थात् सात सूर्य का अभिप्राय सात सौरमंडल से ज्ञात पड़ता है।

सप्त दिशो नानासूर्याः. देवा आदित्या ये सप्त।। (ऋग्वेद 9.114.3)

तैत्तिरीय आरण्यक अनुसार, इन सभी सात सूर्यों के नाम इस प्रकार है- आरोग, भ्राज, पटर, पतंग, स्वर्णर, ज्योतिषीमान् एवं विभास।

कश्यप ... यस्मिन् आर्पिताः सप्त साकम्। (तैत्तिरीय आरण्यक 13.3.10)

2.3.2.2. सूर्य में हाइड्रोजन (hydrogen) और हीलियम (helium) गैस

अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि सूर्य में ऊर्जा का मूल स्त्रोत सोम अर्थात् हाइड्रोजन है। सोम से ही सूर्य को शक्ति मिलती है।

सोमेन – आदित्या बलिनः। (अथर्ववेद 14.1.2)

यजुर्वेद के अनुसार, सूर्य में दो तत्व मिलते है, जिन तत्वों का वर्णन निम्नलिखित मन्त्र में इस प्रकार मिलता है:

अपां रसम् उद्वयसम्, सूर्ये सन्तं समाहितम्।

अपां रसस्य यो रसस्तं वो गृह्णाभ्युत्तमम्।।(यजुर्वेद 9.3)

(अ) 'अपां रसम्' अर्थात् जल का सारभाग, जो ऊर्जा के रूप में है। यहाँ पर'उद्वयस्' शब्द गैसरूप या ऊर्जारूप का बोधक है। जल का यह सार भाग हाइड्रोजन है। इसके लिए 'अपां रसम्' शब्द का प्रयोग हुआ है।

(ब) 'अपां रसस्य यो रसः' अर्थात् जल के सारभाग का सारभाग। जल का सारभाग हाइड्रोजन है तो उसका सारभाग हीलियम। यहाँ पर हीलियम के लिए 'अपां रसस्य यो रसः' शब्द का प्रयोग किया गया है। इस में 'सूर्ये सन्तं समाहितम्' के द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि हाइड्रोजन और हीलियम दोनों सूर्य में विद्यमान है।

आधुनिक भौतिक विज्ञान के अनुसार, द्रव्यमान के आधार पर सूर्य में लगभग 70% हाइड्रोजन, 28% हीलियम और 2% अन्य गैसें/द्रव्य विद्यमान है। सूर्य के सतह का तापमान 5500 डिग्री सेल्सियस एवं आतंरिक कोर का तापमान लगभग 1 करोड़ 50 लाख डिग्री सेल्सियस है। इस आतंरिक ताप के कारण ही हाइड्रोजन हीलियम में परिवर्तित हो जाता है, इसे थर्मो नुक्लियर अभिक्रिया (thermonuclear reaction) कहते है। इसी अभिक्रिया फलस्वरूप सूर्य से निरंतर विशाल ऊर्जा का उत्सर्जन होता रहता है। सूर्य को अपनी इस ऊर्जा के लिए प्रति सेकंड 50 लाख टन द्रव्यमान की आवश्यकता होती है।

सूर्य से प्राप्त इस ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहते है। वेदों में सौर ऊर्जा के सम्बंध में पर्याप्त वर्णन मिलता है। ऋग्वेद और यजुर्वेद में उल्लेख मिलता है कि सूर्य से ऊर्जा का दोहन त्रित ने किया। यहाँ

त्रित शब्द तीन देवताओं इन्द्र, गन्धर्व और वसु के लिए किया गया है। इन्द्र ने सर्वप्रथम इस सौर ऊर्जा का ज्ञान प्राप्त किया, गन्धर्वों ने इसका परीक्षण किया और वसुओं ने इसको मूर्तरूप दिया। वसुओं की गिनती उन विद्वानों में की जाती है जो भौतिक विज्ञान के विशेषज्ञ है।एक ने सौर ऊर्जा का ज्ञान प्राप्त किया, दूसरे ने इसका परीक्षण द्वारा सत्यता प्रमाणित की और तीसरे ने इसको मूर्तरूप देकर इसका प्रयोग किया। इस प्रकार सौर ऊर्जा के सफल अविष्कार का श्रेय त्रित अर्थात्इन्द्र, गन्धर्व और वसु को दिया जाता है।

त्रित एनम् आयुनक्, इंद्र एणम् प्रथमो अध्यतिष्ठत्।
गन्धर्वो अस्य रशनाम् अगृह्णात्, सूरदश्वं वसवो निरतष्ट।।

ऋग्वेद के एक मन्त्र में कहा गया है कि सात प्रकार की किरणों से सात प्रकार की (सप्तपदी) ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है। इस ऊर्जा से अन्न (इष्) और शक्ति (ऊर्ज्) दोनों प्राप्त हो सकती है। इस मन्त्र से पूर्णतः स्पष्ट है कि सौर ऊर्जा का उपयोग कृषि-कार्यों और उद्योग-कार्यों के लिए किया जा सकता है। यदि कृषि सम्बन्धित समस्त कार्य सौर ऊर्जा से किया जाने लगे तो देश की बहुत बड़ी समस्या हल हो जाएगी। साथ ही उद्योगों को सौर ऊर्जा से संचालित होने लगे तो यह एक अद्भुत क्रांति होगी। आधुनिक समय में सोलर सेल के आविष्कार से इस क्षेत्र में काफी मदद मिली है।

अधुक्षत् पिप्युषीमिषम् ऊर्जं सप्तपदीमरिः।
सूर्यस्य सप्त रश्मिभिः।। **(ऋग्वेद 8.72.16)**

2.3.2.3. सूर्य की सात रंग की किरणें

ऋग्वेद और अथर्ववेद में सूर्य की सात रंग की किरणों का वर्णन सप्तरश्मि, सप्ताश्व, सप्तसप्ति आदि शब्दों से किया गया है। इन सात रंग की किरणों का वैज्ञानिक दृष्टि से बहुत महत्त्व है। प्रत्येक किरण का अलग-अलग प्रभाव है।इनसे ही संसार के सभी पदार्थों को रंग-रूप प्राप्त होता है अर्थात् इन किरणों की वजह से ही सभी पदार्थों के रंग-रूप को पहचान मिलती है। ये ही नाना प्रकार से विभिन्न रोगों को दूर करती है एवं इसी के प्रभाव से ही कृषि की उपज घटती या बढती है।

इन सात किरणों को हिंदी में बैगनी, आसमानी, नीली, हरी, पीली, नारंगी एवं लाल नामों से जाना जाता है। वही अंग्रेजी में violet (वायलेट), indigo (इंडिगो), blue (ब्लू), green (ग्रीन), yellow (येलो), orange (ऑरेंज) एवं red (रेड) से जाना जाता है।इनकी तरंगदैर्ध्य (wavelength) और आवृत्ति (frequency) भी अलग-अलग होती है। जिसके फलस्वरूप इनकी ऊर्जा भी अलग-अलग होती है।इन किरणों के नाम याद रखने का सूत्र इस प्रकार है- V I B G Y O R, बै नी आ ह पी ना ला।इनका संक्षिप्त वर्णन नीचे दिया गया हैः-

अंग्रेजी		**हिंदी**		**प्रभाव**
नाम	**संकेत**	**नाम**	**संकेत**	
Violet	V	बैगनी	बै	शीतल, लाल कणों का वर्धक, क्षय रोगनाशक

Indigo	I	नीली	नी	शीतल, पित्तज रोगों का नाशक, पौष्टिक
Blue	B	आसमानी	आ	शीतल, पित्तज रोगों का नाशक, ज्वरनाशक
Green	G	हरी	ह	समशीतोष्ण, वातज रोगों का नाशक, रक्तशोधक
Yellow	Y	पीली	पी	उष्ण, कफज रोगों का नाशक, हृदय एवं उदररोग नाशक
Orange	O	नारंगी	ना	उष्ण, कफज रोगों का नाशक, मानसिक शक्तिवर्धक
Red	R	लाल	ला	अति उष्ण, कफज रोगों का नाशक, उत्तेजक, केवल मालिश हेतु

इन सभी रंगों में तीन रंग अर्थात् लाल, पीला और नीला ही मूल रंग है। शेष रंग अर्थात् बैगनी, आसमानी, हरा और नारंगी मिश्रित रंग है। लाल और नीला से बैगनी, नीला और सफेद से आसमानी, नीला और पीला से हरा, लाल और पीला से नारंगी। सूर्य की सात रंग की किरणों को तीन भागों में विभाजित किया जाता है – 1. लाल, पीला, नारंगी; 2. हरा; 3. नीला, आसमानी और बैगनी।

2.3.2.4. विद्युत-चुम्बकीय तरंगें (Electromagnetic waves)

मैक्सवेल ने प्रकाश तरंगों को ही विद्युत-चुम्बकीय तरंगें माना है।ये तरंगें बिना किसी माध्यम के कहीं भी विचरण कर सकती हैं। प्रकाश तरंगें एक ही है, लेकिन इनकी तरंगदैर्ध्य (wavelength) और आवृत्ति (frequency) के अलग-अलग होने से इनमें अंतर आ जाता है।

जब विद्युत-चुम्बकीय तरंगों को इनकी आवृत्ति के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है तो उसे विद्युत-चुम्बकीय स्पेक्ट्रम (electromagnetic spectrum) कहते है। इनका क्रम इस प्रकार है:-

(1) कॉस्मिक किरणें (Cosmic rays)– ये ब्रह्मांडीय अतिसूक्ष्म किरणें है. इनकी आवृत्ति, अन्य सभी प्रकार की किरणों से सर्वाधिक होती है। जबकि तरंगदैर्ध्य सबसे कम होती है।इन किरणों की विभेदन क्षमता एवं ऊर्जा सबसे अधिक होती है।

(2) गामा किरणें (Gamma rays)–ये किरणें एक प्रकार की विद्युत चुम्बकीय विकिरण हैं, जो परमाणु-नाभिक के रेडियो सक्रिय क्षय से उत्पन्न होता हैं। इन किरणों की खोज रेडियम से निकलने वाली विकिरण का अध्ययन के दौरान हुई थी।इन किरणों की विभेदन क्षमता एवं ऊर्जा कॉस्मिक किरणों से कम एवं अन्य किरणों से अधिक होती है।

(3) एक्स किरणें (X-rays)–इन किरणों की भेदन क्षमता इतनी अधिक होती है कि ये धातुओं को भी पार कर जाती है। इन किरणों का उपयोग मुख्यतः चिकित्सा के क्षेत्र में इमेजिंग के लिए किया जाता है।

(4) पराबैगनी (Ultraviolet rays)– ये अदृश्य किरणें है।इन किरणों को नग्न आँखों से देखा नहीं जा सकता है। पराबैगनी किरणें मानव स्वास्थ्य के हानिकारक होती हैं।

(5) दृश्य किरणें (Visible light/rays)– इन किरणों को नग्न आँखों से देखा जा सकता है।इन्ही किरणों की सहायता से ही हम किसी वस्तु को देखने में सक्षम हो पाते है। इनमें बैगनी रंग से लेकर लाल रंग की किरणें आती है। सूर्य की प्रकाश किरणें, दृश्य किरणें है।

(6) अवरक्त किरणें (Infra-red rays)– ये अदृश्य किरणें है। इन किरणों को नग्न आँखों से दिखाई नहीं देती है। इन किरणों की आवृति एवं ऊर्जा दृश्य किरणों की तुलना में कम होती है।

(7) सूक्ष्म तरंगे (Micro waves)–ये अदृश्य किरणें है। इन किरणों को नग्न आँखों से देखा नहीं जा सकता है। इन किरणों का उपयोग रडार, संचार, खाद्य प्रसंस्करण, चिकित्सा इमेजिंग, रसायन विज्ञान, कार्बनिक संश्लेषण आदि में किया जाता है।

(8) रेडियो तरंगे (Radio waves)– ये भी अदृश्य किरणें है। इन किरणों को भी नग्न आँखों से देखा नहीं जा सकता। इन तरंगों की आवृत्ति सबसे कम एवं तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक होती है। साथ ही इन किरणों की ऊर्जा अन्य किरणों की तुलना में न्यूनतम होती है।

कॉस्मिककिरणोंसेरेडियोतरंगोंकीतरफ जाने पर, आवृत्ति घटती है और तरंगदैर्ध्य बढ़ता है। कॉस्मिक किरणों के बारे में अभी तक पूरी जानकारी नहीं है। अतएव इनका विश्लेष्ण भी पूरा नहीं हो सका है।

2.3.2.5. इन्द्रधनुष का बनना(formation of rainbow)

आचार्य वरामिहिर ने बृहत्संहिता में इन्द्रधनुष के निर्माण की प्रक्रिया का वर्णन किया है और कि किस प्रकार सूर्य की सात रंग की किरणें इन्द्रधनुष बनाती हैं। आचार्य वरामिहिर के अनुसार, सूर्य की विविध रंगों वाली किरणें जब मेघयुक्त आकाश में वायु से टकराकर छिटकती हैं, तब धनुष का रूप धारण करती है। इसे ही इन्द्रधनुष कहते है।

सूर्यस्य विविधवर्णाः पवनेन विघट्टिताःकराः साभ्रे।
वियति धनुःसंस्थाना ये दृश्यन्ते तदिन्द्रधनु।। (बृहत्संहिता 35.1)

2.3.2.6. सूर्य, चन्द्र का परिवेष (घेरा) बनना

सूर्य और चन्द्रमा के चारों ओर मंडलाकार जो घेरा बनता है, उसे परिवेष कहते है. इसके बनने की प्रक्रिया बृहत्संहिता में आचार्य वरामिहिर द्वारा बताई गयी है। वरामिहिर के अनुसार, जब सूर्य और चन्द्रमा की किरणें हलके मेघयुक्त आकाश में वायु के प्रवेश के कारण छिटककर मंडलाकार (गोल घेरे के रूप में) और नाना वर्ण (रंगबिरंगी) दिखाई पड़ती है, तो इसी को परिवेष कहते है।

2.4. वेदों में रसायन विज्ञान के तत्व

वेदों में रसायन विज्ञान को "रसायन शास्त्र" कहा जाता था। साथ ही तरल पदार्थों (chemical) के विज्ञान को रसतंत्र, रस-विद्या और रसक्रिया कहा जाता था।वेदों में रासायनिक कार्यों एवं रासायनिक प्रयोगशालाओं का भी वर्णन मिलता है। जिन्हें क्रमशः रसक्रिया-शाला एवं रसक्रिया-नगरम कहा जाता था।'रसायन' शब्द दो शब्दों अर्थात् रस और अयन से मिलकर बना है।'रस' का अर्थ होता है तरल पदार्थ एवं 'अयन का अर्थ होता है मार्ग। इस प्रकार रसायन का अर्थ

होता है 'रस का मार्ग'। इसका एक अन्य अर्थ भी है कि जिससे रस की उत्कृष्टता प्राप्त होती है उसे रसायन कहते है।

2.4.1. धातु एवं आभूषणों का वर्णन

वेदों में कई जगहों पर धातुओं और धातुओं से बनी आभूषणों का वर्णन निम्न प्रकार मिलता है:

(अ) ऋग्वेदमें सोना (Au), तांबा, चांदी (Ag) और कांस्य जैसी धातुओं का उल्लेख है। सोने की बाली और आभूषणों का उल्लेख इस प्रकार है: **हिरण्यकर्णम मणिग्रीवं**

(ब) शुक्लयजुर्वेद में टिन(Sn) और सीसा (Pb) के बारे में वर्णन इस प्रकार से किया गया है:
हिरण्य च मेयश्चमे सीसम चमे श्रपुस्चमे स्थामन् चमे लोहम चमे

रसायन विदयों का यह मानना है कि ऊपर वर्णित सभी धातु (metals) केवल विशेष रासायनिक प्रक्रियाओं के संयोजन से ही प्राप्त किया जा सकता है।इन सभी धातुओं की अपनी अलग-अलग भौतिक (physical) एवं रासायनिक (chemical) विशेषताएं होती हैं। जिन्हें अयस्कों से पृथक करने के लिए विशेष प्रकार की निष्कर्षण प्रक्रियाओं की जरुरत पड़ती है। प्राचीन वैदिक रसायन शास्त्र के ग्रंथों में मानव शरीर में होने वाली विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं (chemical reactions) का वर्णन मिलता है। ऋग्वेद में हमें कपास की रंगाई चमड़े को पकाने (उपयोग योग्य बनाने) और इन प्रक्रियाओं में उपयोग होने वाले रसायनों का वर्णन मिलता है।

वैदिक रसायन शास्त्र के विद्वान आचार्य गोविन्द है जिन्होंने अति प्राचीन रस-तंत्र ग्रन्थ "रसार्णव" की रचना की। इस ग्रन्थ में दो पात्रों भौरव और देवी के बीच होने वाले संवाद के रूप में वर्णित किया गया है। आचार्य गोविन्द ने धातुओं को नष्ट करने का भी वर्णन किया गया है। आगे धातुओं को उपयोग में लाने योग्य बनाने के लिए उसके गुणों (qualities) को नष्ट करने की विधि का उल्लेख किया गया है। जिनका वर्णन प्राचीन वैदिक ग्रंथों में भी मिलता है। रासायनिक प्रयोगशालाओं में सभी धातुओं को नष्ट करने के लिए सल्फर (S) का उपयोग किया जाता था।

2.4.1.1. जस्ता से सोना बनाने की विधि

जस्ता का सोने (gold) में परिवर्तन का वर्णन मिलता है, जिसके लिए एक भाग जस्ते को तीन भाग तांबे के साथ मिलकर गर्म किया जाता है। जिसके फलस्वरूप पूरा पदार्थ पीतल (सुनहरे रंग का मिश्रण) में परिवर्तित हो जाता है।आचार्य गोविन्द ने धातुओं में जंग और क्षरण से लड़ने की क्षमता के क्रम का भी उल्लेख किया है। जिनके अनुसार क्षरण से अप्रभावित रहने वाली धातुओं का क्रम है: सोना, चाँदी, तांबा, पीतल, सीसा और लोहा।

सुवर्ण रजतं तम्रं तीक्ष्णवंगम् भुजंगमः।
लोहकं पद्धिधम् तच्च यथापूर्वं तदक्षयम्।। (रसार्णव 7.89.90)

2.4.1.2. तांबे से कॉपर सल्फेट बनाने की विधि

तांबे से कॉपर सल्फेट बनाने की विधि का उल्लेख रसार्णव में मिलता है। जैसा की आप जानते है कि जब तांबे को सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ मिलाया जाता है, तो हमे कॉपर सल्फेट की प्राप्ति होती है।

ताम्रदः जलैरयोगे जयते तुत्यकम् शुभम्।

2.4.1.3. धातुओं का भस्म का वर्णन

जब किसी धातु के हानिकारक गुणों को रासायनिक प्रक्रिया द्वारा हटा दिया जाता है और धातु को राख में बदल दिया जाता है तो उसे भस्म कहते है। लौह (लौह-भस्म), चाँदी (रजत-भस्म), सोना (सुवर्ण-भस्म), तांबा (ताम्र-भस्म), सीसा (सीस-भस्म) और टिन (वंग-भस्म) की राख का उपयोग औषधीय कार्यों के लिए किया जाता था और आधुनिक समय में भी किया जा रहा है।

2.4.2. वेदों में जल की उत्पत्ति का वर्णन

आधुनिक समय में जल संकट एक बहुत बड़ी समस्या बनता जा रहा है। ऐसे में इसकी उत्पत्ति एवं रखरखाव का महत्त्व भी बढ़ चुका है। अब आगे देखते है कि वेदों में जल के विषय में क्या कहा गया है? अथर्ववेद में जल के संघटन (composition) का वर्णन मिलता है। अथर्ववेद के अनुसार जल दो तत्वों से बना है। ये तत्व हैं अग्नि (oxygen) एवं सोम (hydrogen)।

अग्नीषोमौ विभ्रति-आप इत् ताः (अथर्ववेद 3.13.5)

वेदों में ऑक्सीजन के लिए अनेक शब्दों का प्रयोग किया गया है उदाहरण के लिए अग्नि, मित्र, मातरिश्वा और वैश्वानर अग्नि आदि। इसी प्रकार हाइड्रोजन के लिए सोम, जल, सलिल, आपः, वरुण आदि शब्दों का प्रयोग मिलता है। अथर्ववेद का कथन है कि जल (water) में मातरिश्वा वायु (oxygen) विद्यमान है।

अप्सु-आसीन्-मातरिश्वा प्रविष्टः (अथर्ववेद 10.8.40)

ऋग्वेद के एक मन्त्र में कहा गया है कि जल (water) में वैश्वानर अग्नि (oxygen) विद्यमान है।

वैश्वानरो यासु-अग्निः प्रविष्टः, ता आपः (ऋग्वेद 7.49.4)

2.4.2.1. जल का सूत्र

ऋग्वेद के एक मन्त्र में जल के सूत्र का वर्णन मिलता है. इस मंत्र में कहा गया है कि मित्र और वरुण के संयोग से जल प्राप्त होता है।

मित्रं हुवे पूत्दक्षम् वरुणं च रिशादसम्।
धियं घृताचीं साधन्ता।। (ऋग्वेद 1.2.7)

अर्थात् जल की प्राप्ति हेतु, मैं प्रवित्र ऊर्जा को धारण करने वाले मित्र (oxygen) एवं सभी दोषों का नाश करने वाले वरुण (hydrogen) को ग्रहण करता हूँ। इस मन्त्र में मित्र शब्द ऑक्सीजन के लिए और वरुण शब्द हाइड्रोजन के लिए प्रयुक्त किया गया है। किन्तु इन दोनों की अनुपातिक मात्रा का स्पष्ट वर्णन नहीं है।आधुनिक विज्ञान के अनुसार जल का सूत्र होता है- H_2O। इसके अनुसार हाइड्रोजन गैस (H_2) के दो अणु (molecule) और ऑक्सीजन गैस (O_2) के एक अणु को किसी पात्र में रखकर उसमें विद्युत-तरंगें प्रवाहित करने के फलस्वरूप जल के दो अणु की प्राप्ति होती है।

$$2H_2 + O_2 \rightarrow 2H_2O$$

ऋग्वेद में हाइड्रोजन गैस और ऑक्सीजन गैस के अनुपातिक मात्रा का स्पष्ट किया गया है।ऋग्वेद के अनुसार (ऋग्वेद 7.33.10 से 7.33.13), एक कुम्भ में मित्र और वरुण के रेत वीर्य (कण) को एक साथ उचित मात्रा में डाला गया, जिसके परिणाम स्वरूप वसिष्ट और अगस्त्य ऋषि का जन्म हुआ। इस कार्य हेतु विद्युत प्रवाहित किया गया। वसिष्ट और अगस्त्य उर्वशी (विद्युत) के मानस पुत्र है, अर्थात् ये दोनों उर्वशी के मन से उत्पन्न हुए है।

(अ) विद्युतोज्योतिःपरिसंजिहानम् मित्रावरुणा यद्पश्यन्ताम् तवा।
तत्तेजन्मउतैकंवसिष्ट, अगस्त्यो।। (ऋग्वेद 7.33.10)
(ब) उतासिमैत्रावरुणो वसिष्ठ, उर्वश्यां मनसोअधि जातः। (ऋग्वेद 7.33.11)
(स) अप्सरसः परि जज्ञे वसिष्ठः।
द्रप्सं स्कत्रं .. पुष्करे त्वाददंत।। (ऋग्वेद 7.33.12)
(द) कुम्भे रेतः सिषिचतुः समानं।
ततो जातमाहुर्वसिष्ठम्।। (ऋग्वेद 7.33.13)

इस मन्त्र में स्पष्ट कहा गया है कि मित्र और वरुण के संयोग से वसिष्ट यानि जल की उत्पत्ति हुई। साथ ही यह स्पष्ट कहा गया है कि जब तक विद्युत प्रवाह द्वारा उसमें चंचलता उत्पन्न नहीं की जाती है, तब तक जल नहीं बनेगा।इन मंत्रों में पुष्कर एवं कुम्भ शब्द परखनली (testtube) की ओर संकेत करते है।उर्वशी जिसका शाब्दिक अर्थ होता है- विशाल क्षेत्र में व्याप्त अर्थात् विद्युत (electricity)।आगे इन मंत्रों में वसिष्ट और अगस्त्य नाम जल के लिए प्रयुक्त हुआ है।

2.4.2.2. मित्र-वरुण वृष्टिकर्ता

अंतरिक्ष में जल की उत्पत्ति का उपरोक्त क्रम चलता रहता है, इसी से वृष्टि होती है। यजुर्वेद में समुद्र आदि के जल का भाप में परिवर्तित होकर वायु के द्वारा आकाश में जाने का वर्णन किया गया है। वहाँ मित्र (oxygen) एवं वरुण (hydrogen) विद्युत के संपर्क में आने से बादल में परिवर्तित होकर वृष्टि करते है। यदि मित्र एवं वरुण संपर्क में न आए तो न तो बादल बनेगा और नहीं वृष्टि होगी। यजुर्वेद में बादलों को जल का सूक्ष्म (भस्म) रूप कहा गया है।

(अ) मित्रावरुणौ त्वा वृष्ट्यावताम्। (यजुर्वेद 2.16)
(ब) मारुतं पृषतीर्गच्छ, वशा पृश्निर्भुत्वा दिवं गच्छ,
ततो नो वृष्टिमावह। (यजुर्वेद 2.16)
(स) अभ्रं वा अपां भस्म। (यजुर्वेद 13.53)

2.4.2.3. जल का महत्त्व एवं प्रमुख गुण

अथर्ववेद (3.7.5) के अनुसार, जल से सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जा सकता है। यह आनुवंशिक रोगों को भी नष्ट करता है।ऋग्वेद (1.23.23) के अनुसार, जल में सोम आदि रसों को मिलाकर सेवन करने से मनुष्य दीर्घायु को प्राप्त करता है।

अथर्ववेद (6.24.1) में जल के अनेक गुणों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि हिमालय से निकालने वाली नदियों का जल विशेष लाभकारी होता है, इसका उपयोग हृदय संबंधित रोगों में करना चाहिए। बहता हुआ जल, रुके हुए जल की अपेक्षा शुद्ध एवं गुणकारी होता है। जल बलवर्धक होता है जो शरीर को सुन्दरता प्रदान करता है। यह मनुष्य को शक्ति और गति प्रदान करता है। मनुष्य को पौष्टिकता और कर्मठता के लिए शुद्ध जल का सेवन करना चाहिए (अथर्ववेद 1.5.1 एवं 6.23.3)। जल मानवमात्र को जीवन प्रदान करता है। यही जीवन का आधार भी है। जल के बिना मानव का जीवित रहना संभव नहीं है (अथर्ववेद 1.5.4)।

अत्यंत गहराई से निकाला हुआ जल अति उत्तम होता है। चिकित्सा के लिए यह सर्वोत्तम होता है (अथर्ववेद 19.2.3)। जल में संजीवनी शक्ति होती है। इसके सही प्रकार से उपयोग करने से

मनुष्य सौ वर्ष की आयु पाप्त कर सकता है (अथर्ववेद 19.69.1)। जल में अग्नि और सोम दोनों तत्व है, इसलिए जल का प्रभाव तीव्र होता है। आग्नेय तत्व के द्वारा यह प्राण शक्ति देता है और सोमीय तत्व के द्वारा तेजस्विता देता है (अथर्ववेद 3.13.5)।

2.4.2.4. जल के सामान्य गुण

जल पदार्थों को गीला करता है और दोषों को निकलता है (अथर्ववेद 7.89.3)।स्थान एवं आश्रय के भेद होने पर जल के गुणों में भी भेद हो जाता है। वर्षा का जल सर्वोत्तम होता है (अथर्ववेद 7.89.1)। बहता हुआ जल निर्दोष और गुणकारी होता है (अथर्ववेद 6.23.1)। अतः रुका हुआ व दूषित जल अग्राह्य है.

अथर्ववेद में शरीरविज्ञान की दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण बात कही गई है कि शरीर में आठ प्रकार का जल होता है अर्थात् शरीर की सात धातुएं एवं गर्भ अर्थात् रस, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, वीर्य एवं गर्भ ये सभी जल के विभिन्न रूप है (अथर्ववेद 11.8.29 से 11.8.32)।

2.4.2.5. जल में सभी देव (तत्व)

ऋग्वेद और अथर्ववेद में वर्णन है कि जल में सभी देवों (तत्वों) का निवास है। अतः जल देवालय है। जल के आधार पर ही सम्पूर्ण रसायन विज्ञान आधारित है। जल में देवों को सदा तैयार कहा गया है, इसका अभिप्राय यह है कि जल में जो जब चाहे, जहाँ चाहे परीक्षण कर सकता है।

(अ) यद् देवा अदः सलिले, सुसंरब्धा अतिष्ठत। (ऋग्वेद 10.72.6)

(ब) प्रविष्टा देवाः सलिलानि-आसन्। (अथर्ववेद 10.8.40)

इससे यह भी ज्ञात होता है कि जल की प्रत्येक कणिका (molecule) में छेद (पोल) है। अतः जल में शक्कर या नमक की कणिकाएं प्रवेश (घुलना) करती है।यदि जल ठोस होता तो उसमें चीनी या नमक प्रवेश नहीं हो पाताअर्थात् चीनी एवं नमक का जल में घुलना नहीं हो पाता।

'प्रविष्टा देवाः सलिलानि-आसन्' से यह सिद्ध होता है कि जल में देवताओं के प्रवेश के लिए स्थान है। इससे पता चलता है कि जल अखंड, अविभाज्य या अविभक्त नहीं है। इसी प्रकार सोना (gold) भी अखंड या अविभाज्य नहीं है। सोने को तपाने पर इसके रेणुओं/अणुओं (molecule) कम्पन करने लगते है। जल और स्वर्ण आदि के अन्दर खाली स्थान है, अतः इनको कम्पन करने के लिए स्थान मिल जाता है। परमाणु (atom) के भीतर भी खाली स्थान होता है। इसीलिए इलेक्ट्रान परमाणु में गतिशील रहते है।ऋग्वेद में अणुओं के इस प्रकार के कम्पन को अणुओं नृत्य करना कहा गया है। इस प्रकार आप देख सकते है कि प्रत्येक इलेक्ट्रान नृत्य कर रहा है। जल व स्वर्ण आदि को उच्च ताप पर तपाने पर यह नृत्य देखने को मिलता है।

अत्रा वो नृत्यतामिव तीव्रो रेणुरपायत. (ऋग्वेद 10.72.6)

लार्ड केल्विन द्वारा किए गए अध्धयन से यह पता चलता है कि जल की एक बूंद में जल के लगभग 10^{24}(अर्थात् 1 के बाद 24 शून्य) अणु पाए जाते है। इनमें से प्रत्येक कण या रेणु या अणु लगातार नृत्य (कम्पन) कर रहा होता है। इसी प्रकार प्रसिद्ध वैज्ञानिक मैक्सवेल, क्लौसिअस एवं स्टोनी आदि ने एक घन मिलीमीटर ($1\ mm^3$) गैस (अत्यंत अल्प मात्रा) में पाए जाने वाले अणुओं की गणना की तो ज्ञात हुआ कि इनकी संख्या 4×10^{16}(अर्थात् 4 के बाद 16 शून्य) है।इस प्रकार

ज्ञात होता है कि चाहे जल हो या गैस, इसके छोटे से कण में भी असंख्य अणु या रेणु (molecules) होते है।

2.4.3. रसायन शास्त्र की प्रमुख शाखाएँ

यदि रसायन विज्ञान की प्रमुख शाखाओं की बात की जाय तो आधुनिक विज्ञान के अनुसार रसायन विज्ञान की तीन प्रमुख शाखाएँ मानी जाती है। ये शाखाएँ इस प्रकार है:-

(अ) अकार्बनिकरसायन (Inorganic Chemistry)

(ब) कार्बनिक रसायन (Organic Chemistry)

(स) भौतिक रसायन (Physical Chemistry)

परन्तु वेदों में रसायन विज्ञान का ऐसा किसी प्रकार के विभाजन या शाखाओं का वर्णन नहीं मिलता है। तथापि उपरोक्त शाखाओं में आने वाली विषयों पर कुछ संक्षिप्त विवरण अवश्य प्राप्त होता है।

2.5 सारांश

वेद विश्व साहित्य में अतिप्राचीन ज्ञान के स्रोतों में से एक है। वेदों में दर्शनशास्त्र, आचारशास्त्र, संगीत, आयुर्वेद, धर्म, ज्योतिष आदि विषयों के वर्णन के साथ-साथ विज्ञान के अपूर्व भण्डार भी देखने को मिलते है।वेदों में भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित, शिल्प-विज्ञान, कृषि-विज्ञान, भूगर्भ-विज्ञान, वृष्टि-विज्ञान, पर्यावरण आदि का वर्णन मिलता है। वैदिक विज्ञान के अनुसार, अथर्व ऋषि को प्रथम वैज्ञानिक की मान्यता दी गयी है जिन्होंने घर्षण विधि द्वारा अग्नि की उत्पत्ति की थी। इस अग्नि का उपयोग प्रायः यज्ञ, हवन आदि कार्यों हेतु किया जाता था।अथर्व ऋषि ने ही जलीय विद्युत एवं भूगर्भीय अग्नि का अविष्कार किया था।भौतिक विज्ञान में वर्णित ऊर्जा (अग्नि) एवं ऊर्जा के विभिन्न गुणों का उल्लेख प्राचीन वेद ग्रंथों में मिलता है। तैत्तिरीय संहिता में ऊर्जा उत्पन्न करने के वाले संयंत्रों जैसे वात-यंत्र, दिशा-यंत्र, ऋतु-यंत्र एवं तेजस-यंत्र का वर्णन मिलता है।ध्वनि तरंगों के मापन हेतु वाग्य-यंत्र का प्रयोग किया जाता था।वेदों में सूर्य एवं सौर ऊर्जा (ऊर्जा का आधुनिक स्रोत) का विस्तृत उल्लेख देखने को मिलता है। वेदों में कपड़ों की रंगाई से लेकर धातुओं के आभूषण एवं भस्म बनाने की विधियों का वर्णन मिलता है। साथ ही वेदों में जल की उत्पत्ति, जल का सूत्र और गुणों का भी विस्तृत वर्णन मिलता है। वेद मंत्रों एवं ऋचाओं में अनेक प्रकार की भौतिक एवं रासायनिक अभिक्रियाओं का भी उल्लेख प्राप्त होता है।

2.6 परिभाषित शब्दावली

वृष्टि – वर्षा, मौसम

भूगर्भीय – भूमि के अन्दर की

दोहन – उपभोग करना

द्युलोक – स्वर्ग लोक

द्यावापृथिवी – स्वर्ग और पृथ्वी

वात – हवा या वायु

तेज – प्रकाश

न्यूनतम – सबसे कम
पुरुरूप – अनेक रूप धारण करने वाला
चराचर – जड़ और चेतन
नाना – अनेक, कई
आदित्य – सूर्य
न्यूनतम – सबसे कम
कुम्भ – घड़ा
उर्वशी – विशाल क्षेत्र में व्याप्त, विद्युत
वृष्टिकर्ता–वर्षा करने वाला
वृष्टि – वर्षा
अग्राह्य – ग्रहण न करने योग्य
तपाना – उच्च ताप पर गर्म करना

2.7 अभ्यास हेतु प्रश्न

1. वेदों के अनुसार, ऊर्जा का स्वामी किसे माना गया है?
2. अथर्व ऋषि के अनुसार, अग्नि को किन-किन विधियों द्वारा उत्पन्न किया जा सकता है?
3. वेदों में किसे विश्व का प्रथम वैज्ञानिक कहा गया है?
4. तैत्तिरीय संहिता में ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु किन संयंत्रों का वर्णन मिलता है?
5. ध्वनि के मापन के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता था?
6. ऊर्जा के अविनाशीता के सिद्धांत का वर्णन किस वेद में मिलता है?
7. ऊर्जा के अविनाशीता का सिद्धांत क्या है?
8. रेडियो और टेलीविज़न की संरचना ऊर्जा के किस गुण के आधार पर हुई है?
9. टेलीफ़ोन की संरचना ऊर्जा के किस गुण के आधार पर हुई है?
10. वेदों में सूर्य को ब्रह्माण्ड की आत्मा क्यों कहा गया है?
11. वेदों में सोम शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है?
12. सूर्य के प्रकाश में किस-किस रंग की किरणें पायी जाती हैं?
13. इन्द्रधनुष में कितने रंग पाए जाते है?
14. सूर्य को ब्रह्माण्ड की आत्मा क्यों कहा जाता है?
15. रसार्णव की रचना किसने की थी?
16. वैदिक काल में धातु के भस्मों का प्रयोग किस कार्य हेतु किया जाता था?
17. जस्ते से सोना कैसे प्राप्त होता है?
18. तांबे से कॉपर सल्फेट कैसे बनता है?
19. जल का सूत्र क्या होता है?
20. जल की उत्पत्ति किन दो तत्वों के मिलाने से होती होती है?
21. जल की उत्पत्ति का रासायनिक अभिक्रिया क्या है?
22. जल के महत्त्वपूर्ण गुणों का वर्णन करें।

23. 'प्रविष्टा देवाः सलिलानि-आसन्' से क्या तात्पर्य है?
24. जल के एक बूंद में जल के लगभग कितने अणु विद्यमान हो सकते है?
25. रसायन विज्ञान की प्रमुख शाखाएँ कौन-कौन हैं?

2.8 सन्दर्भ ग्रंथों की सूची

1. वेदों में विज्ञान, डॉ० कपिलदेव द्विवेदी, विश्वभारती अनुसन्धान परिषद्, ज्ञानपुर (भदोही), 2000.
2. वेद में भौतिक विज्ञान, ऋचा योगमयी, अमर स्वामी प्रकाशन विभाग, गाज़ियाबाद, 2018.
3. परिचय वैदिक भौतिकी, विशाल आर्य, वेद विज्ञान मंदिर, भागल भीम, राजस्थान, 2021.
4. वैदिक भौतिकी, वेब पेज पुराण-वेदस (www.puranvedas.com).
5. वैदिक रसायन शास्त्र, वेब पेज पुराण-वेदस (www.puranvedas.com).
6. वेदों में वैज्ञानिक तत्व, डॉ० स्वामी परमार्थदेव, शोधसंहिता 10(2), 237-249 (2023).

इकाई–3 वैदिक वनस्पति एवं पर्यावरण विज्ञान

इकाई की रूपरेखा

3.1 प्रस्तावना
3.2 उद्देश्य
3.3 वेदों में पर्यावरण चेतना
3.3.1 पर्यावरण का अर्थ एवं परिभाषा
3.3.2 वेदों में पारिस्थितिकी तन्त्र
3.3.3 वेदों में पारिस्थितिकी सन्तुलन
3.3.4 अथर्ववेद में पर्यावरण प्रदूषण
3.3.4.1 प्रदूषण
3.3.4.1.1 भौतिक प्रदूषण के प्रकार
(i) वायु प्रदूषण
(ii) जल प्रदूषण
(iii) भूमि प्रदूषण
3.4 वेदों में अन्य प्रकार के प्रदूषण
3.5 वेदों में पर्यावरण संरक्षण
3.5.1 वेदों में पर्यावरण संरक्षण के उपाय
3.6 सारांश
3.7 परिभाषित शब्दावली
3.8 अभ्यास हेतु प्रश्न
3.9 सन्दर्भ (References) ग्रन्थों की सूची

3.1 प्रस्तावना

जैसा कि आप जानते हैं वेद ज्ञान के अनन्त सार्वभौमिक एवं सार्वग्राही स्रोत हैं। वेद मानव जीवन के सभी पहलुओं से सम्बध रखता है। मानव चिंतन की सम्पूर्णता वेद में निहित है। बिल डूरेंट ने अपने चिंतन में भारत के सन्दर्भ में यह विचार व्यक्त किया था कि–''भारत हमें परिपक्व मस्तिष्क की सहनशीलता, सौम्यता और आत्मा की अग्रहणशीलता, सुबुद्ध आत्मा की शांति और सभी जीवधारियों के बीच एकता और प्रेम की दृष्टि प्रदान करेगा।''[1] वेदों में विश्व की जटिल एवं गम्भीर समस्याओं का समाधान निहित है। अतः आज विश्व में वैदिक ज्ञान को जानने की जिज्ञासा निरन्तर बढ़ रही है। ''वैदिक ज्ञान चेतना के सभी रूपों एवं स्तरों को प्रकाशित करने वाला है।''[2]

पर्यावरण सम्बन्धी आधारभूत अवधारणाओं को सर्वप्रथम वेदों में देखा जा सकता है। वेदों में पर्यावरण चेतना एवं चिंतन प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में सर्वत्र देखा जा सकता है।

उन्नीसवीं शती में शुरू हुई औद्योगिक क्रांति के दुष्प्रभाव को आज इक्कीसवीं सदी में पर्यावरण सम्बन्धी समस्याओं के रूप में सर्वत्र महसूस किया जा रहा है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, भौतिक और जैविक आदि सभी स्तरों पर मानव के लिए पर्यावरण समस्या आज गम्भीर रूप धारण कर चुकी है। जैवमण्डल के विघटन की समस्या आज सामने खड़ी है। सभी इस चुनौती से निपटने के लिए गम्भीर चिन्तन–मनन कर रहे हैं। परन्तु पर्यावरण सम्बंधी समस्याओं के हल के उपाय अभी मूर्त रूप नहीं ले पाये हैं।

प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन ने अनेकों रूपों में पर्यावरण प्रदूषण तथा जैविक विविधता ह्रास इत्यादि से सम्बन्धी समस्याओं को जन्म दिया है। वर्तमान में पर्यावरणीय समस्याएँ समस्त विश्व की गम्भीर चिन्ता का केन्द्र बिन्दु है। विकसित एवं विकासशील देश पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक योजनायें बना रहे हैं और धन भी व्यय कर रहे हैं। विभिन्न देश पर्यावरण सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु स्वतंत्र मंत्रालय स्थापित कर रहे हैं। भारत में भी पृथ्वी मंत्रालय की स्थापना की गई है। नये–नये अनुसंधान किये जा रहे हैं, परन्तु आधुनिक विज्ञान पर्यावरण सम्बन्धी समस्याओं का समाधान नहीं ढूँढ पा रहा है। वस्तुतः आर्थिक विकास के साथ पर्यावरणीय समस्याएँ नित्य गम्भीर रूप धारण करती जा रही हैं। 1972 ई० में नार्वे की राजधानी स्टाकहोम में **'मानव पर्यावरण'** सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम पर्यावरण प्रदूषण एवं विघटन की ओर वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया गया। परन्तु हमारे ऋषियों को हजारों वर्ष पूर्व इस गम्भीर संकट का आभास हो गया था और उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु उपाय संसार के सम्मुख प्रस्तुत किये।

नैसर्गिक संसाधनों के असीमित दोहन के परिणामस्वरूप वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, रेडियाधर्मी प्रदूषण, हरित ग्रह प्रभाव, जैव विविधता ह्रास आदि अनेकों रूपों में पर्यावरण पर प्रभाव नकारात्मक रूपों में देखा जा सकता है।

पर्यावरण संबंधी चिन्तन की प्राचीनतम परम्परा का प्रथम साक्षात्कार वेदों में होता है। चारों वेदों पर्यावरण सम्बन्धी चिन्तन उपलब्ध होता है, किन्तु अथर्ववेद में यह व्यापक रूप में प्रतिपादित किया गया है। अथर्ववेद में रोग दूर करने वाली औषधियों, मृत्यु को दूर करने वाले साधनों तथा ब्रह्म (ज्ञान) के सन्दर्भ में विशद् विवेचन हुआ है। शांति स्थापित करना अथर्ववेद का साध्य रहा है, परन्तु पर्यावरण प्रतिरक्षण जैसी अद्यतन समस्याओं के सन्दर्भ में अथर्ववेद का अनुशीन अब तक नहीं हुआ है। अथर्ववेद में पर्यावरण चेतना सर्वत्र परिलक्षित है परन्तु पर्यावरण शब्द उपलब्ध नहीं है। किन्तु इसका संकेत 'वृतावृता' (12.1.52), छन्दांसि (10.2.17) पर्यभवत् (10.2.18) आदि शब्दों के सन्दर्भ में उपलब्ध होता है।

वेदों में पर्यावरण के आरम्भिक स्वरूप सृष्टि उत्पत्ति से लेकर प्रदूषण निवारण तक की चेतना व्याप्त है। वैदिक आर्य सदैव पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत रहे हैं। पर्यावरण के विकास में ही उन्होंने अपना विकास एवं उसके हित में ही अपना हित समझा।

3.2 उद्देश्य

- इस इकाई के अध्ययन से पर्यावरण विज्ञान से सम्बन्धित तत्वों को जान सकेंगे।
- इस इकाई के अध्ययन से पारिस्थितिकी से सम्बन्धित विभिन्न घटकों को जान सकेंगे।
- इस इकाई के अध्ययन से जन्तुओं एवं पादपों के आपसी सम्बन्धों को जान सकेंगे।
- इस इकाई के अध्ययन से पर्यावरण प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों को जान सकेंगे।
- इस इकाई के अध्ययन से पर्यावरण एवम् जैव विविधता के संरक्षण के महत्व को समझ सकेंगे।

3.3 वेदों में पर्यावरण चेतना

पर्यावरण चेतना से तात्पर्य है कि मनुष्य यह समझे एवं स्वीकार करे कि प्रकृति प्रदत्त पर्यावरण के साथ संगति रहने में सुख एवं समृद्धि है एवं प्रकृति प्रदत्त पर्यावरण के साथ विसंगति में वेदना एवं विभीषिका अन्तर्निहित है। पर्यावरण चेतना का रचानात्मक स्वपरूप यह है कि मनुष्य पारिस्थिति संतुलन को सुरक्षित रखे। वैदिक संदर्भ में पर्यावरण चेतना का अभिप्राय यह है कि पर्यावरणीय घटकों – संघटकों के महत्व को समझना तथा उसके अनुकूल आचरण करना, उसका समुचित उपयोग करना तथा उसका संवर्धन व संरक्षण करने का प्रयत्न करना।

3.3.1 पर्यावरण का अर्थ एवं परिभाषा

पर्यावरण का अर्थः– पर्यावरण पद परि तथा आवरण दो शब्दों से मिलकर बना है। 'परि' का अर्थ है चारों ओर तथा आवरण का अर्थ है आच्छादन (ढकना)

करना। इस प्रकार पर्यावरण एक आवरण है जो जीव–जगत् को चारों ओर से आवृत्त किये रहता है। **'परितः आवृणोति जीव जगदिति पर्यवरणम्'।** मानव के जीवन निर्वाह के लिए भौतिक संसाधनों के अतिरिक्त सांस्कृतिक परिवेश की आवश्यकता है। इस दृष्टि से पर्यावरण के दो भेद हैं– भौतिक तथा सांस्कृतिक

भौतिक पर्यावरण मूलतः प्रकृति निर्मित होता है जबकि सांस्कृतिक पर्यावरण मानव निर्मित।

परिभाषा :– **एनसाइक्लोपीडिया आफ ब्रिटेनिका** के अनुसार–पर्यावरण उन सभी वाह्य प्रभावों का समूह है जो जीवों को भौतिक एवं जैविक शक्ति से प्रभावित करते रहते हैं तथा प्रत्येक जीव को आवृत्त किये रहते हैं।

पार्क सी०सी० के अनुसार–पर्यावरण का अर्थ उन दशाओं के योग से होता है जो निश्चित समय में निश्चित स्थान पर आवृत्त करती है।[3]

पर्यावरण से हमारा तात्पर्य है किसी भी प्राणी या मानव या समाज के चारों ओर विद्यमान समस्त परिवेश। जलमण्डल, स्थलमण्डल तथा वायुमण्डल तीनों सम्मिलित रूप से समग्र पर्यावरण की संरचना करते हैं। वे सभी पदार्थ पर्यावरण के अंग हैं जो किसी न किसी रूप में पृथिवी की जैविक प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं।

अथर्ववेद के मंत्रों से स्पष्टतः ज्ञात होता है कि वे वर्तमान पर्यावरण विषयक अवधारणाओं से परिचित थे। एक मंत्र में प्रश्न उठाया गया है कि भूमि को किसने आच्छादित किया है ? किसने द्युलोक को घेरा है? किसने महिमा से पहाड़ों को ढका है? पुरुष किससे कर्मों को करता है?[4] इस प्रश्नांश के समाधान में कहा गया है कि जल, वायु और औषधियों ने इन भुवन को आच्छादित कर रखा है।[5]

अथर्ववेद के एक मंत्र[6] की व्याख्या करते हुए श्रीपाद सातवलेकर[7] ने माना कि यह जगत् पृथ्वी, आप, तेज, वायु, आकाश, तन्मात्र और महत्तत्व इन सातों के द्वारा चलाया जाता है तथा एक ही महत्त्व इन सातों में परिणत होकर इस जगत को चलाता है।

श्रीपाद दामोदर सातवलेकर के अनुसार जगत् के मूल में जो सात पदार्थ– पृथ्वी, आप, तेज, वायु, आकाश, तन्मात्र और अहंकार है– ये ही संपूर्ण जगत में दिखाई देने वाले विविध रूप धारण करते हैं।

अथर्ववेद में हमें प्राकृतिक पर्यावरण के साथ सांस्कृतिक पर्यावरण के प्रति भी चेतना दृष्टिगत होती है। श्रेष्ठ सांस्कृतिक जीवन मूल्य प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित करते हैं। मानव जीवन में जो कुछ भयानक, क्रूर और पापमय है वही पारिस्थितिकी असंतुलन व प्रदूषण के लिए उत्तरदायी है। अतः जीवन में शान्ति व शिवत्व की कामना की गई है।8

3.3.2 वेदों में पारिस्थितिकी तन्त्र

प्रकृति के दो प्रमुख घटक जीवन (Organism) और पर्यावरण (Environment) परस्पर संबंधित एवं परस्पर अभिक्रियाशील है। जीवों तथा उनके पर्यावरण के पारस्परिक संबंधों के अध्ययन को पारिस्थितिकी कहते हैं।

प्रकृति के पारिस्थितिकी तन्त्र के अन्तर्गत पर्यावरण के समस्त घटक परस्पर सम्बद्ध हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् के अनुसार परमात्मा से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अतग्नि, अग्नि से जल व जल से पृथिवी एवं पृथिवि से औषधियाँ प्रकट हुई। औषधियों से अन्न व अन्न से रेतस् प्रादुर्भूत हुआ और रेतस् से पुरुष।[7]

वेदों में मानव का पारिस्थितिकी तंत्र में वही स्थान है जो किसी भी अन्य जन्तु या पौधे का अपने पारिस्थितिकी तंत्र में होता है। वैदिक जन विभिन्न जैविक आवश्यकताओं की पूर्ति पर्यावरणीय तत्वों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखकर करते थे। वे इस सत्य से परिचित थे कि सम्पूर्ण विश्व में ईश्वर व्याप्त है, अतः त्यागपूर्वक जगत् के पदार्थों का उपयोग करना चाहिए, लालच नहीं करना चाहिए।[8] जगत् के पदार्थों का त्यागपूर्वक भोग करने के उद्देश्य से वे देवताओं के लिए हव्य विशेष का समर्पण करते थे। हव्य विश्व के समर्पण द्वारा प्राकृतिक पदार्थों के संदोहन से क्षरित गुणवत्ता की क्षतिपूर्ति करते थे।

वेदों के अनुसार सृष्टि में रचित समस्त पदार्थों एवं प्राणियों पर निर्भर है। यथा– औषधि व वनस्पतियों वायु शोधन के साथ वृष्टि में भी सहायक होती है। जल तथा वनस्पति एक दूसरे के पूरक हैं। तैत्तिरीय ब्राह्मण औषधियों को **'वर्षवृद्ध'** कर रहा है।[9] यजुर्वेद में जल को औषधियों से बढ़ने वाला और औषधियों को जल से बढ़ने वाला कहा गया है।

3.3.3 वेदों में पारिस्थितिकी सन्तुलन

पारिस्थितिकी सन्तुलन को बनाये रखने के लिए ऋषि सावधान थे। उनका निर्देश था कि पृथ्वी के जिस भाग को खोदें वह शीर्घ ही भर जावे। पृथ्वी के नाजुक स्थानों में क्षति या चोट न पहुँचे। समस्त जीव–जन्तु पारिस्थितिकी संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक होते हैं। अतः चलते–फिरते, बैठेहुए, खड़े हुए दाहिने या बायें पाँव से टहलते हुए भूमि में किसी को दुःख न देने की बात ही गयी है।[4]

पारिस्थितिकी संतुलन हेतु पर्वत, समुद्र, नदियों आदि सभी का नियमबद्ध होना आवश्यक है।[10] क्योंकि संपूर्ण जैवमण्डल के नियमित तथा सुव्यवस्थित रहने पर ही मस्त वर्षा करते हैं।[11] पारिस्थितिकी संतुलन के मूल में जीव–वनस्पतियों आदि के सह–अस्तित्व का भाव है। प्रकृति का संतुलन भी इसी पर आधारित है। शाश्वत नियम यह है कि स्थिर पर्वत कभी झुकते नहीं हैं, द्रोहरहित द्यावापृथिवी भी उसका उल्लंघन नहीं करती। अतः बुद्धिमानों से यह अपेक्षा है कि वे प्रकृतिगत प्रकृति के नियमों का पालन करें।

3.3.4 अथर्ववेद वेद में पर्यावरण प्रदूषण

पर्यावरण प्रवृत्ति का स्वयं का अनुशासन व संतुलन है। इस अनुशासन एवं संतुलन के भंग होने से प्रदूषण उत्पन्न होता है। प्रदूषण एक ऐसी अवांछित स्थिति है जिसमें भौतिक, रासायनिक व जैविक परिवर्तनों के द्वारा हवा, जल और धरातल अपनी नैसर्गिक गुणवत्ता खो देते हैं और जीवधारियों के लिए हानिकारक होने लगते हैं। इससे जीवन प्रक्रिया बाधित होती है।

पर्यावरण के मुख्य घटक पृथिवी, जल और वायु आदि के प्रदूषण से मानव जीवन एवं धरती का अस्तित्व आज संकट में है। आज से हजारों वर्ष पूर्व वैदिक समय में भी यह समस्या किसी न किसी रूप में रही है।

3.3.4.1 प्रदूषण

अथर्ववेदीय आर्य प्रदूषण की अवधारणा से परिचित थे। पर्यावरण में मानवकृत प्रदूषण की प्रक्रिया मानव सभ्यता के विकास के साथ ही प्रारंभ हो गयी थी। प्रदूषण शब्द अथर्ववेद में नहीं मिलता, किन्तु इसका संकेत 'दूषिः', 'दूष्यां', विषदूषणम', 'दूषणं' व 'दूषीका' इन शब्दों में मिलता है।

प्रदूषण के स्वरूप के आधार पर प्रदूषण को दो प्रमुख वर्गों में विभाजित किया जा सकता है–

(अ) भौतिक प्रदूषण तथा

(ब) सांस्कृतिक प्रदूषण

(अ) भौतिक प्रदूषण का तात्पर्य है कि पर्यावरण के भौतिक संघटकों की गुणवत्ता में ह्रास।

(ब) गीता[11] में वर्णित आसुरी सम्पदा–दम्भ, दर्प, अभिमान, क्रोध, पारुष्य अज्ञान–सांस्कृतिक पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले तत्व हैं। अथर्ववेद में वर्णित सप्त मर्यादाएँ व 8.4 सूक्त सांस्कृतिक पर्यावरण को प्रदूषित कर देने वाले तत्व हैं।

3.3.4.1.1 भौतिक प्रदूषण के प्रकार

भौतिक प्रदूषण के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रदूषण सम्मिलित हैं–

(i) वायु–प्रदूषण

(ii) जल–प्रदूषण

(iii) भूमि–प्रदूषण

(iv) ध्वनि प्रदूषण

(i) वायु प्रदूषण

वायुमण्डल पृथ्वी के चारों ओर व्याप्त हवा का आवरण है जिसमें गैस, ठोस, और तरल पदार्थों के कण असमान मालाओं में उपस्थित रहते हैं। वायु में उपस्थित संघट जब अपने निश्चित अनुपात में होते हैं तो ऐसी वायु को शुद्ध वायु कहा जाता है। प्रकृति द्वारा प्रदत्त वायु के सामान्य संगठन में गुणात्मक या मात्रात्मक परिवर्तन वायु प्रदूषण कहलाता है।

अथर्ववेद में वायु प्रदूषण विद्यमान होने के प्रमाण प्राप्त होते हैं। रोमकारी जन्तुओं के वायु में सम्मिलित होने पर जङ्गिण मणि को शरीर पर धारण कर इनकी शक्ति को क्षीण किया जाता था। वायु में व्याप्त अज्ञात रोगों के कीटाणुओं एवं यक्ष्मा रोग के कीटाणुओं को हवन द्वारा दूर करने के उल्लेख अथर्ववेद में मिलते हैं।

आर्य प्रदूषित जलों के प्रति सचेत थे। वे प्रदूषित जलों का अतिसर्जन कर देते थे। एक स्थान पर ऋषि कहता है जो गंदा जल है, उसका अतिसर्जन

करता हूँ, मैं उसका स्पर्श नहीं करुँगा। जल में कल्याणकारी और अकल्याणकारी दोनों प्रकार की अग्नियाँ होती हैं। जलों में अनेक प्रकार के कीड़े होते हैं, उनका शरीर में प्रवेश करना स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक हो सकता है, अतः उनकी उत्पत्ति को ही नष्ट कर देने का वर्णन वेदों में मिलते हैं।

(iii) भूमि प्रदूषण

भूमि जैवमण्डल का वह भाग है जिस प मानव सभी औषधियाँ–वनस्पतियाँ, पशु–पक्षी और जीव–जन्तु निवास करते हैं तथा जो अनेक प्राकृतिक संसाधनों का भण्डार है। भूमि (मिट्टी) एक अति सीमित संसाधन है, जिसकी गुणवत्ता को यथावत बनाये रखना आवश्यक है।

प्राकृतिक कारणों से भूमि के भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणों में ऐसा कोई भी अवांछित परिवर्तन जिसका दुष्प्रभाव मनुष्य तथा पेड़–पौधों पर पेड़–पौधों पर पेड़ अथवा जिससे भूमि की प्राकृतिक गुणवत्ता तथा उपयोगिता नष्ट हो भूमि प्रदूषण कहलाता है।

अथर्ववेद के समय भूमि प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। इसके समाधान के लिए पृथिवी तत्त्व को पृथ्वी में मिलाने की बात कही गई है। ज्ञान के द्वारा पृथिवी पर व्याप्त प्रदूषण को दूर करने का प्रयास किया गया है।

पृथिवी त्वा पृथिव्यामा वेशयामि तनूः समानी विकृता त एषा।
यद्यद द्युतं लिखितमर्पषेण तेन मा सुस्रोर्बह्मणापि तद् वपामि।।

(iv) ध्वनि प्रदूषण

बुध- उपग्रहविहीनयह सौरमंडल के आठ ग्रहों में सबसे छोटा एवं सूर्य का सबसे निकटतम ग्रह है।इसका परिक्रमण(सूर्य की परिक्रमा) काल लगभग 88 दिवस है, जो कि अन्य ग्रहों में सबसे तेज है। बुध के अक्ष का झुकाव सौरमंडल के अन्य किसी भी ग्रह से सबसे कम है,किन्तु कक्षीय विकेन्द्रता सर्वाधिक है। बुध ग्रह अपसौर पर उपसौर की तुलना में सूर्य से करीब 1.5 गुना ज्यादा है। बुध का वायुमंडल ऑक्सीजन, सोडियम, हाइड्रोजन, हीलियम एवं पोटैशियम से मिलकर बना है। इसकी भौतिक संरचना ठोस चट्टानी एवं विभिन्न गड्ढों से निर्मित है।

शुक्र- सूर्य कीपरिक्रमा करने वाला यह दूसरा ग्रह है, जो 224.7 दिनों में सूर्य का एक चक्कर पूर्ण करता है। पाश्चात्य वैज्ञानिकों ने शुक्र ग्रह का नामकरण प्रेम और सौंदर्य की देवी रोमनके नाम पर किया है। आकाश में चंद्रमा के बाद यह रात्रि में तीव्र चमकने वाला ग्रह है। चूँकि शुक्र एक अवर ग्रह है इसलिए पृथ्वी से देखने पर यह कभी सूर्य के समीप ही प्रतीत होता है। शुक्र सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद केवल थोड़ी देर के लिए ही अपनी अधिकतम चमक पर पहुँचता है।यहीं कारण है जिसके लिए यह प्राचीन संस्कृतियों के द्वारा भोर का तारा या शाम का तारा के रूप में संदर्भित किया गया है।बुध ग्रह की भांति इस ग्रह का भी कोई उपग्रह नहीं है।

पृथ्वी-पृथ्वी सौरमंडल का एकमात्र जीवन यापन करने की सभी परिस्तिथियों से युक्त एक नीला ग्रह है। विद्वानों द्वारा इसकी उत्पत्ति 4.54 अरब वर्ष पूर्व मानी की गई है। पृथ्वी सूर्य का एक चक्कर 365 दिनों में पूरा करती है।सूर्य कीपरिक्रमा करने वाला यह तीसरा ग्रह है। इसका 71% भाग जल

एवं 29% भाग विविध धरातलीय स्थलों से युक्त है। इसका परिक्रमण पथ अंडाकार सूर्य सेपरिक्रमा करते हुए यह कभी सूर्य के निकट तथा कभी सूर्य से दूर रहती है। इसी कारण पृथ्वी पर मौसम संबंधी विविध दशाएं उत्पन्न होती हैं। यह अपने अक्ष पर लम्बवत 23.5 डिग्री अवनत रूप में परिभ्रमण करती हुई 24 घण्टे में एक चक्कर पूरा करती है,जिस कारण दिन एवं रात का निर्धारण होता है। यह स्तिथि केवल भूमध्य रेखा उत्तर एवं दक्षिणी क्षेत्रों में होता है,किन्तु इसके ध्रुर्वीय कक्षों पर 6 माह दिन तथा 6 माह रात होती है। पृथ्वी गोलाकार है किन्तु घुमाव के कारण, पृथ्वी भौगोलिक अक्ष में चिपटा हुआ एवं भूमध्य रेखा के आसपास उभार लिया हुआ प्रतीत होता है। पृथ्वी का औसत व्यास 12,742 किलोमीटर (7, 918 मील) है। क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, तापमंडल एवं बहिर्मंडल से व्याप्त पृथ्वी विभिन्न वायु परतों से परिवृत्त है। पृथ्वी का एक मात्र उपग्रह **चन्द्रमा** है, जिसकी गुरुत्त्वाकर्षण शक्ति पृथ्वी को प्रभावित करती है। चंद्रमा, पृथ्वी से करीब 3,84,403 किलोमीटर दूर है, यह दूरी पृथ्वी के व्यास से 30 गुना ज़्यादा है एवं गुरुत्वाकर्षण शक्ति, पृथ्वी की तुलना में छह गुना कम है। उदय नारायण सिंह द्वारा अनुवादित सूर्यसिद्धान्त के भूमिका में उल्लेख किया गया है कि चन्द्रमा 27 दिन 9 होरा 43 मिनट 11.5 सैकेंड में पूरी करता है एवं इसका रंग कृष्ण,लाल तथा श्वेत होता है। चंद्रमा की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के कारण ही पृथ्वी पर समुद्री ज्वार एवं भाटा आते हैं। चंद्रमा, हिन्दू धर्म के नौ ग्रहों में से एक, वैदिक ज्योतिष में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।

मंगल-मंगल को लाल ग्रह कहा जाता है। मंगल ग्रह को सूर्य का प्रक्रिमा में 687 पृथ्वी दिन लगते हैं, अर्थात मंगल को सूर्य की एक परिक्रमा करने में पृथ्वी से लगभग दोगुने से भी कम समय लगता है। यह पृथ्वी की तुलना में कम इसका घनत्त्व, आयतन एवं द्रव्यमान कम है। मंगल ग्रह पर दिन और रात का चक्र एवं मौसम सम्बन्धी परिवर्तन पृथ्वी के सामान होते हैं। मंगल ग्रह के दो छोटे उपग्रह **फ़ोबोस**एवं **डीमोस** हैं। मंगल ग्रह की सतह का रंग लाल-नारंगी होता है। ग्रह पर ज्वालामुखी ओलंपस मॉन्स है, जो माउंट एवरेस्ट से ढाई गुना ज़्यादा ऊंचा है। मंगल ग्रह की सतह पर वैलेस मेरिनेरिस नाम की घाटी है, जो 2,500 मील लंबी और 4 मील गहरी है। मंगल ग्रह के विषय में खगोल वैज्ञानिकों के अनुसंधान में पाया कि मंगल ग्रह की जलवायु, धरातलीय उच्चावच आदि पृथ्वी के सामान ही है। अत एव उन्होंने मंगल ग्रह को पृथ्वी का पुत्र कहा है।

बृहस्पति-बृहस्पति सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है। ग्रहों के क्रम में इसका क्रम पांचवां है, यह सूर्य की एक परिक्रमा11.86 वर्ष में पूरा करता है। इस ग्रह का वायु मंडल विभिन्न गैसों से आवृत्त है, जिसमें हाईड्रोजन तथा हीलियम मुख्य हैं। गुरुत्त्विय एवं चुम्बकीय शक्ति से युक्त इसका द्रव्यमान सूर्य के १०००वें भाग के बराबर है। भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस ग्रह का नामकरण देवताओं के गुरु बृहस्पति के नाम के आधार पर किया गया है। इस ग्रह के कुल **95 उपग्रह** हैं।

शनि-शनि ग्रह बृहस्पति के बाद सौरमंडल दूसरा सबसे बड़ा एवं ग्रहों के क्रम में का छटवां ग्रह है। शनि अपनी वलयाकार आकृति हेतु जाना जाता है। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में शनि ग्रह को सूर्य का पुत्र एवं कर्म फलदाता के रूप में पूजा जाता है तथा पाश्चात्य खगोल वैज्ञानिकों द्वारा इसका नाम कृषि के रोमन देवता के नाम पर रखा गया है। शनि ग्रह के वायुमंडल का 94% हाइड्रोजन तथा 6% भाग

हीलियम आदि गैसों से निर्मित है। शनि ग्रह के **50 उपग्रह** हैं जो इसकी परिक्रमा करते हैं। शनि ग्रह को सूर्य की एक परिक्रमा करने में कुल 29.5 वर्ष का समय लगता है।

अरुण-अरुण ग्रह को यूरेनस के नाम से भी जाना जाता है। ग्रहों के क्रम में यह 7वाँ ग्रह एवं सौरमंडल का तीसरा सबसे बड़ा ग्रह है। अरुण ग्रह अपने अक्ष पर 98 डिग्री पर अवनत हैएवं इसे सूर्य की एक परिक्रमाकरने में 84 वर्ष लगते हैं। इसकी खोज विलियम हर्शेल ने 1781 ई.में की थी, एवं उनके मत में अरुण ग्रह को दूरबीन से देखा जा सकता है। अरुण ग्रह की भौतिक संरचना हिम एवं विभिन्न गैसों से निर्मित है। अरुण ग्रह सूर्य से बहुत दूर है। अरुण ग्रह पर सूरज पश्चिम दिशा में उगता है तथाइस पर 42 वर्ष का दिन एवं 42 वर्ष की रात होती है। अरुण ग्रह पर औसत तापमान -197 डिग्री सेल्सियसरहता है। इस ग्रह पर हाइड्रोजन, मीथेन, एवं हीलियम गैसें हैं जो 04 वलय रूप में इसे परिवृत्त करतें हैं। अरुण ग्रह के **27 उपग्रह** हैं।

वरुण-वरुण ग्रह सौरमंडल का आठवां ग्रह है। इस ग्रह को सूर्य की एक परिक्रमा करने में 164.79 वर्ष का समय लगता हैं, जो की अन्य ग्रहों की अपेक्षा अधिक है। वरुण ग्रह की सूर्य से औसत दूरी 5.28 अरब किलोमीटर है। वरुण ग्रह पर एक दिन पृथ्वी के करीब 16 घंटे का होता है। वरुण ग्रह अपनी धुरी पर 28.3 डिग्री अवनत है। वरुण ग्रह के **13** प्राकृतिक**उपग्रह** हैं, जिसमें**ट्राइटन** सबसे बड़ा उपग्रह है। बृहस्पति, शनि एवं अरुण की भांति ही वरुण की भौतिक संरचना गैसीय आवरण से युक्त है, जिसमें अमोनिया तथा मीथेन मुख्यतः हैं। इस प्रकार बृहस्पति, शनि, अरुण की भांति ही वरुण को सौरमंडल का गैसीय दानव ग्रह कहा जाता है।

यम-यम ग्रह को प्लूटो भी कहा जाता हैं। वर्ष 2006 से पूर्व इसका क्रम सौरमंडल के 9वें ग्रह के रूप में माना जाता था। किन्तु अब इसे बौने ग्रहों की सूची में रखा गया है। प्लूटो, सौरमंडल का सबसे बड़ा बौना ग्रह है। प्लूटो का आकार पृथ्वी के चंद्रमा का एक-तिहाई है। इसे सूर्य की एक परिक्रमा करने में 247.7 वर्ष का समय लगता है। इसकी भौतिक संरचना नाइट्रोजन, मीथेन, और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैसों से निर्मित है। प्लूटो के**05उपग्रह** हैं। प्लूटो को कभी सौरमंडल का सबसे बाहरी ग्रह माना जाता था, किन्तु 18 फ़रवरी 1930 को इसकी खोज के पश्चात इसे सौरमंडल के 9वें ग्रह के रूप में माना गया। वर्तमान खगोलीय अनुसन्धान के पश्चात इस ग्रह को सौरमंडल की कक्षा से बाहर माना गया है, अतःअब खगोल विज्ञान में सौरमंडल के 8 ही ग्रह अंगीकार किए गए हैं।

2.4.2 क्षुद्र ग्रह तथा उल्का पिंड-

कठोर चट्टान एवं धातु से बने सूक्ष्म पिंड जो ग्रहों के साथ-साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं, क्षुद्र ग्रह कहलाते हैं। सबसे छोटे क्षुद्र ग्रह 1 मीटर या 3 फीट माप के बराबर माने गए हैं। सौर माडल का सबसे बड़ा क्षुद्र ग्रह "सेरेस"है। यह मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट में स्थित है। सेरेस को बौने ग्रह का दर्जा भी दिया गया है। वस्तुतः क्षुद्र ग्रह सौरमंडल के सभी ग्रहों की कक्षाओं में पाए जाते हैं, किन्तु सर्वाधिक क्षुद्र ग्रह बृहस्पति तथा मंगल की कक्षा में हैं। सामान्यतः क्षुद्र ग्रह तीन प्रकार के होते हैं-कार्बनयुक्त,पथरीले तथा धातु युक्त। इन्हें आधुनिक खगोल वैज्ञानिकों द्वारा सी-टाइप, एस-टाइप एवं एम-टाइप की संज्ञा दी गई है। मई 2016 तक क्षुद्र ग्रहों की संख्या 614690 थी, किन्तु वर्तमान समय में वैज्ञानिकों के खगोल अनुसंधान के बाद इनकी संख्या इससे भी अधिक मानी गई है। 1 मीटर से बड़े क्षुद्र ग्रहों को उल्का पिंड की संज्ञा दी जाती है। इनकी

संरचना लौह, निकिल आदि मिश्र धातुओं से निर्मित होती है। इन्हें वैज्ञानिकों द्वारा तीन वर्गों में रखा गया-धात्विक, आश्मिक तथा धत्विकाश्मिक। आश्मिक उल्का पिंड के कौंड्राइट (धूल कणों तथा धातु से निर्मित) तथा अकौंड्राइट(कठोर चट्टानों के पृथक अंश)एवं धात्विक उल्का पिंड के क्रमश: अष्टानीक(धात्विक पदार्थ से युक्त अष्टाकृतिनुमा प्लेट) और षष्ठानीक(धात्विक पदार्थ से युक्त षष्ठाकृतिनुमा प्लेट) प्रकार के दो भेद होते हैं। तीव्र जलते हुए प्रकाश के सामन इन सभी उल्कापिंडों में आक्सीजन, आर्गनगैलीयम, एल्युमिनियम, कार्बन,कोबाल्ट आदि 52 प्रकार के रसायनों की मात्रा होती है।

2.4.3 प्रमुख तारे व तारा मंडल-

सौरमंडल का प्रमुख एवं विशालकाय तारा **सूर्य** है। सूर्य ब्रह्माण्ड के केंद्र में अवस्थित है तथा चुम्बकीय अथवा गुरुत्त्वीय शक्तिके कारण सभी ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। सूर्य हाइड्रोजन तथा हीलियमआदि गैसों का एक पिंड है। सूर्य के केंद्र में नाभिकीय संलयन की प्रक्रिया से उर्जा उत्पन्न होती है, जो प्रकाश रूप में समस्त ब्रह्माण्ड में प्रकीर्ण होता है। सूर्य पृथ्वी से 4 करोड़ 65 लाख मील दूर है, किन्तु इसके प्रकाश को पृथ्वी पर पहुँचने पर 8 मिनट 22 सेकेण्ड का समय लगता है। सूर्य का व्यास 13 लाख 90 हजार किलोमीटर है, यह व्यास पृथ्वी के 113 गुने अधिक है। सूर्य के अलावा, सौरमंडल के आस-पास कुछ अन्य **तारे** भी हैं, जिसमेंअल्फ़ा **सेंटौरी ए**एवं **बी**, **बर्नार्ड तारा**, **वुल्फ़ 359 (सीएन लेओव)**, **लालैंड 21185**, **प्रॉक्सिमा सेंटॉरी**। **तारामंडल** आकाश में दिखाई देने वाले तारों का समूह है, जिनका स्वयं का प्रकाश नहीं होता अपितु ये सूर्य के प्रकाश के कारण चमकते हैं। इन तारा मंडलों को प्राचीन काल से ही विभिन्न आकृतियों में जोड़कर नाम दिए गए हैं।तारामंडलों के नाम और आकृतियाँ विभिन्न संस्कृतियों की कल्पना और कहानियों से जुड़ी हुई हैं।उदाहरण के लिए, सप्तऋषि मंडल भारतीय संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण है।प्राचीन काल में नाविक तारामंडलों का उपयोग समुद्र में दिशा खोजने के लिए करते थे।आधुनिक समय में खगोलविद तारामंडलों का उपयोग आकाश में विभिन्न खगोलीय पिंडों की स्थिति निर्धारित करने के लिए करते हैं।तारामंडलों का उपयोग आकाश में दूरियों को मापने के लिए एक पैमाने के रूप में भी किया जाता है।

2.4.4 आकाश गंगाएं-

अंतरिक्ष में व्याप्त बृहद सौरमंडल से युक्त, जिसमें विभिन्न अंडाकार परिपथ तथा एक बड़ा गुरुत्त्वीय केंद्र है, उसे भारतीय खगोल विज्ञान में संस्कृत शब्द से सुशोभित **"आकाशगंगा"** तथा आधुनिक खगोल विज्ञान में **"गैलेक्सी"** नाम से अभिहित किया जाता है। आकाशगंगाओं के बीच का स्थान पतली गैस से भरा हुआ है। आकाशगंगाएं गुरुत्वाकर्षण के ज़रिए समूहों, क्लस्टरों, और सुपरक्लस्टरों में व्यवस्थित होती हैं. खगोल वैज्ञानिकों के दीर्घ अनुसन्धान के परिणामतः ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं की संख्या दो ट्रिलियन(एक हज़ार अरब या 10 खरब. इसे 1,000,000,000,000 या 10^{12} के रूप में लिखा जाता है।) तक है, उनका अनुमान है कि ब्रह्मांड में 200 बिलियन से 2 ट्रिलियन आकाशगंगाएं हैंएवं अधिकतर आकाशगंगाएं 10 अरब से 13.6 अरब साल पुरानी हैं। इस दृष्टी से वैज्ञानिकों ने आकाशगंगाओं को अंडाकार एवंसर्पिलाकार में बांटा गया है। हमारी

आकाशगंगा का नाम **मिल्कीवे** है। यह एक सर्पिल आकाशगंगा है। मिल्कीवे के अतिरिक्तहमारी आकाशगंगा के पास **एंड्रोमेडा** गैलेक्सी है।

2.5 खगोल विज्ञान के प्रमुख प्राचीन ग्रन्थ एवं रचनाकार

खगोल विज्ञान स्वयं में ही एक रहस्यात्मक विज्ञान है, इस विज्ञान से सम्बंधित विभिन्न तथ्यों व विषयों मेंद्रष्टाओं एवं वैज्ञानिकों ने विभिन्न अनुसन्धान किये हैं, परिणामस्वरूप उन्होंने नवीन ज्ञान को अपने ग्रंथों में उपनिबद्ध किया। इस दृष्टी से इस उपशीर्षक के अंतर्गत खगोल विज्ञान के प्रमुख परम्परागत ग्रंथों एवं आधुनिक खगोल विज्ञान को प्रतिपादित करने वाले ग्रंथों का अध्ययन निम्नवत है-

2.5.1 प्राचीन खगोलीय ग्रन्थ व रचनाकार-

खगोल विषय के आधार रूप विभिन्न ग्रंथों की रचनायें हुई हैं, किन्तु कतिपय ग्रंथोंमें-सूर्यसिद्धांत,आर्य भट्ट प्रणीत आर्यभट्टीयम्,वराहमिहिर कृत पंचसिद्धान्तिका, ब्रह्मगुप्त प्रणीत ब्रह्मस्फुटसिद्धांत, धीवृद्धितन्त्र, खण्डखाद्यकरण, सिद्धांतसिरोमणि,सिद्धांतसम्राटएवं ग्रहलाघव आदि ग्रंथों कोही खगोल विज्ञान की दृष्टी से महत्त्वपूर्ण बाताये गए हैं-

सूर्यसिद्धांत-आर्ष परंपरा में विरचित सूर्यसिद्धान्त खगोल विज्ञान का आदि ग्रन्थ माना जाता है। विद्वानों द्वारा इस ग्रन्थ प्रवर्तक भगवान सूर्य को माना गया है। 14 अधिकारोंमें(मध्यम, स्पष्ट, त्रिप्रश्न, छेद्यक, चंद्रग्रहण, सूर्यग्रहण, ग्रहयुति, उदयास्त, चन्द्रश्रींगोनती, पात, भूगोल, ज्योतिष तथा उपनिषद संज्ञक)उपनिबद्ध इस ग्रन्थ की वर्तमान समय में दो टीकाएँ प्रसिद्ध हैं-प्रथम सुधाकर कृत "सुधावर्षिणी" एवं द्वितीय कपिलेश्वर कृत "श्रीतत्त्वामृत"। इस ग्रन्थ का आरम्भ भगवान सूर्य की स्तुति से होता है। तत्पश्चात सूक्ष्म काल एवं स्थूल्काल, ब्रह्मा की आयु, दिक्साधन, अयनांश तथा लम्बाक्ष आदि साधनों का वर्णन, वैज्ञानिक रीति से सूर्य एवं चन्द्रग्रहण वर्णन, ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति का वर्णन,ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति का वर्णन, इसमें ब्रह्मांड की परिधि को व्योमकक्षा कहा गया है। तथा ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति, राशिचक्र, नक्षत्रचक्र एवं ब्रह्माण्ड स्वरुप की व्याख्या की गई है। इस ग्रन्थ में ग्रहों के क्रम के विषय में कहते हैं कि गुरु, भौम, बुद्ध, शुक्र, सूर्य आदि ग्रह ब्रह्माण्डमें चंद्रमा की कक्षाएं हैं। **-मंदामरेज्यभूपुत्रः सूर्य शुक्रेंदुजेंदवः।**

आर्यभट्टीयम्-खगोल शास्त्रीय ग्रंथों मेंआर्यभट्टीयम् आद्यश्रेष्ठ ग्रन्थ है। इसके रचयिता आर्यभट्ट हैं। इन्होंने अपने ग्रन्थ "आर्यभटीय" के द्वितीय पाद (गणितपाद) के 9वें श्लोक मेंपृथ्वी, चन्द्रमा, बुध, शुक्र, सूर्य, मंगल एवं बृहस्पति आदि धिष्ठित परब्रह्म को नमस्कार करते हुए कुसुमपुर(बिहार) के लोगों द्वारा इस ग्रन्थ को समादृत बताया है, इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि यह कुसुमपुर स्थान के निवासी थे-

ब्रह्मकुशशिबुधभृगरविकजगुरुकोणभगणान्नमस्कृत्य।
आर्यभट्टस्त्विह निगददि कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम्। ।

आर्या छंद में उपनिबद्ध यह ग्रन्थ अपनी काव्यात्मकता एवं गणितीय व्याख्या पद्धतियों के कारण प्रसिद्ध है, इसमें उल्लेखित गीतिकापाद, गणितपाद, कालक्रियापाद तथा गोलपाद क्रमशः चार पाद कहे गए हैं-

प्रणिपत्यैकमनेकं कं सत्यां देवतां पलं ब्रह्मा।

आर्यभट्टस्त्रीणि गदति गणितं कालक्रिया। ।

उपर्युक्त चार पादों में **"गीतिकापाद"** मात्र 13 शोलोकों में उपनिबद्ध सबसे छोटा है। इस पाद के प्रतिपाद्य विषयों में संख्याओं की लेखन पद्धति का वैज्ञानिक रीति से वर्णन, ब्रह्मा के एक दिन का मान, मन्वंतर, अंश, कल्प, कला, राशि, पृथ्वी का व्यास एवं नवीन संख्या लेखन की विविध विधाओं का उल्लेख उपलब्ध होता है। **"गणितपाद"** 33 श्लोकों में उपनिबद्ध है, जिसमें वृत्त, वर्ग, आयत, त्रिभुज, शंकु, घनमूल, वर्गमूल आदि के क्षेत्रफल को जानने हेतु विभिन्न सूत्रों का एवं दो ग्रहों के मध्य युतिकाल के नियमों को जानने की विधा का प्रतिपादन किया गया है। काल की विविध विधाओं की व्याख्या होने के कारण **"कालक्रियापाद"**में- केंद्र, भगण, वर्ष, व्यतीतपात, योग,वर्षों तथा युगों में सम्बन्ध दर्शाया गया है, साथ ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से गणनारंभ का उल्लेख है। इसी प्रकार 50 श्लोकों में उपनिबद्ध अंतिम पाद गोलपाद में विषुवत रेखा कल्पित केंद्र, नक्षत्रचक्र, उत्तरिध्रुव की स्तिथि, क्रांतिवृत, भूमा(पृथ्वी की छाया), सम्पात बिंदु, लंका तथा उज्जैन का अंतर, मनुष्य पितर देव दैत्य के रात एवं दिन का परिमाण आदि विषयों का प्रतिपादन किया गया है।

पंचसिद्धान्तिका-ज्योतिष व खगोलविज्ञान के रूप में निर्मित यह एक संग्रहात्मक ग्रन्थ है। इसके रचयिता ज्योतिष शास्त्र के प्रकांड विद्वान वरहामिहिर हैं, इनका जन्म 505 ई. कम्पिल्ल नगर में हुआ था। अपने पिता से ज्योतिष की शिक्षा लेने के बाद यह उज्जैन में निवास करने लगे थे। इनके इस ग्रन्थ में उल्लेखित अधिकांश श्लोकों को आर्यभट्टिय, सूर्यसिद्धान्त आदि ग्रंथों से उद्धृत किया गया है। प्राचीन खगोलविज्ञान संबंधी ग्रन्थ टीकाकारों का मानना है, कि इसमें खगोल के प्राचीन सिद्धांतों में-सूर्य, पौलिश, रोमक, पितामह, वसिष्ठ आदि सिद्धांतों के विभिन्न तथ्यों का मिश्रित रूप में वर्णन किया गया है, इसलिए लेखक ने इस ग्रन्थ का नामकरण पंचसिद्धान्तिका किया है। इस ग्रन्थ में ब्रह्मांडीय स्वरुप की व्याख्या, ग्रह, नक्षत्र तथा त्रिकोणमिति के सूत्र, पृथ्वी की गति, चन्द्रमा की कक्षाएं, ग्रहों के परिक्रमण पथ आदि विभिन्न विषयों का वर्णन किया गया है।

ब्रह्मस्फुटसिद्धांत- आचार्य ब्रह्मगुप्त प्रणीत ब्रह्मस्फुट सिद्धांत नामक ग्रन्थ खगोल व ज्योतिष विज्ञान का प्रसिद्ध ग्रन्थ है। ब्रह्मगुप्त का समय 528 ई.पू. का माना जाता है। इनके पिता का नाम जिष्णु था एवं इनका निवास स्थान राजस्थान के भीनमाल क्षेत्र माना जाता है। इनके मत में खगोल विज्ञान के प्राचीन सिद्धांतों सूर्यादि में वर्णित ग्रहों के स्वरुप, परिभ्रमण तथा परिक्रमण पथ, उनका व्यास आदि की दृष्टी से वास्तविक ग्रहों में पर्याप्त अंतर है। इसलिये उन्होंने दृक् प्रत्यय गृहस्तिथि सिद्धांत का प्रणयन किया। इस ग्रन्थ में आचार्य ने शून्य को एक पृथक संख्या के रूप में अभिव्यंजित किया। साथ ही ऋणात्मक गणितीय अंकों का उल्लेख किया है। अरबीय विद्वान भारतीय खगोल व ज्योतिष के विषय में ब्रह्मस्फुटसिद्धांत नामक ग्रन्थ से परिचित हुए एवं उन्होंने इस ग्रन्थ का अरबी भाषा में अनुवाद किया, जिसमे पहले अरबी अनुवादक अल-फजिरी थे। इस ग्रन्थ पर आचार्य पृथूदकस्वामी की "तिलक" टीका अति प्रसिद्ध है।

धीवृद्धितन्त्र-आचार्य लल्ल द्वारा विरचित धीवृद्धितन्त्र खगोलशास्त्र का प्रसिद्ध ग्रन्थ है। त्रिविक्रम भट्ट के आत्मज लल्ल खगोल विज्ञान के प्रख्यात विद्वान थे। इनके जन्म एवं समय के संबध में इन्होंने अपनी रचना में कोई संकेत नहीं दिए हैं, किन्तु विद्वानों द्वारा अन्तः एवं बाह्य साक्ष्यों के आधार पर

इनका समय 770 शक संवत माना गया है। इस ग्रन्थ में ग्रहों की त्रिविध स्तिथियों का विवेचन किया गया है-स्पष्ट, मध्यम एवं यथार्थ। प्रथम में करुणानुयायिनी वर्णन द्वितीय में आर्यभट्ट के सिद्धांत का अनुकरण तथा तृतीय में वेध का विवेचन किया गया है। साथ ही इसमेंसूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण, ग्रहोंकी उदय एवं अस्त की स्तिथि, ग्रहयुति महापातआदि विषयों का उल्लेख उपलब्ध होता है। आचार्य लल्ल ने ब्रह्मगुप्त की भांति आर्यभट्ट के सिद्धांतों की समालोचना नहीं की अपितु उनको संस्कृत कर एक बीजसंस्कार के रूप में प्रतिपादन किया । यथा-**शाके नाखाब्धि (420) रहिते शशिनोऽक्षदस्त्रै:(25)**

ततुन्गत: कृतशिवै:(114)तमस: षडङ्कै(93)।

शैलाब्धिभी:(47)सुरगुरोर्गुणिते सितोच्चात्,

शोध्यं त्रिपंचकू(153) हते ऽभ्रशराक्षी(250) भक्ते

खण्डखाद्यकरण-प्रसिद्ध खगोलशास्त्री ब्रह्मगुप्त द्वारा प्रणीत खंडखाद्यकरणं एक करण ग्रन्थ है। ब्रह्मगुप्त द्वारा इसकी रचना ब्रह्मस्फुट सिद्धांत के बाद (६६५ ई में) हुई।पूर्वार्द्ध(पूर्वखण्डखाद्यक) एवं उत्तरार्द्ध(उत्तरखण्डखाद्यक) भाग में उपनिबद्ध इस ग्रन्थ का प्रतिपाद्य विषय सूर्य सिद्धांत पर आधारित है-पूर्वखण्डखाद्यक में ९ अध्याय हैं एवं इसमें ब्रह्मगुप्त ने आर्यभट्ट द्वारा दिये गये खगोलीय नियतांकों का उपयोग किया है। **उत्तरखण्डखाद्यक** ६ अध्यायों में उपनिबद्ध हैं। इसमें ग्रह गति, नक्षत्र, लग्न, राशि आदि सम्बन्धी विभिन्न उन्नत नियमों का प्रतिपादन किया है। इस दृष्टि से यह भाग ज्योतिष के क्षेत्र में भी अति महत्त्वपूर्ण है। इस ग्रन्थ पर वरुण भट्टोत्पल एवं पृथुदक की प्रसिद्ध टीकाओं का प्रणयन हुआ है।

सिद्धांतसिरोमणि-आचार्य भास्कर द्वारा प्रणीत सिद्धांत शिरोमणि ज्योतिष व खगोलशास्त्र का प्रसिद्ध ग्रन्थ है। ज्योतिषशास्त्र की अद्भुत प्रतिभा के धनी भास्कराचार्य का जन्म शक् संवत 1036 (1114ई.) शांडिल्य गोत्र में हुआ। इनके पिता का नाम माहेश्वर था। खगोल विद्वानों द्वारा इसके रचनाकाल का समय शक संवत 1072 माना गया है। चार भागों में (बीजगणित, ग्रहगणित, गोलाध्याय, पाटीगणित) उपनिबद्ध यह ग्रन्थ ज्योतिष शास्त्र हेतु अत्यंत उपादेय माना गया है। पाटीगणितभाग पर 278 पद्यों में लीलावती नाम की स्वतंत्र रचना का प्रणयन हुआ है। गोलाध्याय नामक भाग में आचार्य द्वारा गणित को आधार मानकरगुरुत्त्वाकर्षण के विविध उदाहरणों का उल्लेख किया गया है। इस ग्रन्थ में आचार्य द्वारा धरती के गोल होने का प्रमाण दिया है, वे कहते हैं कि-

समो यत: स्यातपरिधेह शंतान्श पृथी च पृथ्वीनितरां तनीयान्।

नरश्च तत्पृष्ठगतस्य कृत्स्ना, समेव तस्य प्रतिमात्यत: सा। ।

इस ग्रन्थ में आचार्य भास्कर ने खगोलीय निरीक्षण हेतु-गोलयन्त्र, नाडीवलयंत्र, सूर्यघड़ी, शंकु, घटिका, चक्र, चाप, सूर्य फलकयंत्र। इन 12 प्रकार के यंत्रों का उल्लेख किया गया है। साथ ही अपने ग्रन्थ के पद्यभाग की सरल व्याख्या हेतु "वासनाभाष्य" नामक टीका लिखी।

सिद्धांतसम्राट- खगोल एवं ज्योतिष का प्रसिद्ध ग्रन्थसिद्धांत सम्राट नामक ग्रन्थ की रचना श्री जगन्नाथ द्वारा की गई। श्री जगन्नाथ मत्स्य नरेश रजा जयसिंह के दरबारी कवि थेएवं राजा इन्हें ससम्मान सहित दक्षिण क्षेत्र से अपने राज्य में लाये थे। कतिपय विद्वानों का मानना है कियह ग्रन्थ अरबी ज्योतिष ग्रन्थ मिजास्ता नामक ग्रन्थ का हिंदी भाष्य है क्योंकी इसमें उल्लेखित खगोलीय

यंत्रादि संबंधी तथ्यों का वर्णन अरबी ग्रन्थ के अनुरूप ही किया गया है। कवि स्वयं कहते हैं-**अरबी भाषया ग्रन्थं मिजास्ता नामक स्तिथः। गणकानां सुबोधाय गिर्वाण्या प्रकटिकृत।।** इस ग्रन्थ में वेध शाला द्वारा सायन ग्रह, क्रन्तिसाधन, अक्षांश, देशांतर तथा कालवेद्य आदि विभिन्न विषयों का विवेचन किया गया है।

ग्रहलाघव- खगोल शास्त्रीय परंपरा में आचार्य दैवेज्ञ प्रणीत "गृह्लाघव" का अप्रतिम स्थान है। गणेशदैवैज्ञ के पिता का नाम केशव एवं माता का नाम लक्ष्मी था। विद्वानों द्वारा कौशिक गौत्र में उत्पन्न, इनका निवास स्थान नंदीग्राम माना जाता है। इनकी रचनाओं में गृह्लाघव, लघुतिथिचिंतामणि, बृहत्तिथिचिंतामणि, सिद्धांतसिरोमणि टीका आदि प्रमुख है। खगोलविज्ञान के क्षेत्र में इनका प्रमुख ग्रन्थ गृह्लाघव है। इस ग्रन्थ में गणीतिय समीकरणों द्वारा ग्रहों की तुल्यता, संयोग एवं वियोग राशि, नक्षत्र छाया, महापात इत्यादि का 15 अधिकारों में उपनिबद्ध कर विवेचन किया गया है।

3.5.2 आधुनिक खगोल विज्ञान के पाश्चात्य ग्रन्थ एवं उनके रचनाकार

खगोल विज्ञान के क्षेत्र में जिस प्रकार भारतीय आचार्यों ने अपना अभूत पूर्व योगदान दिया उसी प्रकार पाश्चात्य वैज्ञानिकों ने भी इस क्षेत्र में अपनी नवीतम आश्चर्यजनक खोजों को समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया है साथ ही विभिन्न ग्रंथों की रचनाएं की। इन ग्रंथों मेंऑन द हेवन्स,सिडेरियस नुनसियस, मैकेनिज्म ऑफ द हेवेन्स, आउटलाइन्स ऑफ एस्ट्रोनॉमी, मंगल और उसकी नहरेंतथा द इंटरनल कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ द स्टार्सआदि प्रमुख हैं।

ऑन द हेवन्स- अरस्तु प्रणीत "ऑन द हेवन्स" आधुनिक खगोल विज्ञान का ऐतिहासिक ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में पृथ्वी को ब्रह्माण्ड का केंद्र एवं उसे स्वर्ग से पृथक माना गया है। विद्वानों के अनुसार प्रसिद्ध समुद्र यात्री कोलंबस ने आंशिक रूप से इस ग्रन्थ का उपयोग अपनी यात्राओं के लिए प्रेरणा के रूप में किया था।

सिडेरियस नुनसियस-गैलीलियोद्वारा सन् 1609ई. में विरचित "साइडेरियस नुनसियस"नामक पुस्तक खगोल विज्ञान के क्षेत्र में में हुई नवीनतम खोजो के विषय में अवगत कराती है। इसमें उल्लेख उपलब्ध होता है कि उन्होंने अपनी दूरबीन के माध्यम से अन्तरिक्ष का अवलोकन किया साथ ही सूर्यकेन्द्रित ब्रह्माण्ड के सिद्धांत का प्रतिपादन किया।

द मैकेनिज्म ऑफ द हेवेन्स-मैरी सोमरविले द्वारा लिखित 1831ई.में प्रकाशित "द मैकेनिज्म ऑफ द हेवन्स खगोल विज्ञान पर सबसे प्रभावशाली पुस्तकों में से एक है। पाश्चात्य खगोलविदों ने खगोलीय गति को समझने में सोमरविले की पुस्तक को तेजी से अपनाया गया। सोमरविले ने अपने 91 वर्षों के कार्यकाल में पांच महत्वपूर्ण खगोल विज्ञान की पुस्तकें एवं विभिन्न शोधपत्र लिखे जो खगोल के क्षेत्र में परवर्ति वैज्ञानिकों के लिए बहुत उपयोगी थे।

आउटलाइन्स ऑफ एस्ट्रोनॉमी-1849 में जॉन हर्शेल द्वारा विरचित पुस्तक पुस्तक "आउटलाइन्स ऑफ एस्ट्रोनॉमी" को खगोल विद्वानों ने सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के सार ग्रन्थ की संज्ञा दी है। हर्शेल ने इस पुस्तक में ग्यूसेप पियाज़ी, हेनरिक ओलबर, फ्रेडरिक बेसेल व अन्य खगोलशास्त्रियों के खगोल सम्बन्धी सिद्धांतों एवं उनके द्वारा प्रतिपादित शोध पत्रों का उल्लेख किया है। इस पुस्तक में

अन्तरिक्षभूगोल, समय, धूमकेतु, ग्रहों की हलचल, तारा मण्डल आदि विषयों का विवेचन किया गया है।

मंगल और उसकी नहरें-मार्स एंड इट्स कैनल्स द्वारा 1906 में प्रकाशित पुस्तक के माध्यम से लोगों में मंगल ग्रह के विषय में जानने की जिज्ञासा को उत्पन्न किया। इस पुस्तक में मंगल ग्रह की जलवायु, वहाँ के जीवजन्तु, भूमण्डल आदि भौतिक संरचनाओं के विषय में आश्चर्य उल्लेख किया गया है।

द इंटरनल कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ द स्टार्स-सर आर्थर एस एडिंगटन द्वारा विरचित एवं 1926 में प्रकाशित "द इंटरनल कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ द स्टार्स" में सौरमंडल में व्याप्त तारों के अध्ययन पर प्रकाश डाला गया है। इसमें तारे कैसे चमकते हैं?, उन्हें उर्जा कैसे मिलती है?, क्या उनका कोई परिक्रमण पथ है?, सूर्य के अतिरिक्त क्या चन्द्रमा की उर्जा से प्रभावित होते हैं?, गुरुत्वाकर्षण शक्ति किस प्रकार कार्य करती है?, सभी ग्रह सूर्य का ही चक्कर क्यों लगाते हैं?, आकाश गंगा कितनी प्रकार की होती हैं?, उल्का पिण्ड में तीव्र उर्जा की उत्पत्ति का स्रोत क्या है?,उपग्रहों के परिक्रमण से ग्रहों पर पड़ने वाले प्रभाव आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

2.6 वेदों में खगोल विज्ञान : खगोल एवं ज्योतिष

वेद भारतीय ज्ञान परंपरा के अक्षय स्रोत है, जिसमें मनुष्य एवं उसके जीवन से जुड़े विभिन्न विषय सम्मिलित हैं। उन्हीं विषयों में मुख्य है, खगोल। जिसने प्राचीन समय से ही मनुष्य की कौतुहल शक्ति को अभिप्रेरित किया है। खगोल के सन्दर्भ में प्राचीन आचार्यों ने अपने दीर्घ चिंतन सेजिस परिभाषा को अभिव्यक्त किया है, उसमें सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, मंगल आदि ग्रह तथा उपग्रह, विभिन्न तारे, गुरुत्त्वीय शक्ति व चुम्बकीय शक्ति, क्षुद्र ग्रह तथा उल्का पिण्ड आदि विषय वेदों से अनुकृत है। अर्थात् खगोल सम्बन्धी इन सभी विषयों का उल्लेख वेदों में विवेच्य हैं। वैदिक काल से ही खगोल विज्ञान का**ज्योतिष** के अंतर्गत अध्ययन किया जाता रहा है। ज्योतिष को षड् वेदांगों में वेद रुपी पुरुष का नेत्र कहा गया है। इस दृष्टी से खगोल विज्ञान भी वेद का नेत्र है। सम्पूर्ण सृष्टियों में होने वाले व्यवहार का निर्धारण काल से ही संभव है एवं काल का ज्ञान सौरमंडल में व्याप्त बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, आदि ग्रहों की गति से होता है। अत: प्राचीन काल से खगोल विज्ञान वेदांग का महत्त्वपूर्ण अंग है। प्राचीन समय में शुभ मुहूर्त में याज्ञिक अनुष्ठान करने के लिए ग्रहों तथा नक्षत्रों का अध्ययन करके सही समय ज्ञात करने की विधि से ज्योतिष की उत्पति हुई एवं इसके रचनाकार लगधाचार्य थे।डॉ0 उमाशंकर ऋषि के मत में इन्होंने अपने ग्रन्थ के तृतीय श्लोक में ज्योतिष की उपादेयता का उल्लेख किया है-

वेदा हि याग्यर्थमभिप्रवृत्ताः कालाभिपूर्वा विहिताश्च यज्ञाः।
तस्मादिदं कालविधान शास्त्रं यो ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञम्।।

अर्थात् वेदों की प्रवृत्ति यज्ञानुष्ठान के उद्देश्य से ही हुई, उनके विधान में काल के अधीन है एवं काल का विधान करने वाला विज्ञान (खगोल विज्ञान) ज्योतिषविज्ञान है। इस प्रकार यज्ञों के काल का निर्धारण ग्रहों एवं नक्षत्र आदि की गति पर निर्भर है। अतः सौरमंडल एवं नक्षत्रों के बारे में भविष्यवाणी करना ज्योतिष का मुख्य प्रतिपाद्य विषय हैं।ऋग्वेद, शतपथ ब्राह्मण आदि ग्रथों में नक्षत्र, चान्द्रमास, सौरमास, मल मास, ऋतु परिवर्तन, उत्तरायन, दक्षिणायन, आकाशचक्र, सूर्य की

महिमा, कल्प का माप आदि के संदर्भ में विभिन्न संकेत उपलब्ध होते हैं। इस हेतु प्राचीन द्रष्टा खगोल संबंधी विषयों का स्वयं प्रत्यक्ष अवलोकन करते थे। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त**(10.90.13)** में ब्रह्मांड जगत द्यु, अंतरिक्ष एवं पृथ्वी रूप में वर्णित है-**नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्णो द्यौ समवर्तत पदभ्याम भूमिः।** प्राचीन खगोल व ज्योतिष विद्वानों द्वारा वर्णित एक कथानक के अनुसार ऋषि दीर्घतमस् **सूर्य** का अध्ययन करने में ही अंधे हुए थे। ऋग्वेद में सूर्य को ब्रहमांड में एक चक्र के केंद्र बिंदु के रूप में परिकल्पित किया गया है। उसे द्युलोक का स्वामी एवं पृथ्वी को अपनी आकर्षण शक्ति से बांधे रखने वाला कहा गया है। सूर्य ही सभी भुवनों का अधार है- **यत्रेमा विश्व भुवनानि तस्थुः।** एवं वह सभी ऋतुओं का हेतु है। ऋग्वेद के **1/35/2**मंत्र में उल्लेख है कि ईश्वर द्वारा प्रदत्त सूर्य अपनी आकर्षण शक्ति सेपृथ्वी आदि लोकों को धारण करता है। ऋग्वेद में क्षुद्र ग्रहों तथा उल्का पिंडों का भी का उल्लेख उपलब्ध होता है। **शतपथ ब्राह्मण** में **पृथ्वी** को वृत्ताकार रूप में परिभाषित किया गया है। **चन्द्रमा** के गर्भ में घटने वाली विभिन्न घटनाओं एवं उनसे होने वाले परिणामों के विषय प्राचीन द्रष्टा गृहत्संवत द्वारा ऋग्वेद के द्वितीय मंडल में बताया गया है। ऋग्वेद के**10.90 सूक्त**, पुरुष सूक्त के 12वें मन्त्र में विराट पुरुष की मन तथा नेत्र नामक इन्द्रियों से क्रमशःचन्द्रमा एवं सूर्य की उत्पत्ति बताई गई है। इसी प्रकार यजुर्वेद के **18वें** अध्याय के**40**वें मंत्र में यह उल्लेख उपलब्ध होता है कि सूर्य किरणों के कारण ही चन्द्रमा प्रकाशमान है। **मैत्रयी उपनिषद** में सूर्य और सात ग्रहों का वर्णन किया गया है। ऋग्वेद में सूर्य को एक चक्र के मध्य में आधार रूप में बताया गया है एवं उसे जगत की आत्मा कहा गया है-**सूर्यः जगतस्तस्थुषश्च आत्मा।** साथ ही सूर्य को नवग्रहों में श्रेष्ठ मानकर उनका आह्वाहन किया गया है-**जपाकुसुमसङ्काशं काश्यपेयं महाद्युतिम्। तमोऽरिं सर्वपापघ्नं सूर्यमावायाम्यहम्।** । अथर्ववेद में **'शं नो दिविचरा ग्रहाः'**में सौरमंडलीय ग्रहों का वर्णन उपलब्ध होता है। शतपथ ब्राह्मण मेंआठ ग्रहों का उल्लेख उपलब्ध होता है-**'अष्टौ ग्रहाः'**। शतपथ ब्राह्मण में भी खगोल विषयक तथ्यों का वर्णनहै, जैसे- चन्द्रमा की कक्षाओं एवं उसके मास में घटने और बढ़ने से मनुष्य हेतु विभिन्न बलिक्रम बाताये गये हैं।

वेदों में खगोल विज्ञान ज्योतिष के रूप में परिभाषित है एवं प्राचीन काल से ही ज्योतिष और खगोल का घनिष्ठ संबंध रहा है। ज्योतिषीय खगोल के सम्बन्ध में-वेदों में **सूर्य** एवं **चन्द्रमा** का अनेक स्थलों पर उल्लेख मिलता है, किन्तु **राहु** एवं **केतु** को अदृश्य तथा शेष भौम आदि में 07 ही ग्रहों(सूर्य, बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि)को वास्तविक ग्रह बताया गया है(ऋग्वेद 1.105.10)। इसी क्रम में सूर्य के दो अयनों- उत्तरायण तथा दक्षिणायन,काल गणना के सन्दर्भ में- संवत्सर, वर्ष, सौरवर्ष, चंद्रमास आदि, नक्षत्रादि का वर्णन(वेदों में कई स्थलों पर तारों को ही नक्षत्र कहा गया है), विषुव(तैत्तरीय संहिता) आदि विषयों संबंध में विभिन्न प्रसंग वेदों बहुशःउपलब्ध होते हैं। खगोल एवं ज्योतिष दोनों में सूक्ष्म रूप में अध्ययन विषय की दृष्टी से विभेद एक दूसरे से सम्बन्ध रूप में भी दृष्टीगत होता है-ज्योतिष में सौरमंडल के विभिन्न ग्रहों-बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि,सूर्य, राहु, केतु। तथा उपग्रहों में–चन्द्रमा आदि के गतिशीलता से मानव के जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्यन किया जाता है। आधुनिक खगोल विज्ञान में बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण,तारों में -सूर्य अन्य तारे । तथा उपग्रहों में–चन्द्रमा आदि का अध्ययन वैज्ञानिक तरीके से किया जाता है। ज्योतिष में भविष्यवाणी करने हेतु आकाशीय पिंडों की स्थिति का प्रयोग

किया जाता है। जबकि खगोल विज्ञान में पृथ्वी के बाह्यमंडल के साथ-साथ सौर परिवार का अध्ययन किया जाता है। आधुनिक समय में ज्योतिष और खगोल विज्ञान हेतु 'एस्ट्रो' शब्द का प्रयोग किया जाता है, जिसका तात्पर्य है, विविध तारे या आकाशीय पिंड। भारत में वैदिक काल से ही नहीं अपितु मध्यकालीन यूरोप में खगोल विज्ञान एवं ज्योतिष का एक साथ अध्यन किया जाता था, किन्तु शनै: शनै: खगोल एवं ज्योतिष के क्षेत्र में हुए विभिन्न अनुसंधानों के परिणामस्वरूप यह विषय एक-दूसरे के पूरक अर्थ में पृथक-पृथक शाखाओं रूप में अभिव्यंजित हुए।

2.7 खगोल विज्ञान की आधुनिक अवधारणा एवं उपादेयता

खगोल एक बृहद विषय है, जिसमें हमारे प्राचीन द्रष्टाओं ने दीर्घकालीन अनुसन्धान किया है, एवं उनके द्वारा प्रदत्त खगोल के आश्चर्यात्मक निष्कर्षएवं परिणाम परवर्ती वैज्ञानिकों हेतु भी अनुकरणीय तथा पुनःपुनः खोजपूर्ण हैं। आधुनिक विज्ञान के युग में जहाँ मानव जीवनोपयोगी तथा उससे सम्बंधित आदि सभी विषय तकनीकी परम्परा से विकसित हो रहे हैं, वहीं मानव के कौतुहल व जिज्ञासा को बढाने वाली ब्रहमांड की शक्तियों का अध्ययन के पश्चात विद्वानों द्वारा विभिन्न अवधारणाएं प्रस्तुत की गई हैं, जो निम्नलिखित है-

खगोल विज्ञान मानव के विकास से प्राचीन- मानव का विकास उसकी दीर्घकालीन यात्रा का परिणाम है, प्राचीन समय में वह पृथ्वी पर रहते हुए वह पृथ्वी एवं पृथ्वी के बाह्य आकाश में घटने वाली घटनाओं को अनुभव कर्ता था, जिससे उसके अन्दर भय एवं कौतुहल उत्पन्न हुआ, किन्तु शनैः शनैः अपनी बौद्धिक क्षमता से वह खगोल की आश्चर्यजनक घटनाओं का निराकरण करने में प्रवृत्त रहने लगा। इस क्रम में उसका पृथ्वी के प्राकृतिक वातावरण को समझने से पूर्व सौरमंडल में व्याप्त सूर्य एवं ग्रहों की गति को समझना आवश्यक था। उसके द्वारा सृजित प्राचीन संस्कृतियों ने रात्रि में आकाश में व्याप्त तारों को जोड़ने वाली आकृतियों की कल्पनाएँ की, मानव के कृषि कर्म हेतु समय के निर्धारण में खगोल पर निर्भर रहा, लम्बी-लम्बी महासागरीय यात्राओं में नाविकों हेतु खगोल का ज्ञान आवश्यक था। इस प्रकार विभिन्न सभ्यताओं की कला एवं संस्कृति को प्रेरित कर विकसित करने में खगोल विज्ञान का योगदान है।

दैनिक जीवन में खगोलीय घटनाओं का अनुभव- खगोल की विभिन्न घटनाओं में यदि निदर्शन रूप में पृथ्वी के विषय में कथन करें तो, उसकी घूर्णन गति के परिणाम स्वरुप उसकी स्थिरता का उसी प्रकार अनुभव करते हैं जिस प्रकार नदी में गतिशील नाव में बैठकर नाव की स्थिरता का। खगोल की अन्य घटनाओं में पृथ्वी की गति से पृथ्वी पर मौसम सम्बन्धी घटनाओं, चन्द्रमा के परिक्रमण एवं उसके विभिन्न चरणों, बृहद दूरबीन से शनि ग्रह के छल्ले एवं उसके उपग्रह, बृहस्पति का वायुमंडल आदि का अवलोक कर सकते हैं।

रात का आकाश प्रकाशवानएवं गतिशील है- अन्तरिक्ष व आकाश का वास्तविक रंग कला होता है, किन्तु दिन में सूर्य के प्रकाश के विकिरण के कारण वह हमें नीला एवं प्रकाशमान प्रतीत होता है। रात्रि के समय सूर्य के प्रकाश से दीप्तमान तारों के माध्यम से आकाश दृष्टीगत होता है तथा आकाश की ओर उन्मुख होकर हम विभिन्न कल्पनाएँ करते हैं। जैसे-आकाश रात्रि में एक मार्गनिर्देशक है, खगोलीय उज्ज्वल पिण्ड रात्रि में भी सूर्य के क्षितिज से ऊपर नंगी आखों से दृष्टीगतहोते हैं, उल्का पिंड पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हुए दिखाई देते हैं, आदि।

खगोल विज्ञान सम्बन्धी उपर्युक्त अवधारणाओं के अतिरिक्त अन्य अवधारणाओं-**ब्रह्मांड विज्ञान-ब्रह्माण्ड को एक इकाई के रूप में अनुसन्धान करने का विज्ञान है, ब्रह्मांड में सैकड़ों अरब आकाश गंगाएं हैं, सौरमंडल में हमारा एक मात्र ग्रह पृथ्वी है एवं हमें इसका संरक्षण करना चाहिए।** आदि प्रमुख हैं।

खगोल विज्ञान की उपादेयता-प्राचीन समय में सौरमंडल के विभिन्न ग्रहों की गति, नक्षत्र आदि की स्थिति से यज्ञों का आयोजन एवं उसकी सिद्धि हेतु काल का निर्धारण किया जाता था। कृषि कार्य की उन्नति में लिए गए उत्कृष्ट निर्णयों का आधार ग्रहों की गति से ऋतुओं में होने वाले परिवर्तन थे। मनुष्य के जीवन से जुड़े विभिन्न कार्यों में यात्रा, उत्सव, संस्कारादि में नक्षत्र ग्रह गणना अति महत्त्वपूर्ण थी। खगोल के आधार पर ही दैनिक कलेंडर का निर्माण किया जाता था। अर्थात् किसी कार्य को किस प्रकार किया जाए, इस हेतु खगोल विज्ञान अपरिहार्य माना जाता था।

मनुष्य जीवन को सुखमय बनाने हेतु विज्ञान ने जिस प्रकार की क्रांति की है वह मनुष्य के बौद्धिक शक्ति का परिणाम है। उसके दैनिक जीवन से जुड़ा ऐसा कोई भी विषय नहीं है, जो विज्ञान से प्रभावित न हो। उन्हीं विषयों में एक है खगोल, खगोल के क्षेत्र में भी नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधानों ने सौरमंडल के अध्ययन क्षेत्र को सूक्ष्म एवं सरल बना दिया है। कृत्रिम उपग्रहों के निर्माण एवं उन्हें सौरमंडल में भेजने की वैज्ञानिक तकनीक से खगोल में व्याप्त ग्रहों, उपग्रहों, आकाश गंगाओं से जुड़ी विभिन्न घटनाओं के सम्बन्ध में मनुष्य पृथ्वी के किसी भी कोने में रहकर जानकारी ले सकता है। पृथ्वी के परिक्रमण से मौसम परिवर्तन, चन्द्रमा के पृथ्वी के परिक्रमण से पृथ्वी पर ज्वारीय शक्ति का उद्भव, सौर प्रकाश, आकाश में चमकते तारामंडल से मनुष्य में उत्पन्न कौतुहल एवं उसकी रात्रि में आकाश मार्ग की कल्पना, आकाशीय पिंडों का पूर्व में उदय तथा पश्चिम में अस्त होना, पृथ्वी की घूर्णन से दिन-रात, सूर्य ग्रहण, चन्द्रग्रहण आदि सौरमंडलीय विषयों में घटित घटनाओं के संदर्भ में वैज्ञानिक तकनीकी प्रयोग से उनके विषय में समय से पूर्व जाना जा सकता है,जिससे उपयुक्त निर्णय लिए जा सके। इस दृष्टी सेखगोल विज्ञान की आवश्यकता बढ़ जाती है। आधुनिक समय में इस विषय का "खगोल भौंतिक विज्ञान" के रूप भी अध्ययन किया जाता है। खगोल विज्ञान से हमें ब्रह्मांड के रहस्यों का पता चलता है एवं इससे सम्बंधित कई तकनीकें विकसित होती हैं,खगोल विज्ञान से जुड़े शोध से निर्मित उपकरणों काप्रयोग चिकित्सा क्षेत्र में भी किया जाता है, खगोल विज्ञान से जुड़े शोधों से जुड़ी तकनीकें अन्य विषयों में भी विकसित होती हैं,उन तकनीकों का उपयोग-डेटा विज्ञान, एयरोस्पेस उद्योग, वित्त, तकनीकी लेखन और वैज्ञानिक अनुसंधान में किया जाता है।

2.8 सारांश

खगोल का क्षेत्र निश्चित रूप से समृद्ध एवं व्यापक है। मनुष्य के विकास से सम्बंधित ऐसा कोई भी विषय- वैज्ञानिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक नहीं है, जिसकी चर्चा इसमें न हुई हो। अर्थात् मनुष्य जीवन से सम्बंधित सभी विषय खगोलीय घटनाओं से प्रभावित होते हैं। इस दृष्टी से इस इकाई के अंतर्गत हमने खगोल शब्द का अर्थ एवं उसकी सार्थकता को जाना। साथ ही खगोल विज्ञान के प्रतिपाद्य विषयों में विभिन्न ग्रहों-बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण तथा उपग्रहों में- चंद्रमाओं आदि, क्षुद्र ग्रहों एवं उल्का पिण्डों(धूमकेतु)का स्वरूप तथा प्रमुख

तारों में सूर्य एवं अन्य तारामंडलों से युक्त आकाशगंगा के विषय में जाना। इस इकाई में हमने सम्पूर्ण ज्ञान के स्रोत वेदों में खगोलीय विषयों का ऐतिहासिक अन्वेषणात्मक दृष्टी से अध्ययन किया एवं हम खगोल की प्राचीनतम उपयोगिता से अवगत हुए। तत्पश्चात हम ब्रह्मांड के स्वरूप को विश्व के सम्मुख प्रस्तुत रखने वाले विविध ग्रंथों में-प्राचीन एवं पाश्चात्य खगोलीय ग्रन्थ एवं उनके रचनाकारों के विषय में जाना। साथ ही खगोल विषय की प्राचीन अवधारणाओं के विषय का अवलोकन किया एवं उसकी प्राचीन से लेकर वर्तमान उपादेयता के विविध तथ्यों से अवगत हुए।

2.9 बोध-प्रश्न

1.खगोल विज्ञान को आंग्ल भाषा में कहा जाता है-

क.एस्टोलाजी ख. कास्मोलाजी ग.एस्ट्रोनामी घ.एस्ट्रोफिजिक्स

2. निम्न में सौरमंडल के अध्ययन के विषय है-

क.ग्रह ख.उपग्रह ग.धूमकेतु घ. ये सभी

3.ब्रह्माण्ड के एक मात्र जीवनप्रदाता ग्रह पृथ्वी के कितने प्रतिशत भाग पर जल है-

क.78% ख.79% ग.71% घ.75%

4.शनि के कितने उपग्रह हैं-

क.50 ख.58 ग.52 घ.53

5. "ब्रह्मस्फुट सिद्धांत" के प्रणेता हैं-

क.भास्कराचार्य ख.गणेशदैवज्ञ ग.ब्रह्मगुप्त घ.आर्यभट्ट

6.नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्णो द्यौ समवर्तत पदभ्याम भूमिः। प्रस्तुत मन्त्र ऋग्वेद के किस सूक्त से सम्बंधित है-

क.अक्ष सूक्त ख.पुरुष सूक्त ग.हिरण्यगर्भ सूक्त घ. अग्निसूक्त

रिक्त स्थान-

1. हमारी आकाशगंगा का नाम..... है?
2. प्राचीन समय में खगोल का अध्ययन .....के अंतर्गत किया जाता था।
3. "आउटलाइन्स आफ एस्ट्रोनामी" नामक पुस्तक के लेखक .....हैं।
4. मंगल ग्रह के उपग्रह..... हैं।

सत्य/असत्य

1. शतपथ ब्राह्मण में पृथ्वी को वृत्ताकार रूप में परिभाषित किया गया है। ( )
2. मंगल ग्रह के तीन उपग्रह हैं। ( )
3. सूर्य का व्यास 13 लाख 90 हजार किलोमीटर है, यह व्यास पृथ्वी के 113 गुने अधिक है। ( )
4. षड् वेदांगों में वेद रुपी पुरुष की घ्राणेंद्री **"ज्योतिष"** को कहा गया है। ( )

2.10 शब्दावली

1.उपादेय - उपयोग में लाने योग्य।

2. घूर्णन - परिक्रमा

3. कालक्रियापाद - काल गणना

4.अवर ग्रह - कनिष्ठ या छोटा ग्रह।

5.उल्का पिण्ड - कठोर चट्टान से निर्मित प्रकाशवान पिण्ड।

6.एस्ट्रोन - तारे

7.नोमोस - नियम

8.कौंड्राइट -धूल कणों तथा धातु से निर्मितउल्का पिंड।

9. अकौंड्राइट - कठोर चट्टानों के पृथक अंश।

10.कौतुहल - जिज्ञासा(किसी वास्तु को जानने की इच्छा), उत्सुकता।

2.11 बोध-प्रश्नों के उत्तर

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. ग.एस्ट्रोनामी

2. घ. ये सभी

3.ग.71%

4.क.50

5.गब्रह्मगुप्त

6.ख. पुरुष सूक्त

रिक्त स्थान

1.मिल्किवे

2.ज्योतिष शास्त्र

3.जॉन हर्शेल

4.फोबोस एवं डीमोस

सत्य/असत्य

1.सत्य

2.असत्य

3.सत्य

4.असत्य

2.12 सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची

1.आर्ष ग्रन्थं सूर्यसिद्धांतम्-सिंह उदयनारायण, स्वामी प्रकाशन मेरठ (उत्तर प्रदेश), वि. सं. 1960, पृ0 28 ।

2.आर्यभट्टियम्- परमेश्वर आचार्य, मथुरापुर शास्त्र प्रकाशन कार्यालय मुजफ्फरपुर (उत्तर प्रदेश), सन् 1906।

3.सिद्धांतशिरोमणि- द्विवेदी पण्डित गिरिजा प्रसाद, नवलकिशोर प्रेस लखनऊ (उत्तर प्रदेश), सन् 1926।

4.खण्डखाद्यकरणम्- गुप्ता प्रभुचंद्रसेन, कलकत्ता विश्वविद्यालय प्रकाशन 1941।

5.ब्रह्मस्फुटसिद्धांत-शर्मा पण्डित रामस्वरूप, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ऐस्ट्रोनॉमिकल एंड संस्कृत रिसर्च करोलबाग न्यू दिल्ली- 2239।

6.ग्रह लाघव- शर्मा पण्डित रामस्वरूप, वैंक्टेश्वर प्रकाशन मुंबई, वि.सं. 1952 ।

2.13 उपयोगी पुस्तकें

1.वैदिक साहित्य एवं संकृति- द्विवेदी आचार्य कपिल देव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, प्र०सं0 2002

2.संस्कृत साहित्य का इतिहास- ऋषि डॉ0 उमाशंकर, पृ095, चौखम्भा भारती अकादमी,सन 2023 ।

3.सिडेरियस नुनसियस-गैलीलियो, https://en.wikipedia.org/wiki/Sidereus_Nuncius

4.आन द हेवेन्स-अरस्तु https://en.wikipedia.org/wiki/On_the_Heavens

5.द मैकेनिज्म ऑफ द हेवेन्स-मैरी सोमरविले, Anatiposi Verlag (16 अप्रैल 2023)

6.आउटलाइन्स ऑफ एस्ट्रोनॉमी-जॉन हर्शेल,Salzwasser-Verlag (25 जून 2022)

2.14 निबंधात्मक प्रश्न

1.खगोल विज्ञान ब्रह्माण्ड का विज्ञान है, कैसे?स्पष्ट कीजिये।

2.पृथ्वी के आंतरिक एवं बाह्य स्वरूप को स्पष्ट कीजिये।

3.खगोल ज्योतिष का अभिन्न अंग है। स्पष्ट कीजिये।

4.सौरमंडल के स्वरुप को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिये।

5.खगोल विज्ञान के प्राचीन ग्रंथों का सूक्षम परिचय दीजिये।

6.खगोल विज्ञान की प्राचीन तथा आधुनिक अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिये।

इकाई -3 वैदिक मनोविज्ञान

इकाई की रूपरेखा

3.1 प्रस्तावना

3.2 उद्देश्य

3.3 विषय-प्रवेश

- 3.3.1 मनोविज्ञान का सन्दर्भ
- 3.3.2 वैदिक ग्रन्थों में मनोविज्ञान की परिकल्पना
- 3.3.3 वैदिक मनोविज्ञान का स्वरूप
- 3.3.4 वैदिक मनोविज्ञान की विशेषताएँ

3.4 सारांश

3.5 पारिभाषिक शब्दावली

3.6 अभ्यास-प्रश्नों के उत्तर

3.7 सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची

3.8 सहायक सामग्री

3.9 निबन्धात्मक प्रश्न

3.1 प्रस्तावना

भारतीय परंपरा में वेद को ईश्वरीय ज्ञान कहा गया है। वेद समस्त ज्ञान, विज्ञान, धर्म, दर्शन, सभ्यता, संस्कृति, साहित्य आदि के स्रोत हैं। इस दृष्टि से उनमें आदिकाल से आधुनिककाल तक प्रचलित और विकसित सभी प्रकार के ज्ञान-विज्ञान के बीज उपलब्ध हैं; ऐसा सिद्ध होता है। मनुष्य के जीवन-संचालन में जिन शक्तियों का सर्वप्रमुख योगदान है, उनमें मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार; इन चार अंतःकरण अवयवों का स्थान अग्रगण्य है। इनमें से भी मन को मनुष्य के जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कहा गया है। इस विषय में वैदिक साहित्य में असंख्य प्रमाण उपलब्ध हैं। इन आर्ष अथवा शब्द प्रमाणों की भारतीय परम्परा में बहुत मान्यता है।

मन के महत्त्व का सबसे बड़ा कारण मनुष्य के कार्य-व्यवहार में उसका योगदान है। इस विषय में वैदिक साहित्य में अनेक उद्धरणउपलब्ध हैं। मानव साहित्य में मन का सर्वप्रथम परिचय यजुर्वेद के माध्यम से प्राप्त होता है। यह विवरण इतना स्पष्ट और विस्तृत है कि परवर्ती वैदिक साहित्य में भी इसके प्रमाण उद्धृत किए जाते हैं। उदाहरण के लिए वेदों में जिस मन को मनुष्य के शरीर में उपलब्ध दैवी अवयव के रूप में परिचित कराया गया है उसे ब्राह्मण ग्रंथों में मनुष्य का नित्य सहचर कहा गया।

उपनिषदों में इसी मन को मनुष्य रूपी रथ की लगाम रूपमें सामान्यीकृत किया गया। वैदिक साहित्य पर आधारित सूत्र, स्मृति आदि में भी मन का उल्लेख प्राप्त होता है।

मनुष्य के जीवन में मन की केंद्रीय भूमिका को देखते हुए वेद से लेकर ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् आदि में मन के विषय में विशद चर्चा उपलब्ध होना स्वाभाविक है। यह चर्चा न केवल वैदिक मनोविज्ञान का स्वरूप स्पष्ट करती है, अपितु आधुनिक मनोविज्ञान का भी मार्गदर्शन करने में समर्थ है। प्रस्तुत इकाई के माध्यम से वैदिक साहित्य के अन्यान्य ग्रंथों में मनोविज्ञान की परिकल्पना, उसके स्वरूप और विशेषताओं का विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

3.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई का अध्ययन करने के उपरांत विद्यार्थी-

- मन का स्वरूप स्पष्ट करेंगे।
- मनोविज्ञानको परिभाषित कर सकेंगे।
- वैदिक साहित्य से मनोविज्ञान संबंधी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।
- वैदिक मनोविज्ञान के स्वरूप का वर्णन करेंगे।
- वैदिक मनोविज्ञान की विशेषताएँ स्पष्ट करेंगे।
- वैदिक मनोविज्ञान का व्यावहारिक विवेचन करेंगे।

3.3 विषय-प्रवेश

मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण में मन की केंद्रीय भूमिका है। यजुर्वेद में इसकी विशेषताओं का इतनी स्पष्टता से वर्णन है कि इसके बिना मनुष्य के व्यक्तित्व की कल्पना भी असंभव प्रतीत होती है। आगे चलकर दर्शन ग्रंथों में मन को आत्मा का सर्वप्रथम सहयोगी कहा गया और इसी के माध्यम से

आत्मा की धर्म अथवा अधर्म में प्रवृत्ति दर्शाई गई है। उपनिषदों में कहा गया है कि सबसे पहले मन ही इंद्रियों के माध्यम से किसी विषय की ओर आकर्षित होता है। इसके बाद वह इन विषयों को बुद्धि के समक्ष आकर्षक रूप से प्रदर्शित करता है। बुद्धि मन द्वारा प्रस्तुत विषयों को गुण-दोष, लाभ-हानि, यश-अपयश आदि का विचार करके स्वीकार अथवा अस्वीकार करती है। मनुष्य के व्यवहार में मन की इस केन्द्रीय भूमिका के कारण ही भारत की परंपरा में मन को वश में करने संबंधी बहुत से उल्लेख प्राप्त होते हैं। एक उद्धरण में कहा जाता है कि इस संसार को कौन जीत सकता है? और उसके उत्तर में कहा जाता है कि "जिसने मन को जीत लिया, वही इस संसार को जीत सकता है।"

मानव के व्यक्तित्व में मन की इसी केंद्रीय भूमिका के कारण वैदिक ऋषियों ने इसके स्वरूप, प्रवृत्ति और सामर्थ्य को लेकर बहुत प्रकार के उपदेश किए हैं। इनमें से कुछ के अनुसार मन आत्मा का सहभागी होने के कारण जन्म-जन्मांतर के संस्कारों से युक्त होता है। वही इस जन्म में परिवेश के अनुसार मनुष्य के व्यक्तित्व को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मन के इन संस्कारों को पूर्वजन्म के संस्कार या जन्मजात-प्रवृत्ति कहा जाता है। मन की महत्ता को इस तथ्य से भी जाना जाता है, कि पूरी तरह जागृत होने पर भी मनुष्य अपनी किसी भी इंद्रिय से संसार के किसी भी विषय का साक्षात्कार या अनुभव तब तक नहीं कर सकता जब तक मन का संयोग न हो।

अन्य शब्दों में, जिस इन्द्रिय के साथ मन होता है, वही अपने विषय का अनुभव कर सकती है। यही कारण है कि कभी-कभी हम खुली आँखों से भी दृश्य नहीं देख पाते और जागते हुए भी किसी अनुभव से वंचित रह जाते हैं। यह हमारे जीवन में मन के महत्व को दर्शाने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है। इसलिए, मन और उसकी प्रवृत्ति को समझना और उसे अपने कल्याण के लिए प्रयोग करना मनुष्य जीवन की सफलता के लिए अनिवार्य है। इसी उद्देश्य को सम्मुख रखकर इस इकाई के माध्यम से मन के विषय में उपर्युक्त शीर्षकों के अंतर्गत विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

3.3.1 मनोविज्ञान का सन्दर्भ

मनोविज्ञान क्या है ? अथवा इसका स्वरूप और महत्व किस प्रकार का है? इन प्रश्नों पर विचार से पहले यह समझना आवश्यक है कि मन क्या है और क्या इसकी उपस्थिति को किन्हीं प्रमाणों के माध्यम से व्यक्त किया जा सकता है? इस प्रश्न पर विचार करते हुए सबसे पहले जो तथ्य हमारे सामने उपस्थित होता है, वह है कि मनुष्य सभी गुण, कर्म, स्वभाव, अभ्यास आदि अपने परिवेश के आधार पर विकसित नहीं करता, अपितु समान परिवेश में रहने वाले मानवों में विविध व्यक्तित्व देखे जा सकते हैं। इस परिस्थिति के कारण को आधुनिक मनोविज्ञान आनुवंशिकी के रूप में स्वीकार करता है। आज भारत ही नहीं, बल्कि विश्वभर में स्वीकार किया जा चुका है कि व्यक्तित्व के निर्माण में परिवेश के साथ आनुवंशिकता का समान योगदान रहता है। इसका तात्पर्य है कि बालक का व्यक्तित्व केवल परिवेश अर्थात् उसके परिवार, पास-पड़ौस, विद्यालय, समाज आदि पर ही निर्भर नहीं होता।

ऐसा भी देखा जाता है कि एक ही परिवार, समूह, समुदाय या समाज में जन्म लेने और पलने-बढ़ने वाले बच्चे भिन्न प्रकार का व्यक्तित्व प्रदर्शित करते हैं। ऐसे में परिवेश के समान होने पर भी व्यक्तित्व की भिन्नता का जो एकमात्र कारण समझ आता है; वह है उनकी जन्मजात प्रवृत्ति या स्वाभाविक संस्कार। यह प्रवृत्ति या संस्कार मनुष्य के अंतरण में विद्यमान रहते हैं और समय के

साथ-साथ उद्घाटित होते जाते हैं। इनका प्रभाव व्यक्ति के दृष्टिकोण और अपने वातावरण के साथ अंतर्क्रिया के तौर-तरीकों पर स्पष्ट रूप से अनुभव किया जा सकता है। इसका अर्थ है कि परिवारजन अथवा शिक्षक कैसा भी परिवेश निर्मित कर लें; फिर भी बालक के भीतर ऐसी कोई सत्ता अवश्य रहती है, जो उसके व्यवहार, विचार और निर्णय की भिन्नता को प्रभावित करती है। भारतीय मनीषा ने इस सत्ता या अवयव को 'मन' का नाम दिया है।

इस परिस्थिति के अतिरिक्त भी जीवन व्यवहार में अनुभव किया जाता है कि पूरी तरह जागा हुआ होने और आँखें खुली होने पर भी हमकिसी वस्तु, व्यक्ति या दृश्य-विशेष को नहीं देख पाते, कान के सक्षम होने पर भी किसी ध्वनि या पुकार को नहीं सुन पाते। ऐसा ही व्यवहार अन्य इंद्रियों के साथ भी अनुभव किया जाता है। इसका सबसे प्रभावी स्पष्टीकरण है कि इन्द्रियों के जिस व्यवहार के प्रति हमारा ध्यान केंद्रित नहीं होता, उस इंद्रियार्थ-संयोग से हमें कोई संवेदना प्राप्त नहीं होती। इस स्थिति के कारण को विद्वान-जन 'मन' का नाम देते हैं।

प्रायः सभी भारतीय दर्शन अन्तःकरण के चार अवयव स्वीकार करते हैं। इनमें सर्वप्रथम है मन, जो एकादश इन्द्रियों में शामिल होते हुए भी'उनसे उन्नत और विषय के ग्रहण में निर्णायक है। मन इंद्रियों के माध्यम से प्राप्त होने वाले विषयों को बुद्धि के समक्ष प्रस्तुत करता है। बुद्धि उचित-अनुचित, धर्म-अधर्म, लाभ-हानि आदि परिणामों का विचार करके उपस्थित विकल्पों से किसी एक के पक्ष में निर्णय करती है। यदि किसी विषय में बार-बार एक समान निर्णय किया जाता है, तो चित्त उसका संग्रह कर लेता है, ताकि समान विषय में बार-बार विचार-विमर्श के आवश्यकता न रहे। अंतःकरण का चौथा अवयव अहंकार है, जो इस प्रकार के निर्णयों को सब प्रकार से सुरक्षित करता है और उन्हें सदा और सब परिस्थितियों में व्यवहार में लाने के लिए सप्रयास रहता है। इस प्रकार मन की अगुवाई में अंतःकरण के सभी अवयव जीवन -व्यवहारों का संचालन करते हैं।

सामान्य रूप में विज्ञान को ऐसेज्ञान के रूप में जाना जाता है जो अवलोकन, तार्किक-चिंतन, अन्वेषण और अध्ययन द्वारा उपलब्ध होता है। विज्ञान की अन्य विशेषता व्यक्ति और परिस्थिति से निरपेक्ष होना है। इसका अर्थ है कि विज्ञान के सिद्धांतकिसीव्यक्ति और परिस्थिति से प्रभावित नहीं होते। यदि ऐसा होता है तो उन्हें विज्ञान की श्रेणी में नहीं रखा जाता। अन्य शब्दों में, विज्ञान व्यवस्थित और नियमबद्ध ज्ञान है, जिसे तर्क और प्रमाण के द्वारा सिद्ध किया जा सके। इस संदर्भ में मनोविज्ञान; मन के विषय में व्यवस्थित, तर्कपूर्ण और प्रामाणिक ज्ञान प्रदान करने वाला शास्त्र है। विविध शास्त्रों में उपलब्ध मन-सम्बन्धी समस्त विवरण, उल्लेख और उद्धरण, जो एक दूसरे के समान, सभी को स्वीकार्य और तर्क के द्वारा प्रमाणित हैं; वे मनोविज्ञान के घटक अवयव हैं।अन्य शब्दों में मनोविज्ञान मन के स्वरूप, व्यवहार और गुणों का वैज्ञानिक अध्ययन है, जिसे मनुष्य के व्यवहार को समझने में उपयोग किया जा सकता है।

मनोविज्ञान को मन का विज्ञान, मन से संबंधित विज्ञान, मन की स्थितियों, स्वरूप और कार्यों का अध्ययन करने वाला विज्ञान आदि विभिन्न प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है। वैदिक चिंतन में मन का भौतिक, दार्शनिक और वैज्ञानिक विवेचन उपलब्ध होता है, जिसके कारण भारतीय मनोविज्ञान विश्वभर में स्वीकृत है। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में मन के स्वरूप, कार्य, प्रभाव और गतिविधियों का निरीक्षण, अवलोकन और यंत्रों द्वारा सूक्ष्मनिरीक्षण भी मनोविज्ञान के अंतर्गत

सम्मिलित हो गया है। वैदिक मनोविज्ञान अपने आप में एक ही विषय रहा है, जबकि पाश्चात्य संदर्भ में इसे बाल, शिक्षा, समाज, उद्योग, विधि, वाणिज्य, अपराध, स्नायु और परा-मनोविज्ञान जैसी अन्यान्य श्रेणियों में बाँटकर पढ़ा जाता है।

अति लघूत्तरीय प्रश्न -

1. परिवेश का क्या तात्पर्य है ?
2. आनुवंशिकता से आप क्या समझते हैं ?
3. व्यक्तित्व के निर्माण में किन प्रमुख परिस्थितियों का योगदान होता है ?
4. मनुष्य के अंतःकरण के अवयवों के नाम बताइए।
5. मनुष्य के जीवन में बुद्धि की भूमिका किस प्रकार की है ?

3.3.2 वैदिक ग्रन्थों में मनोविज्ञान की परिकल्पना

वेद को समस्त ज्ञान-विज्ञान का आदि-स्रोत मानने वाली भारतीय परंपरा मनोविज्ञान जैसे आधुनिक प्रतीत होने वाले ज्ञान-क्षेत्र के बीज भी वेदों में निहित मानती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस सृष्टि के सर्वप्रथम शास्त्र के रूप में स्वीकृत वेद की संहिताओं और फिर उनके आधार पर उद्भूत ग्रन्थों में मन, उसकी शक्तियों, विशेषताओं, स्वरूप और सदुपयोग के विषय में अनेक सूत्र प्राप्त होते हैं। इनमें सर्वाधिक स्पष्ट सन्देश यजुर्वेद के चौंतीसवें अध्याय के छह मंत्र हैं, जिन्हें "शिव-संकल्प के मंत्र" का नाम दिया गया है। इनमें से प्रत्येक मंत्र न केवल मन को मनुष्य का महत्वपूर्ण अवयव स्वीकार करता है, बल्कि उसके सामर्थ्य और शक्तियों को भी इतनी स्पष्टता से व्यक्त करता है कि यह सूक्त मनोविज्ञान के सर्वप्रथम उपदेश के रूप में स्वीकार्य हो जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस सूक्त के माध्यम से न केवल मन की शक्तियों को सविस्तार प्रस्तुत किया गया है, अपितु उन शक्तियों के सदुपयोग की कामना भी व्यक्त की गई है।

इस प्रकरण से स्पष्ट है कि मन मनुष्य के व्यक्तित्व का एक स्वतंत्र और शक्तिशाली अवयव है और उसके शिव-संकल्प-युक्त अर्थात् सकारात्मक और उन्नत हुए बिना मनुष्य का विकास और उत्कर्ष संभव नहीं हो सकता। इस प्रकार यजुर्वेद मनोविज्ञान का आदि स्रोत है। इस बात पर गर्व और आश्चर्य होना स्वाभाविक है कि ऐसे वैज्ञानिक विषय पर इतनी प्रामाणिकता के साथ दिया गया ज्ञान मनुष्यता के आदिग्रंथ वेद में उपलब्ध होता है। इस प्रकरण से प्रमाणित होता है कि वेद मन और मनोविज्ञान से संबंधित ज्ञान की गंगोत्री है। यहीं से इस विषय का ज्ञान अन्य वैदिक ग्रंथों, दर्शनशास्त्र और वेदोत्तर साहित्य तक आया और विश्वविख्यात हो गया।

ii. सूर्य प्रज्ञप्तिकाल- सूर्यप्रज्ञप्ति तथा चंद्रप्रज्ञप्ति ५००ई० पू० के प्रसिद्ध जैन धार्मिक ग्रन्थ हैं। सूर्यप्रज्ञप्ति में 'दीर्घवृत' का स्पष्ट उल्लेख मिलता है, अर्थात् दीर्घ (आयत) पर बना परिवृत जिसको परिमण्डल के नाम से जाना जाता था। 'परिमण्डल' शब्द दीर्घवृत के लिए प्रयुक्त किया है जिसके दो प्रकार बताये गये हैं- १. प्रतरपरिमण्डल, २. घन परिमण्डल।जैनाचार्यों का गणित और ज्योतिष में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जैन आचार्यों ने तैशाशिक व्यवहार तथा मिश्रानुपात, लेकन पद्धति, बीजगणितीय समीकरण, विविध श्रेणियाँ क्रमचय-संचय, समुच्चय सिद्धान्त, घातांक एवं लघुगणक के नियम आदि विषयों पर प्रकाश डाला है। बौद्ध साहित्य में भी गणित को पर्याप्त महत्व दिया गया है। इसमें गणित को गणना तथा संख्यान (उच्चगणित) को दो भागों में बाँटा गया है। संख्याओं का वर्णन तीन प्रकार से है-

१. संख्येय अर्थात गिनने योग्य।

२. असंख्येयअर्थात अगण्य योग्य।

३. अनन्तअर्थात असीम।

3.3.2 जैन गणित का स्वरूप एवं प्रतिपाद्य

जैन साहित्य में गणित विषय का पर्याप्त उल्लेख मिलता है। जैन साहित्य धर्म व दर्शन प्रधान है, तो भी उसमें गणित-शास्त्र का उपयोग व व्याख्यान पद-पद पर पाया जाता है। जैन धर्म में गणित विज्ञान एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। यह जैन परम्परा का हिस्सा है संख्यान (अंक और ज्योतिष) जैन मुनियों की साधन का महत्वपूर्ण अंग रहा है। जैन धर्म में ७२ विज्ञानों तथा कलाओं में अंकगणित को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। जैन वांगमय को चार भागों में विभाजित किया जा सकता है। उसे गणितानुयोग भी कहा जाता है। गणितीय सिद्धान्तों द्वारा सृष्टि-संरचना को स्पष्ट करना तथा कर्म-सिद्धान्त की व्याख्या करना जैन आचार्यों का प्रमुख दृष्टिकोण है। अतः मात्र करणानुयोग का ही नहीं, अपितु द्रव्यानुयोग के ग्रन्थों का भी अध्ययन गणित के परिपक्व ज्ञान के बिना सम्भव नहीं है। गणित के महत्व को बताते हुए महावीराचार्य ने कहा है कि- "सांसारिक ग्रन्थों में गणितीय सामग्री प्रत्यक्ष रूप परोक्ष रूप में प्रचुर मात्रा में विद्यमान है। हमारे प्राचीन ज्ञान-भण्डार में आगम साहित्य का बहुत महत्व है। ऐसे ही एक महत्वपूर्ण वैदिक तथा धार्मिक आदि सभी कार्यों में गणित उपयोगी है"।

जैन गणितज्ञ महावीराचार्य और गणितसार-संग्रह-

प्रसिद्ध जैन गणितज्ञ महावीराचार्य ८५० ई० में हुए। इन्होंने गणित के अनेक नवीन सिद्धान्त निकाले। इनकी बनाई हुई **'गणितसार-संग्रह'** अंकगणित की सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों में से एक है।

संस्कृत भाषा में लिखी गणितसार-संग्रह में महावीराचार्य ने गणित का विलक्षण तरीके से विवेचन किया है। यह जैन परम्परा का सर्व प्रथम गणित विषयक ग्रन्थ की श्रेणी में आता है। इसमें गणित के

नियमों के साथ-साथ गणित सम्बन्धी प्रश्न भी दिये गये हैं। जो अत्यंत मनोरंजन तथा ज्ञानवर्धक होते हैं। गणितसार-संग्रह में नौ अधिकार (अध्याय) हैं।

इनके द्वारा बताये गये सिद्धान्त कुछ इस प्रकार से हैं-

लघुत्तम समापवर्त्य (Lowest Common Multiple) का नियम आविष्कृत किया जिसको उन्होंने निरुद्ध शब्द से द्योतित किया- **छेदापवर्तकानां लब्धानां चाहतौ निरुद्धः स्यात्।**

अर्थात् छेदों (Denominator) के अपवर्तकों अर्थात् समापवर्तकों तथा उनसे प्राप्त लब्धियों को परस्पर गुणा करने से निरुद्ध प्राप्त होता है। यूरोप में इस विधि का पता १५वीं शती में चला।

ब्रह्मगुप्त और महावीर दोनों ने चतुर्भुज के क्षेत्रफल का यह निम्न नियम दिया था, जो कि केवल वृत्तांतर्गत चतुर्भुज के विषय में शुद्ध है-

√ स (स-अ) (स-ब) (स-च) (स-द)

भिन्नो, श्रेढियों तथा अंकगणितीय प्रश्नों का विशद और विस्तृत रूप गणितसारसंग्रह में मिलता है।

आयातवृत्त (दीर्घवृत्त) का क्षेत्रफल – दीर्घाक्ष में अर्धलध्वक्ष को जोड़ें तथा २ से गुणा करें। इस प्रकार दीर्घवृत्त की परिधि ज्ञात होती है। पुनः १/२ लध्वक्ष को परिधि से गुणा करने पर उसका क्षेत्रफल प्राप्त होता है लेकिन यह नियम स्थूल है।

यदि जैन लोग इस युग के अपने धार्मिक ग्रन्थों को संजोए न रखते तो आज गणित का तत्कालीन इतिहास पूर्ण रूप से अन्धकार-विलीन हो गया होता। स्थानांगसूत्र, भगवतीसूत्र तथा अनुयोगद्वार सूत्र इस युग के प्रमुख ग्रन्थ हैं। इस युग के प्रमुख आविष्कार तथा महत्वपूर्ण कृतियाँ ये हैं-

१. दशमिक अंक-लेखन प्रणाली।
२. शून्य का आविष्कार।
३. बीजगणित का आविष्कार।
४. अंकगणित का विकास-वक्षाली-गणित।
५. ज्योतिष का विकास और सूर्यसिद्धान्त की रचना।

परिकर्म्म व्यवहारो रज्जु रासी क्लासवन्ने य।
जावन्तावति वग्गो घनो ततह वग्गवग्गो विकप्पोत।। (स्थानांग सूत्र,७४७)

अर्थात् ३५० ई०पू० भारतवासी परिकर्म्म (मूलभूत क्रियायें), व्यवहार (व्यवहार गणित Practical Arithmetic), रज्जु (रेखागणित), राशि (त्रैराशिक नियम), कलासवर्ण (भिन्न क्रिया), यावत्तावत (सरल समीकरण), वर्ग (वर्ग समीकरण), घन (घन समीकरण) वर्गवर्ग (चतुर्घात समीकरण), विकल्प (क्रमचय तथा संचय) जानते थे।

दशमिक अंकलेखन प्रणाली और शून्य-

आचार्य पिंगल के छन्दशास्त्र में शून्य के सांकेतिक चिह्न का प्रयोग किया गया था। उसमे छन्द के प्रस्तार करने हेतु लिखा गया है कि **'रुपे शून्यम्'** इसका अर्थ है कि विषम संख्या में से एक घटाने पर शून्य स्थापित करिये। **'द्वि शून्ये'** अर्थात शून्य स्थान में दो बार आवृत्ति कीजिए। इससे यह पता चलता है कि २०० ई० पू० शून्य का कोई चिह्न अवश्य रहा होगा। अतः दशमिक अंकलेखन

प्रणाली तथा शून्य का आविष्कार अगभग २०० ई० पू० का है। भारतीयों का सबसे बड़ा आविष्कार शून्य सहित दशमिक संख्या पद्धति तथा दशमिक अंकलेखन प्रणाली है। संसार में बुद्धि और सभ्यता के विकास में सहायक सबसे महत्वपूर्ण गणितीय आविष्कार यही है। १ से ९ तक के अंकों तथा शून्य के द्वारा बड़ी से बड़ी संख्या बड़ी सरलता तथा कुशलता से लिखी जा सकती है। यही कारण है कि विश्व भर ने इस प्रणाली को अपना लिया है।

3.3.3 बौद्ध गणित का स्वरूप एवं प्रतिपाद्य

बौद्ध काल में दुनियाँ अपने ज्ञान के चरम पर थी। तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला नामक महानतम विश्वविद्यालयों में विश्वभर के लोग ज्योतिष, गणित, खगोल और धर्मशास्त्र आदि ग्रन्थों का अध्ययन करने आते थे। बौद्ध कालीन गणित का अपना विशिष्ट महत्व रहा है। बौद्ध साहित्य भी अनिश्चयात्मक और असीम संख्याओं के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करता है। बौद्ध गणित का विभाजन गणना अर्थात सरल गणित या सांख्यन अर्थात उच्चतर गणित में हुआ है।

प्राचीन बौद्ध साहित्य में गणित के भेद-

१. मुद्रा (अंगुलियों पर गिनना)

२. गणना (सामान्य गणित, मौखिक गणना)

३. संख्यान (उच्च गणित)

दीर्घनिकाय, विनयपिटक, दिव्यावदान और मिलिन्दपंहो ग्रन्थों में इन तीनों का उल्लेख मिलता है। गणित के अर्थ में 'संख्यान' शब्द का प्रयोग अनेक ग्रन्थों में मिलता है। प्राचीन गणित में ज्योतिष भी समिलित था। क्षेत्रगणित या ज्यामिति (Geometry) का उल्लेख वेदांग के रूप प्रचलित 'कल्पसूत्र' और शुल्बसूत्रों में मिलता है। बाद में ज्योतिष स्वतन्त्र विषय हो गया और क्षेत्रगणित या ज्यामिति गणित का अंग हो गया। आगे चलकर अज्ञात राशि से सम्बन्ध रखने वाला बीजगणित (Algebra) कहलाया। यह पृथक करण सर्वप्रथम ब्रह्मगुप्त ने किया। उन्होंने ब्राह्मस्फुटसिद्धान्त ग्रन्थ में बीजगणित से सम्बद्ध अध्याय को 'कुट्टकाध्याय' कहा है।

आचार्य ब्रह्मगुप्त—

ब्रह्मगुप्त का जन्म राजस्थान के भीनमाल नामक स्थान में ५९८ ई० में हुआ था। इन्होंने **"ब्रह्मस्फुट सिद्धान्त"** और **"खण्डखाद्य"** की रचना की है। इन्होंने शून्यपरिकर्म, क्षेत्रमिति के उच्च नियम, बीजगणित तथा अनन्तरराशि के नियम समझाये।**"ब्रह्मस्फुट सिद्धान्त"** में २१ अध्याय हैं जिनमें दो अध्याय गणित पर तथा शेष ज्योतिष सम्बन्धी हैं। इन अध्यायों में अंकगणित, बीजगणित तथा ज्यामिति के सूत्र हैं।

परिकर्मविंशतिमिमां संकलिताद्यां पृथग्विजानाति।
अष्टौ व व्यवहारान् छायान्तान् भवति गणकः सः।।(ब्रा० स्फु० सि०)

अर्थात् संकलित आदि गणित की २० क्रियाओं तथा ८ व्यवहारों को जो जानता है वही गणक है। वैदिक काल में गणक, ज्योतिषी को कहते थे किन्तु अब गणित स्वतंत्र सत्ता रखने लगा।

परिकर्म- संकलित, व्यवकलित, प्रत्युत्पन्न, भागहार, वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल, भागजाति, प्रभागजाति, भागानुबंध जाति, भागापवाह जाति, भागमाता जाति, त्रैराशिक, व्यस्तत्रैराशिक, पंचराशिक, सप्तराशिक, नवराशिक, एकादशराशिक तथा भांडप्रतिभांड।

व्यवहार- मिश्रक, श्रेढी, क्षेत्र, खात, चिति, क्राकचिक, राशिक और छाया।

बीजगणित पर सर्वप्रथम **"ब्रह्मस्फुट सिद्धान्त"** का कुट्टक अध्याय मिलता है उस समय कुट्टक-समीकरण (Indeterminate equation) के साधनको अत्यंत महत्वपूर्ण समझा जाता था। बीजगणित को कुट्टक कहा गया है। उदाहरण-

अवयक्तान्तरभक्तं व्यस्तं रूपान्तरं स्मेऽव्यक्तः। (ब्राह्मस्फुटसिद्धान्त)

अर्थात् अचरों के अंतर को गुणांकों के अंतर से भाग देने पर अव्यक्त का नाम व्यक्त हो जाता है।

जैसे- कय + ख = गय = घ तो य = $\frac{\text{घ}-\text{ख}}{\text{क}-\text{ग}}$

इन्होंने समखात (Prism) सूची (Cone या Pyramid) के घनफल निकालने का नियम बताया।

इन्होंने गुणोत्तर श्रेणी के योग के नियम दिये। इस उदाहरण में अंत्यधन अंतिम पद के लिए गुण सार्व अनुपात के लिए तथा गु, गुणधन (Common ratio) के लिए प्रयुक्त हुए हैं।

श्रेणी योग =

$$\frac{\text{आ} - \text{गु}^{\text{स}-१} \times \text{गु} - \text{आ}}{\text{गु} - १}$$

$$\frac{\text{आ} - \text{गु}^{\text{स}} - १}{\text{गु}-१}$$

यहाँ अंत्यधन आ गु-१ है।

यूक्लिड का प्रमेय (Euclid's theorem) यदि दो जीवाएँ परस्पर एक-दूसरे को काटती हों तो एक के अन्तः खंडों की गुणा दूसरे के अन्तः खंडों की गुणा के बराबर होती है।

पाइथागोरस प्रमेय यह प्रमेय शुल्वकाल में ही भारत में ज्ञात था परन्तु ब्रह्मगुप्त ने इसे विस्तृत रूप से वर्णित किया-

कर्णकृतेः कोटिकृतिं विशोध्य मूलं भुजो भुजस्य कृतिम्।
प्रोह्य पदं कोटि कोटिबाहुकृतियुतिपदं कर्णः।।

अर्थात-कर्ण^२ - कोटि^{२} = भुज^२

कर्ण^२ - भुज^२ = कोटि^{२}

कोटि^{२} - भुज^२ = कर्ण^२

ब्रह्मगुप्त ने चतुर्भुज के परिगत वृत की त्रिज्या निकालने का भी नियम बताया है।

भारतीय अंक अपने आधुनिक रूपमें७वीं और ११वीं सदी के मध्य विकसित हो चुके थे। साथ ही विभिन्न गणितीय क्रियाओं को दर्शाने वाले संकेतों जैसे- धन, ऋण, वर्गमूल आदि का भी विकास हुआ। भारत ने अंकों के अलावा शून्य की भी खोज की शून्य से पहले भी विश्व में अनेक प्रकार की अंक प्रणाली थी। शून्य आविष्कार के पश्चात भी यह प्रणालियाँ प्रचलित थी। पहले लोग ९ के पश्चात ११ लिख देते थे या मान लेते थे। परन्तु विद्वानों के अनुसार उत्तर वैदिक काल में शून्य के आविष्कार के पश्चात गणित में एक नया परिवर्तन हुआ।

अंकगणित- अंकगणित का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। इसकी जानकारी वैदिक ग्रंथों से प्राप्त होती है। वैदिक एवं सूत्र ग्रंथों के बाद रामायण में भी अंकगणित की जानकारी प्राप्त होती है। जिसमें शत, सहस्र, कोटि, शंख, महाशंख, वृन्द आदि शब्द मिलते हैं। गणित के सामान्य प्रश्न पाटी (तख्ती, पट्ट

या फलक) पर या मिट्टी में अंक लिखकर किए जाते थे, अतः अंकगणित का नाम 'पाटीगणित' या 'धूलिकर्म' पड़ गया। अंकगणित में संख्याएँ व्यक्त होती हैं, अतः उसे 'व्यक्तगणित कहा जाता है, और संखयाएँ अव्यक्त होने के कारण बीजगणित को 'अव्यक्तगणित' भी कहा जाता है।

अंकगणित के आठपरिकर्म (Fundamental Operations)

१. संकलित (जोड़), २. व्यवकलित (घटाना), ३. गुणन (गुणा करना), ४. भागहार (भाग देना), ५. वर्ग (Square),६. वर्गमूल (Square-root), ७. घन (Cube), ८. घनमूल (Cube-root)

रेखागणित- वैदिक काल में गणित का परिचय कल्प नामक वेदांग में सुल्व सूत्रों के रूप में ३००० ई० पू० मिलता है। वेदी मापन में प्रयोग होने वाली रस्सी को सुल्व कहा जाता है। पाइथागोरस के नाम से जो प्रमेय वर्तमान समय में प्रचलित है, उस प्रमेय की रचना शुल्व सूत्रों में 'बौद्धायन शुल्व सूत्र में हो चुकी थी। शुल्व सूत्रों के रचिताओं में बौद्धायन, आपस्तम्भ, कात्यायन, मानव, मैत्रायण आदि के नाम जाने जाते हैं।

ज्यामिति के क्षेत्र में आर्यभट्ट, भास्कर प्रथम, ब्रह्मगुप्त, महावीर का विशेष योगदान रहा है। आर्यभट्ट ने अपने ग्रन्थ में मुख्यतः त्रिभुज, चतुर्भुज, वृत्त के क्षेत्रफल, ठोसों के आयतन के सूत्र लिखे हैं। आचार्य भास्कर ने 'लीलावती' के 'क्षेत्र व्यवहार' नामक अध्याय में समकोण त्रिभुज व चतुर्भुज के क्षेत्रफल, वृत्त-क्षेत्रफल, गोलों के तल व आयतन आदि पर विस्तार से विवेचना की है।

बीजगणित- भास्कराचार्य के अनुसार बीजगणित एवं अंकगणित में संरचना और सिद्धान्त के विचार से अनेक समानताएँ हैं। इन दोनों में मुख्य अन्तर यह है कि अंकगणित में व्यक्त (ज्ञात) राशि की बात की जाती है जबकि बीजगणित में अव्यक्त (अज्ञात) राशि की बात की जाती है। बीजगणित में अंकों की सहायता के बिना संकेताक्षरों या वर्णों से गणित की क्रिया की जाती है।

भास्कराचार्य के अनुसार अंकगणित से जिन प्रश्नों को हल करने में कठिनाई होती है उन प्रश्नों को बीजगणित से हल किया जा सकता है। अंकगणित की अपेक्षा प्रतीकों का प्रयोग कर, कम श्रम से अत्यन्त व्यापक फल प्राप्त करना बीजगणित की उपलब्धि है। इसीलिए बीजगणित को भाषा की 'आशुलिपि' (short hand) कहते हैं।

3.4 सारांश

प्रिय विद्यार्थियों !

प्रस्तुत इकाई में आपने 'उत्तरवैदिक कालीन भारतीय गणित जैन, बौद्ध आदि' का अध्ययन किया। आपने जाना कि भारतीय ज्ञान परम्परा में प्रारम्भ से ही गणित को महत्वपूर्ण विषय माना जाता रहा है। वेद समस्त ज्ञान-विज्ञान का स्रोत हैं। वेदों में गणितशास्त्र से सम्बद्ध पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। उनमे एक संख्या से लेकर परार्द्ध संख्या तक का उल्लेख है। उनमे १० संख्या का महत्व, उसके गुणन, स्थानमान तथा भाग आदि का वर्णन है। वेदों में गणित शब्द का उल्लेख नहीं मिलता लेकिन कुछ अन्य शब्द मिलते हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि गणना की विधि ज्ञात थी। जैन साहित्य यद्यपि धर्म व दर्शन प्रधान है। तथापि उसमें गणित शास्त्र का उपयोग व व्याख्यान पद-पद पर पाया जाता है। जैन गणित में महावीराचार्य का 'गणितसार संग्रह' प्रसिद्ध है। यदि जैन लोग इस युग के अपने धार्मिक ग्रन्थों को संजोए न रखते तो आज गणित का तत्कालीन इतिहास पूर्ण रूप से अन्धकार-विलीन हो गया होता। स्थानांगसूत्र, भगवतीसूत्र तथा अनुयोगद्वार सूत्र इस युग के प्रमुख

ग्रन्थ हैं। इस युग के प्रमुख आविष्कार तथा महत्वपूर्ण कृतियाँ ये हैं- दशमिक अंक-लेखन प्रणाली, शून्य का आविष्कार, बीजगणित का आविष्कार, अंकगणित का विकास- वक्षाली-गणित, ज्योतिष का विकास और सूर्यसिद्धान्त की रचना। बौद्ध काल में दुनियाँ अपने ज्ञान के चरम पर थी। तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला नामक महानतम विश्वविद्यालयों में विश्वभर के लोग ज्योतिष, गणित, खगोल और धर्मशास्त्र आदि ग्रन्थों का अध्ययन करने आते थे। बौद्ध कालीन गणित का अपना विशिष्ट महत्व है। बौद्ध साहित्य भी अनिश्चयात्मक और असीम संख्याओं के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करता है। बौद्ध गणित का विभाजन गणना अर्थात सरल गणित या 'सांख्यन' अर्थात उच्चतर गणित में हुआ है। संख्याएँ तीन प्रकार की मानी गई हैं। 'संख्येय' अर्थात गिनने योग्य, 'असंख्येय' अर्थात अगण्य योग्य, 'अनन्त' अर्थात असीम। भारत ने अंकों के अलावा शून्य की भी खोज की शून्य से पहले भी विश्व में अनेक प्रकार की अंक प्रणाली थी। शून्य आविष्कार के पश्चात भी यह प्रणालियाँ प्रचलित थी।

3.5 पारिभाषिक शब्दावली

प्रणाली - पद्धति
विभाजन - बाँटना, विभाग करना
रूपान्तर - रूप का बदलना
समखात - समान
व्यक्त - ज्ञात
अव्यक्त - अज्ञात
परोक्ष - जो आँखों के सामने न हो, आँखों से ओझल
चाप - एक वृत्त की परिधि का एक भाग

अभ्यासप्रश्न—

(1) निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प का चयन कीजिये।

1. भारतीय गणित का शुभारम्भ किससे माना जाता है?
   (क) ऋग्वेद (ख) यजुर्वेद
   (ग) सामवेद (घ) अथर्ववेद
2. 'शुल्व' का अर्थ होता है।
   (क) माप (ख) आधार
   (ग) वेदी (घ) रस्सी
3. 'विनयपिटक' ग्रन्थ है।
   (क) जैन (ख) बौद्ध
   (ग) अद्वैत (घ) इनमे से कोई नहीं
4. गणितसार-संग्रह में महावीराचार्य ने किसका विलक्षण तरीके से विवेचन किया है?
   (क) समाजशास्त्र का (ख) न्याय का
   (ग) गणित का (घ) रसायन शास्त्र का

5. 'पाटीगणित' कहा जाता है।

(क) बीज गणित को (ख) अंकगणित को

(ग) रेखागणित (घ) इनमे से कोई नहीं

(2) रिक्तस्थानों की पूर्ति कीजिये।

1.शुल्व वह (रस्सी) होती थी, जो यज्ञ वेदी का निर्माण करने के लिए ---------- में काम आती थी।

2. वेद समस्त ---------- का स्रोत हैं।

3. जैन धर्म में ---------- विज्ञानों तथा कलाओं में अंकगणित को सर्वाधित महत्व दिया गया है।

4. बौद्ध गणित का विभाजन गणना अर्थात सरल गणित या सांख्यन अर्थात---------- गणित में हुआ है।

5. शुल्व काल की विश्व को सबसे बड़ी देन ---------- के ज्ञान की नींव डालना है।

(3) सही गलत का चयन कीजिये।

1. छान्दोग्य उपनिषद् में सर्वप्रथम गणितशास्त्र का 'राशिविद्या' और ज्योतिष का 'नक्षत्रविद्या' नाम से उल्लेख है। ( )

2. जैन धर्म में गणित विज्ञान एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। ( )

3. बौद्ध काल में तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला नामक महानतम विश्वविद्यालयों में विश्वभर के लोग ज्योतिष, गणित, खगोल और धर्मशास्त्र आदि ग्रन्थों का अध्ययन करने आते थे। ( )

4. 'ब्रह्मस्फुट सिद्धान्त' आर्यभट्ट की प्रमुख रचना है। ( )

5.वैदिक एवं सूत्र ग्रंथों के बाद रामायण में भी अंकगणित की जानकारी प्राप्त होती है। ( )

3.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. क, घ, ख, ग, ख

2. माप, ज्ञानिविज्ञान, ७२, उच्चतर, रेखागणित

3. सही, सही, सही, गलत, सही

3.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. वेदों में विज्ञान, लेखक डॉ कपिलदेव द्विवेदी

2. वैदिक ज्ञान-विज्ञान विशेषांक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय भारत सरकार

3. संस्कृत वाङमय में विज्ञान का इतिहास, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT)

4. प्राचीन भारतीय गणित, लेखक डॉ व० ल० उपाध्याय

5. गणित का इतिहास, लेखक डॉ ब्रज मोहन

6. वेदविज्ञानश्री: (वैदिक वांगमय में विज्ञान), लेखिका डॉ उर्मिला श्रीवास्तव

7. गणितसार-संग्रह, लेखक महावीराचार्य, संपादक लक्ष्मीचन्द्र जैन

8. गणित का शिक्षणशास्त्र (भाग १) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

3.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. उत्तरवैदिक कालीन भारतीय गणित के बारे में बताईए।
2. जैन गणित को स्पष्ट कीजिए।
3. बौद्ध गणित को स्पष्ट कीजिए।
4. आचार्य ब्रह्मगुप्त के गणित के नियमों को संक्षिप्त में स्पष्ट कीजिए।

खण्ड- चार (Section-D)
सृष्टि विज्ञान

इकाई.1 सृष्टि की वैदिक अवधारणा

इकाई की रुपरेखा

1.1 प्रस्तावना
1.2 उद्देश्य
1.3 सृष्टि की वैदिक अवधारणा
    1.3.1 वैदिक सृष्टि की विवेचना
    1.3.2 वैदिकवाङ्मय में सृष्टि की परिकल्पना
1.4 सारांश
1.5 पारिभाषिक शब्दावली
1.6 बोध प्रश्नों के उत्तर
1.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
1.8 सहायक उपयोगी पाठ्य सामग्री
1.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

प्रिय शिक्षार्थियों !

भारतीय ज्ञान परम्परा में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्र के अन्तर्गत वैदिक विज्ञान एवं गणित से सम्बन्धित यह चतुर्थ खण्ड (सृष्टि विज्ञान) की यह प्रथम इकाई है। इसके पूर्व की इकाईयों में आपने विज्ञान एवं गणित के सिद्धान्तों का विस्तार पूर्वक अध्ययन किया। प्रस्तुत इकाई में आप सृष्टि की वैदिक अवधारणा के विषय में जानेंगे।

संस्कृत साहित्य में वेदों का स्थान सर्वोपरि है । भारत मे धर्म व्यवस्था वेदों से ही है । और वेद धर्म निरूपण मैं स्वतंत्र प्रमाण हैं, स्मृति इत्यादि उसीका अनुसरण करते है। वेद शब्द 'विद्' धातु में 'घञ्' प्रत्यय लगाने से बनता है। इस धातु के बहुत-से अर्थ हैं जैसे 'विद ज्ञाने', 'विद सत्तायाम्', 'विद विचारणे', 'विद्लृ लाभे, 'विद चेतनाख्याननिवासेषु' जिनसे सत्यासत्य, पापपुण्य, धर्माधर्म, तथा विधिनिषेध का विवेक समुद्भूत हो, जिनके द्वारा सब सुखों का लाभ होता है और जिनमें सकलविद्याएँ बीजरुप में विद्यमान रहती हैं- वे ग्रन्थ वेद कहलाते हैं। महर्षि मनु कहते कहते हैं-**"वेदोऽखिलो धर्ममूलम्"** वेद धर्म का मूल है । **"सर्वज्ञानमयो हि सः"** अर्थात् वेद सकलज्ञान से भरपूर है। **" विद्यन्ते धर्मादयः पुरुषार्था यैस्ते वेदाः"** अर्थात् धर्म, अर्थ, काम , मोक्ष इन पुरुषार्थ जिससे है वह वेद है । एक अन्य प्रचलित व्याख्या है के - **"अपौरुषेयं वाक्यं वेद"** अर्थात् जो वाक्य किसी पुरुष से नही कहा है यानी अपौरुषेय है वैसा वाक्य वेद है। वैदिक विज्ञान, राष्ट्रधर्म, समाज-व्यवस्था, पारिवारिक-जीवन, वर्णाश्रम-धर्म, सत्य, प्रेम, अहिंसा, त्याग आदि को दर्पण की भाँति दिखाता है। वेद संसाररूपी सागर से पार उतरने के लिए नौकारूप हैं। वेद में मनुष्यजीवन की सभी प्रमुख समस्याओं का समाधान है। अज्ञानान्धकार में पड़े हुए मनुष्यों के लिए वे प्रकाशस्तम्भ हैं, भूले भटके लोगों को वे सन्मार्ग दिखाते हैं। आचार्य सायण के अनुसार **"इष्टप्राप्त्यनिष्ट-परिहारयोरलौकिकम् उपायं यो ग्रन्थो वेदयति, स वेदः"** अर्थात् इष्ट की प्राप्ति तथा अनिष्ट के निवारण का उपाय जो बतलाएं वे ग्रन्थराशि वेद कहलाते हैं।

वैदिक वाङ्मय में सृष्टि के विषय पर कई स्थानों पर विचार किया गया है। उपनिषदों में इस विषय पर विस्तार से विचार किया गया है। पुराण, महाभारत, मनुस्मृति, दर्शन, ज्योतिषादि ग्रन्थों में भी सृष्टि की अवधारणा का सविस्तार वर्णन प्राप्त होता है। सृष्टि की उत्पत्ति के विषय में विज्ञान का मानना यह है कि सृष्टि की उत्पत्ति Bing-bang (भयंकर विस्फोट) के साथ ही प्रारमभ हुई और परिवर्तन के कई चरणों से गुजरती हुई वर्तमान स्थिति में पहुँची है। ठपह ठंदह के साथ ही आकाश और समय का कार्य प्रारमभ हुआ। सृष्टि उत्पत्ति का क्रम इस प्रकार रहा- आकाश, ज्वलनशील वायु, अग्नि, जल और निहारिका का मण्डल। निहारिका मण्डल में ही सौर मण्डलों ने स्थान पाया। पृथ्वी की उत्पत्ति सूर्य से छिटक कर अलग होने के बाद धीरे-धीरे परिवर्तित होकर वर्तमान रूप में हुई। श्वास लेने योग्य वायु के बनने, पानी के पीने योग्य होने पर पानी के अन्दर सर्वप्रथम जलचरों को जीवन मिला। फिर क्रमशः जल-स्थलचर, स्थलचर और आकाशचर प्राणियों की उत्पत्ति हुई। सृष्टि उत्पत्ति के पूर्व क्या था? इस विषय में विज्ञान का कहना है कि Bing-bang के बाद ही सृष्टि नियम विकसित हुए हैं। सृष्टि की उत्पत्ति कैसे हुई? इससे पूर्व यह भी जानना आवश्यक है कि सृष्टि की उत्पत्ति का कार्य कब प्रारम्भ हुआ तथा सृष्टि का प्रारम्भ कब हुआ यह एक अत्यन्त महत्पूर्ण विषय है। वेद

सम्पूर्ण ज्ञान विज्ञान के आदि स्रोत हैं। सृष्टि प्रक्रिया का वर्णन ऋग्वेद के अदिति सूक्त विश्वकर्मा सूक्त, पुरुष सूक्त, प्रजापति सूक्त, नासदीय सूक्त, ऋत् सूक्त तथा अथर्ववेद के कालसूक्त आदि सूक्तों में प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त ब्राह्मणग्रन्थों तथा उपनिषदों में भी सृष्टि विषयक अनेक सन्दर्भ प्राप्त होते है। इस इकाई में आप वेदों में सृष्टि विषयक परिकल्पना एवं वैदिक अवधारणाओं के विषय में विस्तार से पढेंगे।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई का अध्ययन करने के पश्चात् आप—

- वेद के अर्थ को बताने में समर्थ होंगे।
- विभिन्न सूक्तों में वर्णित सृष्टि प्रक्रिया का वर्णन कर सकेंगे।
- शास्त्रपरम्परा के अनुसार सृष्टि की परिल्पना का विवेचन करने में समर्थ होंगे।
- सृष्टि की वैदिक परिकल्पना की व्याख्या कर सकेंगे।
- पुराणों में सृष्टि की परिकल्पना का वर्णन कर सकेंगे
- सृष्टि के अर्थ को बताने में समर्थ होंगे।
- सृष्टि की उत्पत्ति का समय बता सकेंगे।

1.3 सृष्टि की वैदिक अवधारणा

सृष्टि का शाब्दिक अर्थ है निर्माण रचना अथवा उत्पत्ति। अर्थात् किसी वस्तु की उत्पत्ति अथवा निर्माण सृष्टि कहलाती है। जगत् की सृष्टि एक महत्वपूर्ण विषय है। सृष्टि की अवधारणा के विषय में ज्ञान प्राप्त करने पूर्व यह भी जानना आवश्यक है कि इस चराचर जगत् का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ हुआ। इस विषय में सूचना का सन्दर्भ वेदों का नेत्र स्वरूप ज्योतिषशास्त्र है। ज्योतिषशास्त्र सृष्ट्यादि से लेकर प्रलय पर्यन्त काल की गणना की गई है। ज्योतिषशास्त्र के सिद्धान्त ग्रन्थों में कालमानाध्याय में कहा गया है कि सृष्टि की उत्पत्ति ब्रह्मा का दिन प्रारम्भ होने पर हुई। अर्थात् ब्रह्मा का कल्प तुल्य दिन पूर्ण होने पर प्रलय होती है। तदनन्तर एक कल्प तुल्य रात्रि में वह विश्राम करते है। द्वितीय अहोरात्र प्रारम्भ होने पर वह संसार का निर्माण कार्य प्रारम्भ करते है।

इस प्रकार दो कल्प तुल्य ब्रह्मा का एक अहोरात्र होता है। एक कल्प में सन्धि सहित 14 मनु होते है। प्रत्येक मनु में 71 महायुग होते हैं। एक महायुग का मान 12000 दिव्य वर्ष होता है। (दिव्य वर्ष देवताओं से सम्बन्धित वर्ष होता है जिसमें 360 देवताओं के दिन होते है। देवताओं के एक दिन में 360 सौरदिन होते हैं। सूर्य का एक अंश तुल्य भोगकाल एक सौर दिन कहलाता है तथा 360 सौर दिन का एक सौरवर्ष जो देवताओं का एक दिन दिन अथवा दिव्यदिन है।)

एक महायुग में कृतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग तथा कलियुग नामक चारयुग सन्धि सहित होते है। चार हजार दिव्य वर्ष का एक कृगयुग कहा है। इस युग की जितने दिव्य वर्ष की अर्थात् 400 वर्ष की सन्ध्या होती है और उतने ही वर्षों की अर्थात् 400 वर्षों का सन्ध्यांश का समय होता है अर्थात कृतयुग का कुल मान 4800 दिव्यवर्ष है। त्रेता युग का मान 3000 दिव्यवर्ष तथा 300 वर्ष की संध्या 300 वर्ष संध्यांश कुल मान 3600 दिव्यवर्ष है। द्वापर युग का मान 2000 दिव्यवर्ष, 200 दिव्यवर्ष

सन्धि एवं 200 दिव्यवर्ष संध्याश कुल मान 2400 दिव्य वर्ष तथा कलयुग का मान 1000 दिव्यवर्ष, सन्धि-संध्यांश 200 वर्ष कुल मान 1200 वर्ष है। इस प्रकार कुल मान 4800+3600+2400+1200=12000 दिव्यवर्ष एक महायुग का मान होता है। अर्थात -

सूर्य का एक अंश तुल्य भोगकाल	=	एक सौर दिन
360 सौर दिन	=	देवताओं का एक दिन (दिव्यदिन)
360 दिव्यदिन	=	1 दिव्य वर्ष।
12000 दिव्य वर्ष	=	1 महायुग
71 महायुग	=	1 मनु
ससन्धि 14 मनु	=	1 कल्प = ब्रह्मा का दिन
2 कल्प	=	ब्रह्मा का एक अहोरात्र।

देव युगों को 1000 से गुण करने पर जो काल परिणाम निकलता है, वह ब्रह्म का एक दिन और उतने ही वर्षों की एक रात समझना चाहिए। यह ध्यान रहे कि एक देव वर्ष 360 मानव वर्षों के बराबर होता है। जो लोग उस एक हजार दिव्य युगों के परमात्मा के पवित्र दिन को और उतने की युगों की परमात्मा की रात्रि समझते हैं, वे ही वास्तव में दिन-रात = सृष्टि उत्पत्ति और प्रलय काल के विज्ञान के वेत्ता लोग हैं। इस आधार की सृष्टि की आयु = 12000 × 1000 देव वर्ष = 12000000 देव वर्ष 12000000×360 = 4320000000 मानव सौरवर्ष। अतः 12000000 देव वर्ष = 4320000000 मानव वर्ष पहले जो बारह हजार दिव्य वर्षों का एक दैव युग कहा है, इससे 71 (इकहत्तर) गुणित अर्थात् 12000×71 = 852000 दिव्य वर्षों का अथवा 852000×360= 306720000 वर्षों का एक मन्वन्तर का काल परिणाम गिना गया है। इस प्रकार वह महान् परमात्मा असंख्य मन्वन्तरों को, सृष्टि उत्पत्ति और प्रलय को बार-बार करता रहता है, अर्थात् सृष्टी प्रवाह से अनादि है। उक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि 4320000000 सौरवर्ष पूर्व ब्रह्मा का दिन प्रारम्भ हुआ तथा सृष्टि की रचना का कार्य प्रारम्भ हुआ।

सृष्टि की रचना का प्रारम्भ कब हुआ ? इस विषय पर विचार करने के पश्चात इस विषय पर विचार करना आवश्यक है कि सृष्टि में मानव की उत्पत्ति कब हुई, क्योंकि मानव के उत्पन्न होने पर ही तो वेद का ज्ञान उसे प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व की स्थिति अर्थात् सृष्टि उत्पन्न होने के प्रारम्भ से मानव के उत्पन्न होने तक के समय पर भी विचार करना परमावश्यक है। वास्तव में मनुष्य ने तो अपने उत्पन्न होने के बाद ही समय की गणना प्रारमभ की है। सृष्टि के उस समय की गणना वह कैसे करता, जब बन ही रही थी? वह कैसे जानता कि सृष्टि उत्पन्न होने की क्रिया के प्रारमभ होने से उसके पूर्ण होने तक सृष्टि निर्माण में कितना समय व्यतीत हुआ है? सूर्यसिद्धान्त में इस विषय पर विचार किया गया है। समस्त वैदिक वांड्मय के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि सृष्टि के रचयिता परब्रह्म हैं। वैदिक वांड्मय में परब्रह्म को ही प्रजापति, विश्वकर्मा, हिरण्यगर्भ, विराट पुरूष आदि के नाम से सम्बोधित किया गया है। ज्योतिषशास्त्र के आर्ष ग्रन्थ सूर्यसिद्धान्त के कालमानाध्याय में वर्णन सृष्टि काल के विषय इस प्रकार से वर्णन आया है -

ग्रहक्ष-देव-दैत्यादि सृजतोक्षस्य चराचरस्य।
कृताद्रिवेदा दिव्याब्दाः शघ्ना वेधसो गताः।

अर्थात् ग्रह, नक्षत्र, देव, दैत्य आदि चर (जघैर्म जीव-जन्तु) अचर (स्थावर वृक्ष पर्वतादि) की रचना करने में ब्रह्मा को कल्पारम्भ से शत गुणित 474 दिव्य वर्ष अर्थात् 474×100 = 47400 दिव्य वर्ष बीत गए। एक दिव्यवर्ष होते है अर्थात 47400 × 360 = 17064000 सौर वर्ष। तथा 4320000000-17064000 = 4302936000 सौरवर्ष। उक्त विवेचन से सिद्ध होता है कि सूर्यसिद्धान्त के काल से 4320000000 सौर वर्ष पूर्व सृष्टि की रचना प्रारम्भ हुई तथा 4302936000 सौरवर्ष पूर्व सृष्टि की सम्पूर्ण गतिविधियों का प्रारम्भ हुआ। अर्थात् ग्रह, नक्षत्र ने चलना प्रारम्भ किया तथा पृथ्वी पर चराचर का प्रारम्भ हुआ।

1.3.1 वैदिक सृष्टि की विवेचना

वैदिक वांड्मय के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि सृष्टि के रचयिता परब्रह्म हैं। वैदिक सृष्टि का विवेचन प्राय: विभिन्न सूक्तों के माध्यम से हमें दृष्टिगोचर होता है।जिसका वर्णन हम यहा करने जा रहे है।

1. अदिति सूक्त—

अदिति शब्द का अर्थ है- पूर्णता, रचनात्मकता, जो बन्धन रहित हो, तथा जो सीमा से रहित हो। अदिति सूक्त ऋग्वेदीय दशम मण्डल का 72 वाँ सूक्त है। इस सूक्त की दृष्ट्री अदिति दाक्षायणी है। यह प्राचेतस दक्ष प्रजापति तथा आसिकनी की कन्या तथा कश्यप प्रजापति की पत्नी थी। इस सूक्त में अदिति को विश्व सृष्टि की मूर्ति के रूप में प्रतिपादित किया गया है। मन्त्र में कहा गया है कि अदिति ही द्यौ है, अदिति अन्तरिक्ष है, अदिति ही सब भूतों की माता और पिता है। वही पुत्र है, पञ्चजन भूत और भविष्य सब अदिति ही अदिति है। यथा—

अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः।
विश्वेदेवा अदितिः पञ्चजना अदितिर्ज्जातमदितिर्जनित्वम्।।

इस मन्त्र में अदिति शब्द अनेक पदों से व्यवहृत होता है। सूक्त के 5 वें मन्त्र में दक्ष को सूर्य कहा गया है औरसूक्त में अदिति को 'प्रकृति' कहा गया है। और इसी प्रकृति से सब पदार्थों की उत्पत्ति कही गई है। ठीक इस सूक्त की भाँति सांख्यदर्शन में भी सृष्टि की उत्पत्ति का मूल कारण प्रकृति को कहा है। सूक्त में दिव्य पदार्थों की सृष्टि प्रक्रिया में परब्रह्म परमेश्वर को उपादान कारण बनाया तथा अव्यक्त प्रकृति को निमित्त कारण। यही महान् ब्रह्माण्ड वा प्रकृति का स्वामी परमात्मा है और यही परमात्मा इन समस्त लोकों को लौहकार के सदृश अग्नि में डालता और संतप्त करता है। सर्वप्रथम हिरण्यगर्भ रूप परमात्मा अपने अग्निमय तेजस रूप से सबको तप्त करता है। अतएव वहीं से अनेक सूर्य तप्त रूप में उत्पन्न होते हैं, तदनन्तर सृष्टि की प्रागवस्था में सूर्यादि के प्रथम निर्माण वा प्रेरणाकाल में अव्यक्त प्रकृति से सत् अर्थात् व्यक्त जगत् उत्पन्न हुआ। इसके पश्चात् व्यापक दिशाएँ प्रकट हुईं। तदनन्तर उसी से ऊपर की ओर फैलने वाले किरणों वाला इसी प्रकृति अर्थात् अदिति से ऊर्ध्व आकाश में गति करने वाले सूर्य- चन्द्रादि प्रकट हुए, अदिति से ही व्यापन युक्त गुण वाले पञ्च तत्त्वों (आकाश, वायु, जल, अग्नि, पृथिवी) की उत्पत्ति हुई। उस अखण्ड प्रकृति से ही दग्ध करने वाले अग्नि और बलोत्पादक वायु की उत्पत्ति हुई है। सूर्य रूप अग्निमय पिण्ड से खण्ड न होने वाली दृढ यह पृथिवी उत्पन्न हुई। अखण्ड प्रकृति से अग्नि और वायु की उत्पत्ति बताई गई है और एक अन्य सन्दर्भ में इस ऋचा के अनुवाद में कहा गया है कि अदिति दक्ष की माता है अर्थात् अदिति से

ही दक्ष की उत्पत्ति हुई है और यह अदिति उस दक्ष से परे है अर्थात् अखण्ड रूप में विद्यमान है। सूक्त के ही अन्य मन्त्र में कहा गया है कि अदिति सूर्य की दुहिता के समान है और (अदिति को मन्त्र में पृथिवी भी कहा गया है) वह दृढ पृथिवी अग्नि रूप से उत्पन्न हुई है। उसके पश्चात् सुख-ऐश्वर्य में रमण करने वाले, अमृत अविनाशी जीवन से बंधे हुए अनेक जीवगण उत्पन्न हुए।

व्यापक अखण्ड प्रकृति से आठ तत्त्व उत्पन्न हुए, जो बहुत से लोकों की रक्षा करते हैं। अर्थात् उत्पादनोन्मुख प्रकृति से महत्, अहंकार, पञ्च तन्मात्र अर्थात् सूक्ष्म भूत वह व्यापक अखण्ड प्रकृति सात ग्रहों के रूप में इन ग्रहों को प्राप्त हुई। उसने सूर्य को इन सातों से दूर फेंका। इनमें आठवाँ मार्तण्ड सूर्य है, उसको दूर ऊपर फेंका जो उदित होता है। सातों पुत्रों के साथ वह अविनाशिनी शक्ति पूर्वकाल में आती है और तत्पश्चात् उत्पन्न होने तथा फिर मृत्यु के लिए तुझसे ही हे प्रकृते ! मृत जड़ तत्त्व के बने अण्ड वा जीवित देह उत्पन्न होते हैं।

अति लघूत्तरीय प्रश्न—

1- अदिति सूक्त ऋग्वेदीय दशम मण्डल का कौन सा सूक्त है?
2- अदिति सूक्त में किसे विश्व सृष्टि की मूर्ति के रूप में प्रतिपादित किया गया है?
3- किस प्रकृति से अग्नि और वायु की उत्पत्ति बताई गई है?
4- व्यापक अखण्ड प्रकृति से कितने तत्त्व उत्पन्न हुए?
5- दृढ पृथ्वी किस रूप से उत्पन्न हुई है?

2. विश्वकर्मा सूक्त—

विश्वकर्मा सूक्त ऋग्वेद के दशम मण्डल का 81वां तथा 82 वां सूक्त है। सूक्त में कहा गया है कि विश्वकर्मा ने समस्त जगत् को यज्ञीय हविष्य के रूप में अग्नि को समर्पित कर दिया। तदनन्तर विश्वकर्मा स्वयमेव अग्नि में प्रविष्ट हो गया। वही दृश्यादृश्य जगत् का निर्माणकर्त्ता था। अतः स्पष्ट हो जाता है कि विश्वकर्मा ने द्विविध शरीर धारण किया था। एक शरीर को अग्नि में याज्ञिक हवि के रूप समर्पित किया और दूसरे शरीर से जगत् की संरचना की। तृतीय मन्त्र में कहा गया है कि विश्वकर्मा की आँखें, मुख, बाहु तथा चरण चारों और है। अपनी भुजाओं तथा पदों के प्रेरण से वह आकाश तथा पृथ्वी को उत्पन्न करते है। 82 वें सूक्त के प्रथम मन्त्र में कहा गया है कि शरीर के उत्पादयिता तथा अनुपम धीर विश्वकर्मा ने सर्वप्रथम जल को उत्पन्न किया तत्पश्चात जल में इधर-उधर चलने वाली द्यावापृथ्वी की रचना की। द्यावापृथ्वी के प्राचीन तथा अन्त्य प्रदेशों को विश्वकर्मा ने सुदृढ़ किया। द्वितीय मन्त्र में कहा गया है कि, विश्वकर्मा बृहत् हैं तथा वो सब जानते हैं तथा सब कुछ देखते हैं। 82 वें सूक्त में विश्वकर्मा का सर्वोच्चशक्ति के रूप में वर्णन किया गया है। इस सूक्त के अनुसार विश्वकर्मा अपनी संकल्पात्मक बुद्धि के सामर्थ्य से समस्त जगत् को धारण करने वाला है। उस बुद्धिमान ने हिरण्यगर्भ को उत्पन्न किया और तदनन्तर पूर्व से उत्तर परिणाम को प्राप्त होते हुए द्यौ और पृथिवी को जन्म दिया। इन दोनों के जब पर्यन्त भाग, बाहर के सीमा भाग स्थिर हो गए तो पुनः उस बुद्धिमान ने द्यौ और पृथिवी का विस्तार किया अर्थात् उसमें अनेक विकृतियाँ की। सूक्त में विश्वकर्मा की स्तुति बड़े ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत की गई है। विश्वकर्मा को सृष्टि के संहारकर्त्ता और सृष्टि के स्रष्टा उभी रूपों में हमारे सम्मुख प्रस्तुत किया गया है। ब्राह्मण ग्रन्थों में विश्वकर्मा का तादात्म्य प्रजापति के साथ स्थापित किया गया है।

उपर्युक्त कथन से यह भी स्पष्ट होता है कि अन्य विकृतियों से पूर्व हिरण्यगर्भ की उत्पत्ति हुई और उस गर्भाण्ड से द्यौ और पृथिवी लोकों की उत्पत्ति होती है। इन दोनों लोकों को स्थिर करने के अनन्तर वह बुद्धिमान अन्य विकृतियाँ करके उन लोकों को विस्तृत करता है।

लघूत्तरीय प्रश्न—

1- विश्वकर्मा के दो प्रकार के शरीर ने क्या कार्य किया ?
2- विश्वकर्मा ने सर्वथम किस को उत्पन्न किया ?
3- विश्वकर्मा सूक्त किस वेद के किस मण्डल का कौन सा सूक्त है।
4- ब्राह्मण ग्रन्थों में विश्वकर्मा का तादात्म्य किस के साथ स्थापित किया गया है।
5- विश्वकर्मा आकाश तथा पृथ्वी को कैसे उत्पन्न करते है।

3. पुरुष सूक्त —

पुरुष सूक्त ऋग्वेद के दशममण्डल का 90वॉ सूक्त है। इस सूक्त के ऋषि नारायण तथा देवता पुरुष है। इस सूक्त में 16 मन्त्रें के माध्यम से जगत की सृष्टि एवं सृष्ट का विकास का कारण विराटपुरुष बताया गया है। वैदिक ऋषि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के सृष्टिक्रम को यज्ञ के रुप में स्वीकार करते हैं। उनके मतानुसार सूक्त में वर्णित विराट् पुरुष ही इस ब्रह्माण्ड रूपी यज्ञ में स्वयं को अर्पित करके अनेक रूपों में प्रकट होता है , तदनन्तर सृष्टि की उत्पत्ति प्रारम्भ होती है। पुरुष के भव्य स्वरूप का वर्णन सूक्त के प्रारम्भिक चार मन्त्रों में किया गया है। यहाँ मन्त्रों में बताया गया है। कि विराट् पुरुष परमेश्वर हजारों सिरों वाला, हजारों आँखो वाला और हजारों पैरों वाला है। वह भूमि के चारों और से व्याप्त करके दस अंगुल प्रमाण में ब्रह्माण्ड को पार करके स्थित है। अर्थात् वह परम पुरुष ब्रह्माण्ड को भीतर और बाहर से व्याप्त किए हुए है। यह सब कुछ दृश्यमान वर्तमान जगत् पुरुष ही है। जो कुछ हो चुका है, भूतकालीन और जो कुछ होगा अर्थात् भविष्यत् कालीन जगत् भी पुरुष ही है और वह पुरुष देवताओं का अथवा अमरत्व का स्वामी है। पुरुष अन्न अर्थात् प्राणियों के भोग्य पदार्थों के कारण बढ़ता है अर्थात् इस दृश्यमान जगत् रूप अवस्था को प्राप्त करता है। इतनी इसकी महिमा है अर्थात् भूत-भविष्यत् वर्तमान कालत्रयवर्ती यह समग्र जगत् इसकी महिमा मात्र है। सम्पूर्ण प्राणी अर्थात् यह समग्र जगत् इसका केवल पाद (चतुर्थांश) है। इसके तीन पाद अर्थात् तृतीयांश अविनाशी रुप से द्युलोक में अर्थात् स्वप्रकाश रुप में अवस्थित रहते हैं। संसार से ऊपर तीन पादों वाला यह विराट् पुरुष इस जगत् से ऊपर उठा हुआ है अर्थात् विश्व के गुण दोषों से रहित है। इसका एक पाद इस भौतिक जगत् के रुप में बार-बार होता है, अर्थात् सृष्टि की उत्पत्ति और प्रलय होते रहते हैं।

अग्रिम सूक्तों में सृष्टि प्रक्रिया का वर्णन करते हुए कहा गया है कि उसी आदि पुरुष महाविष्णु से विराट् हुआ। उस विराट् का अधिपुरुष वही है। वह अधिपुरुष उत्पन्न होकर अत्यन्त दीप्त प्रकाश वाला हुआ। उसने उत्पन्न होने के पश्चात् भूमि तथा शरीरादि उत्पन्न किये। उस पुरुष के शरीर में ही देवताओं ने हविष्य की भावना करके यज्ञ का विस्तार किया। उस यज्ञ में बसंत ऋतु घृत, ग्रीष्म ऋतु ईंधन और शरद ऋतु हवि हुई। उस सर्वहुत यज्ञ से प्रशस्त पोषक पदार्थ घृत आदि उत्पन्न हुआ। उस प्रजापति पुरुष ने वायु में उड़ने वाले पक्षी ग्राम में रहने वाले, वन में रहने वाले आदि पशुओं को उत्पन्न किया। उस सर्वहुत यज्ञ पुरुष से ऋग्वेद तथा सामवेद उत्पन्न हुए। उसी से छन्द उत्पन्न हुए , उसी से यजुर्वेद प्रकट हुआ। उसी यज्ञ पुरुष द्वारा घोड़े उत्पन्न हुए। जिनके ऊपर-नीचे दोनों ओर दांत

हैं, ऐसे गर्दभ आदि पशु भी उत्पन्न हुए। उसी से गौएं तथा भेड़-बकरियां भी उत्पन्न हुईं। सृष्टि के पूर्व प्रकट हुए उस यज्ञ साधनभूत पुरुष को कुशाओं द्वारा प्रोक्षण करके उसी पुरुष के द्वारा देवता, साध्यगण तथा ऋषिगण आदि ने उस मानस यज्ञ का यजन किया। इस पुरुष के मुख से ब्राह्मण हुए, बाहुओं से क्षत्रिय हुए। इस पुरुष के जो दोनों ऊरु हैं उनसे वैश्य और पैरों से शूद्र प्रकट हुए। उनके मन से चन्द्रमा हुए, चक्षु से सूर्य हुए, कानों से वायु तथा प्राण हुए और मुख से अग्निदेव हुए। उस यज्ञ पुरुष की नाभि से अन्तरिक्ष लोक उत्पन्न हुआ, शिर से स्वर्ग प्रकट हुआ, पैरों से पृथ्वी और कानों से दिशाएं उत्पन्न हुईं। इसी प्रकार उस पुरुष में ही ये सब लोक कल्पित हुए। जिस पुरुष पशु का यज्ञ में बंधन करके देवताओं ने यज्ञ किया, उस यज्ञ में सात छंद इसकी 7 परिधियां बनाई गई और इक्कीस (12 महीने, पांच ऋतुएं, एक आदित्य तथा तीन लोक) समिधाएं बनीं। देवगण यज्ञ के द्वारा उस यज्ञ पुरुष का यजन करते हैं। इन धर्मों का अस्तित्व प्रथम कल्पों में भी था। जिस स्वर्ग में पूर्व के साध्यगण देवगण रहते थे, उसी में उनके उपासक भी उपस्थित होते हैं।

रिक्त स्थान की पूर्ति —

1- पुरुष सूक्त के ऋषि तथा देवता---------- पुरुष है।

2- पुरुष विराट् परमेश्वर हजारों ------ वाला, हजारों -------वाला और हजारों-------वाला है।

3- विराट पुरुष तीन पाद अर्थात् तृतीयांश ---------रुप से द्युलोक में अर्थात् स्वप्रकाश रुप में अवस्थित रहते हैं।

4- यज्ञ में बसंत ऋतु घृत, ग्रीष्म ऋतु ईंधन और---------- हवि हुई।

5- उनके मन से ---हुए, चक्षु से सूर्य हुए, कानों से वायु तथा प्राण हुए आऔर मुख से अग्निदेव हुए।

4. प्रजापति सूक्त—

प्रजापति सूक्त ऋग्वेद के दशममण्डल का 121 वां सूक्त है। सूक्त के ऋषि हिरण्यगर्भ प्रजापति है। सी भी मान्यता है। कि इस सूक्त का ऋषि प्रजापति का पुत्र हिरण्यगर्भ है। सूक्त के देवता प्रजापति है। जिन्हें सम्पूर्ण सूक्त में क संज्ञा से व्यहृत किया गया है। प्रजापति का शाब्दिक अर्थ- प्रजाओं का स्वामी होता है। सृष्टिकर्ता देव के रुप में प्रजा का अर्थ सम्पूर्ण तथा पति का अर्थ सृष्टा होगा। अतः प्रजापति में सृष्टि तथा सृष्टा दोनों ही अन्तर्भूत हैं। अतएव सूक्त की अन्तिम ऋचा में भी प्रजापति नाम उद्धृत है।

हिरण्यगर्भ सूक्त में दश ऋचाएँ हैं। हिरण्यगर्भ शब्द सूक्त की प्रथम ऋचा का प्रथम पद है। आचार्य सायण 'हिरण्यगर्भ' पद का अर्थ प्रथत अर्थ किया है - 'सुवर्णमय अण्डे को गर्भ में धारण करने वाला प्रजापति' द्वितीय अर्थ किया है - 'जिसके उदर में स्वर्णमय अण्डा गर्भ के समान स्थित है। वह सूत्रात्मा हिरण्यगर्भ कहा जाता है।' सूक्त की नौ ऋचाओं के चतुर्थ चरण में 'कस्मै देवाय हविषा विधेम' यह वाक्य है। अर्थात् सुख स्वरुप अथवा 'क' संज्ञक गुण सम्पन्न उस हिरण्यगर्भ का हम हवि द्वारा पूजन करते हैं। आचार्य सायण ने कस्मै शब्द के अनेक अर्थ इस प्रकार किए हैं - यथा- अनिति स्वरुप होने से प्रजापति के लिए, सृष्टि के लिए कामना से युत्तफ़, इच्छार्थ 'कम् धातु से 'ड' प्रत्यय के योग से निष्पन्न सुख अर्थ वाला। अतः सुखस्वरुप होने से प्रजापति 'क' है।

सूक्त के प्रत्येक मन्त्र के प्रथम तीन चरणों में उस देवता या ऋषि के गुणों तथा उसके द्वारा किया गये कार्यों का वर्णन किया गया है यथा- सृष्टि उत्पत्ति से पूर्व वह हिरण्यगर्भ उत्पन्न हुआ,

उत्पन्न होते ही सभी प्राणियों का एकमात्र स्वामी हुआ, उसने पृथिवी और चुलोक को धारण किया। जो हिरण्यगर्भ आत्माओं को बल का देने वाला है, अमृतत्व और गृत्युत्व छाया के समान जिसके वशवर्ती हैं जो अपनी महिमा से अकेले ही श्वास लेते हुए तथा पलक झपकाते हुए विश्व का स्वामी हो गया, जो इस दो पैरों वाले मनुष्य तथा चार पैरों वाले गाय, घोड़ा आदि पशुओं का स्वामी हुआ। जिसकी महिमा से ये पर्वत हैं, नदियों के साथ समुद्रों को, जिसका कहते हैं, ये प्रधान दिशायें (पूर्व आदि चार दिशायें) और बाहु के समान कोण दिशायें (आग्नेय आदि चार कोण दिशायें) जिसकी महिमा को कहते हैं, हिरण्यगर्भ प्रजापति ने ही द्युलोक को ऊपर उठाया हुआ है और पृथिवी को स्थिर किया है, जिसने स्वर्ग लोक को ऊपर थामा हुआ है और सूर्य को ऊपर अन्तरिक्ष में थामा है, जो आकाश में जलों को बनाने वाला है। संसार की रक्षा करने के हेतु से निर्माण करने के लिए स्थिर किये गये और प्रकाशमान होते हुये द्युलोक और पृथिवी लोक को वह अपने मन से देखता है, उस प्रजापति को आधार बना कर सूर्य उदय होकर प्रकाशित होता है। जब प्रजापति रुप गर्भ को धारण करती हुई तथा अग्नि को उत्पन्न करती हुई विशाल जलराशि विश्व में आई, तब देवताओं का एक प्राणभूत वायु उत्पन्न हुआ। वह सृष्टि -उत्पत्ति रुप यज्ञ को उत्पन्न करने वाले और सृष्टि -उत्पत्ति में दक्ष प्रजापति को धारण करने वाले जलों को अपनी महिमा से देखता है, और वही सभी देवताओं के मध्य में उनका स्वामी अद्वितीय देव है। वह पृथिवी को उत्पन्न करने वाला है और सत्य नियमों को धारण करते हुये उसने द्युलोक को उत्पन्न किया, उसने आनन्द प्रदान करने वाले महान् जलों को उत्पन्न किया। उसके अतिरिक्त अन्य कोई भी इन विद्यमान सम्पूर्ण उत्पन्न हुए पदार्थों को और उन सारे भूतकालीन पदार्थों को व्याप्त करने वाला नहीं है। क संज्ञक गुण सम्पन्न उस हिरण्यगर्भ का हम हवि द्वारा पूजन करते हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न -

1- प्रजापति सूक्त ऋग्वेद के दशममण्डल का है -

(क) 128वां सूक्त (ख) 121वां सूक्त

(ग) 125 वां सूक्त (घ) 122वां सूक्त

2- सूक्त की अन्तिम ऋचा में नाम उद्धृत है -

(क) प्रजापति (ख) सूर्य

(ग) इन्द्र (घ) नारद

3- सृष्टि उत्पत्ति से पूर्व उत्पन्न हुआ -

(क) प्रजापति (ख) 121वां सूक्त

(ग) इन्द्र (घ) हिरण्यगर्भ

4- आचार्य सायण ने 'हिरण्यगर्भ' पद का अर्थ किया है -

(क) 'सुवर्णमय अण्डे को सिर पर धारण करने वाला

(ख) 'सुवर्णमय अण्डे को गर्भ में धारण करने वाला

(ग) ब्रह्म को धारण करने वाला

(घ) सोने के अण्डे को वायु में धारण करने वाला

5- किस को आधार बना कर सूर्य उदय होकर प्रकाशित होता है।

(क) प्रजापति (ख) सूर्य

(ग) इन्द्र (घ) हिरण्यगर्भ

5. नासदीय सूक्त —

ऋग्वेद के मण्डल 10 सूक्त 129 को नासदीय-सूक्त कहते हैं। नासदीय सूक्त के रचयिता ऋषि प्रजापति परमेष्ठी हैं। इस सूक्त के देवता भाववृत्त है। यह सूक्त मुख्य रुप से इस तथ्य पर आधारित है कि ब्रह्मांड की रचना कैसे हुई। इस सूक्त में सृष्टि की उत्पत्ति होने से पूर्व आकाश की अन्धकाररुप स्थिति का वर्णन है। परमात्मा के सम्मुख सृष्टि का उपादान कारण द्रव्यभाव से वर्तमान था, आत्माएं भी साधारण और मुत्तफ़ अवस्था की बहुत थीं आदि ऐसे अनेक विषयों का वर्णन इस सूक्त में है। नासदीय का अर्थ है कि सृष्टि की रचना से पूर्व जगत् की स्थिति शून्यमय नितान्त अभावरुप नहीं थी, कुछ अवश्य था परन्तु जो था वह अप्रकट व प्रकाशित था। सूक्त में कुल 7 मन्त्र हैं। मन्त्रें में कहा गया है कि उस समय अर्थात् सृष्टि की उत्पत्ति से पहले प्रलय दशा में असत् अर्थात् अभावात्मक तत्त्व नहीं था। सत = भाव तत्त्व भी नहीं था, रजः = स्वर्गलोक मृत्युलोक और पाताल लोक नहीं थे, अन्तरिक्ष नहीं था और उससे परे जो कुछ है वह भी नहीं था, वह आवरण करने वाला तत्त्व कहाँ था और किसके संरक्षण में था। उस समय कठिनाई से प्रवेश करने योग्य गहरा क्या था, अर्थात् वे सब नहीं थे। उस प्रलय कालिक समय में मृत्यु नहीं थी और अमृत = मृत्यु का अभाव भी नहीं था। रात्री और दिन का ज्ञान भी नहीं था उस समय वह ब्रह्म तत्व ही केवल प्राण युत्तफ़, क्रिया से शून्य और माया के साथ जुड़ा हुआ एक रुप में विद्यमान था, उस माया सहित ब्रह्म से कुछ भी नहीं था और उस से परे भी कुछ नहीं था। सृष्टिके उत्पन्न होनेसे पहले अर्थात् प्रलय अवस्था में यह जगत् अन्धकार से आच्छादित था और यह जगत् तमस रुप मूल कारण में विद्यमान था, अज्ञात यह सम्पूर्ण जगत् जल रुप में था। अर्थात् उस समय कार्य और कारण दोंनों मिले हुए थे यह जगत् है वह व्यापक एवं निम्न स्तरीय अभाव रुप अज्ञान से आच्छादित था इसीलिए कारण के साथ कार्य एकरुप होकर यह जगत् ईश्वर के संकल्प और तप की महिमा से उत्पन्न हुआ। सृष्टि की उत्पत्ति होने के समय सब से पहले काम अर्थात् सृष्टि रचना करने की इच्छा शत्तिफ़ उत्पन्न हुयी, जो परमेश्वर के मन मे सबसे पहला बीज रुप कारण हुआ। भौतिक रुप से विद्यमान जगत् के बन्धन-कामरुप कारण को क्रान्तदर्शी ऋषियो ने अपने ज्ञान द्वारा भाव से विलक्षण अभाव मे खोज डाला। अविद्या, काम-संकल्प और सृष्टि बीज-कारण को सूर्य-किरणों के समान बहुत व्यापकता उनमें विद्यमान थी। इस प्रकार उत्पन्न जगत् में कुछ पदार्थ बीज रुप कर्म को धारण करने वाले जीव रुप में थे और कुछ तत्त्व आकाशादि महान रुप में प्रकृति रुप थे। कौन इस बात को वास्तविक रुप से जानता है और कौन इस लोक में सृष्टि के उत्पन्न होने के विवरण को बता सकता है कि यह विविध प्रकार की सृष्टि किस उपादान कारण से और किस निमित्त कारण से सब ओर से उत्पन्न हुयी। देवता भी इस विविध प्रकार की सृष्टि उत्पन्न होने से बाद के हैं अतः ये देवगण भी अपने से पहले की बात के विषय में नहीं बता सकते इसलिए कौन मनुष्य जानता है जिस कारण यह सारा संसार उत्पन्न हुआ यह विविध प्रकार की सृष्टि जिस प्रकार के उपादान और निमित्त कारण से उत्पन्न हुयी इस का मुख्या कारण है ईश्वर के द्वारा इसे धारण करना। इसके अतिरित्तफ़ अन्य कोई धारण नहीं कर सकता। इस सृष्टि का जो स्वामी ईश्वर है, अपने प्रकाश या आनंद स्वरुप में प्रतिष्ठित है। वह आनंद स्वरुप परमात्मा ही इस विषय को जानता है उस

के अतिरिक्तफ़ (इस सृष्टि उत्पत्ति तत्व को) कोई नहीं जानता है। इस सूक्त मे कहा गया है कि यथा-सत-असत, चेतन तत्त्व जो अपनी धारण शक्तिफ़ द्वारा उस अवस्था में भी स्थित था, काम-ईक्षण जिसके द्वारा विविध प्रकार की सृष्टि प्रकट हुई है। अनादि पदार्थ जो सर्वप्रथम उत्पन्न हुए एवं इसके पश्चात् भोक्तफ़ा जीव आए एवं वही चेतन तत्त्व इस सृष्टि को उत्पन्न करके स्वयं ही इसका धारक बन गया। नासदीय सूक्त सत् तथा असत् दोनों सत्ताओं का निषेध करता है। सत् से अभिप्राय है कि यह नामरुपात्मक जगत् अपने अस्तित्व में नहीं था अथवा अस्तित्व से युक्तफ़ अर्थात् प्रत्यक्ष रुप में वर्णनीय नहीं था और असत् से अभिप्राय है कि यह नामरुपात्नक जगत् तो नहीं था, किन्तु यह नहीं कहा जा सकता के कुछ भी नहीं था, अगर कुछ नहीं था तो पुनः इस सृष्टि की रचना कैसे सम्भव हुई। कथन का भाव है कि मूलतत्त्व - परब्रह्म जिसका कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है, किन्तु वह उस समय भी विद्यमान था। असत् जगत् के मूलकारण का वाचक है और मूलकारण तत्त्व एकमात्र परब्रह्म है तथा सत् कार्यरुप जगत् का वाचक है।

सत्य/असत्य प्रश्न

1- ऋग्वेद के मण्डल 10 सूक्त 129 को नासदीय-सूक्त कहते हैं। सत्य/असत्य

2- इस सूक्त में सृष्टि की उत्पत्ति होने से पूर्व पृथ्वी की अन्धकाररुप स्थिति का वर्णन है। सत्य/असत्य

3- नासदीय का अर्थ है कि सृष्टि की रचना से पूर्व जगत् की स्थिति शून्यमय नितान्त अभावरुप नहीं थी, कुछ अवश्य था परन्तु जो था वह अप्रकट व प्रकाशित था। सत्य/असत्य

4- नासदीय सूक्त सत् तथा असत् दोनों सत्ताओं को स्वीकार करता है। सत्य/असत्य

5- असत् से अभिप्राय है कि यह नामरुपात्नक जगत् तो नहीं था। सत्य/असत्य

6. ऋत्त सूक्त—

ऋत्त सूक्त ऋग्वेद के दशम मण्डल का 190 वॉं सूक्त है। ऋग्वेदीय दशम मण्डल के लघु सूक्तफ़ों में ऋत सूक्त का विशिष्ट स्थान है। इस सूक्त में सृष्टि-प्रक्रिया को बड़ी सूक्ष्मता के साथ प्रस्तुत किया गया है आचार्य यास्क के अनुसार ऋत का अर्थ उदक, सत्य, यज्ञ एवं रेतत् है। सूक्त का ऋषि मधुच्छन्दर का पुत्र अघमर्षण है और इसी कारण सूक्त को अघमर्षण सूक्त भी कहा गया है। और सूक्त का देवता भाववृत्तम है। इस सूक्त के तीन मन्त्र हैं और तीनों मन्त्र अत्यन्त लोकप्रिय हैं। सूक्त में सृष्टि-उत्पत्ति का वर्णन सरल एवं स्पष्ट शब्दों में व्यक्तफ़ किया गया है।

सूक्त के प्रथम मन्त्र में कहा गया है कि तप से ऋत अर्थात् प्राकृतिक प्रवाह अर्थात् द्रव्य और सत्य अर्थात् नित्य तत्त्व सत्ता की उत्पत्ति हुई। तदनन्तर ऋत और सत्य से रात्रि उत्पन्न होती है। उस तप से यह जल से युक्त महान् समुद्र और सूक्ष्म जलों से व्याप्त आकाश प्रकट हुआ। अर्थात् उस से कणों के सागर में गति को धारण करने वाले मूल तत्त्व के विस्तार का उदय हुआ। मंत्र का भावार्थ है कि उस समय काल की शुन्य स्थिति थी, तप ने प्राकृतिक प्रवाह और सत्य स्वरुप प्रकृति को चारों ओर से प्रज्वलित किया। उसी से प्रलय रुपी रात्रि का अविर्भाव हुआ। अर्थात् प्रकृति के कणों में संक्षोभ हुआ। सूक्त के द्वितीय मन्त्र में जल से आपूरित समुद्र की उत्पत्ति का वर्णन है और इस अर्णय समुद्ध अर्थात् जलापूरित समुद्र से संवत्सर प्रकट होता है। संवत्सर के प्रकट होने के पश्चात् अहोरात्र की सृष्टि हुई अर्थात् दिन और रात्रि प्रकट हुए। संवत्सर रुप ईश्वर दिन तथा रात्रि को बनाने वाले हैं। निमेषादि से युक्त वह काल समस्त संसार के स्वामी हैं। सूक्त में रात्रि की उत्पत्ति दो बार बताई गई है- प्रथम

गन्त्र में ऋत और सत्य से केवल रात्रि की उत्पत्ति का वर्णन है तथा द्वितीय मन्त्र में रात्रि के साथ-साथ दिन की उत्पत्ति का भी वर्णन प्राप्त होता है। तृतीय मंत्र में उल्लेख है कि उस कालरुप ईश्वर द्वारा सूर्य, चन्द्रमा द्युलोक, पृथ्वी, अन्तरिक्ष तथा स्वर्गलोक अर्थात् प्रकाश्य तथा अप्रकाश्य समस्त पदार्थों को पूर्व काल के अनुसार बनाया। इस प्रकार ऋत सूक्त में सृष्टि प्रकिया का कम शब्दों में अतीव सारगर्भित वर्णन किया गया है।

7. कालसूक्त —

अथर्ववेद के उन्नीसवे अध्याय का 53वां तथा 54वां सूक्त काल सूक्त है। सूक्त के देवता काल हैं। इस सूक्त के ऋषि ने काल को परब्रह्म माना है। सूक्त के प्रथम मन्त्र में काल के स्वरुप का वर्णन करते हुए कहा है कि -

कालो अश्वो वहति सप्तरश्मिः सहस्राक्षो अजरो भूरिरेताः।
तमारोहन्ति कवयो विपश्चितस्तस्य चका भुवनानि विश्वा।।

वह काल रुपी अश्व शुक्ल, नील पीत, रत्तफ़, हरित, कपिश, चित्र वर्ण सात प्रकार की किरणों वाला सूर्य के समान प्रकाशमान है (अर्थात् सूर्य की भी यह सात किरणें सात घोड़े हैं), सहस्रं नेत्रें वाला है तथा कभी वृद्धावस्था को प्राप्त न होने वाला है। द्वितीय मन्त्र में ही काल को सात पहियों वाला अर्थात् तीन काल (भूत, भविष्य, वर्तमान) और चार दिशाओं (पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण) वाला कहा गया है। कहा है कि वह ही प्रथम दिव्य पदार्थ है जिससे सभी सत्ताएँ उत्पन्न होती हैं। अर्थात् सब भुवनों को प्रकट करता है। काल ने ही स्वयं आकाश और पृथिवी को उत्पन्न किया और परमेश्वर के नियम से भूत और भविष्य भी उस काल के ही भीतर है। यह जगत् उस काल से ही उत्पन्न होकर प्रतिष्ठित है।

बड़े ही रहस्यमय ढंग से काल की महिमा को सूर्य और पृथिवी के छिपने और छुपाने के उदाहरण द्वारा समझाया गया है कि काल के प्रभाव से ही परमात्मा प्रलय के पीछे सब पदार्थों को और नियमों को उत्पन्न करता है और प्रलय के समय में लय कर देता है जिस प्रकार सूर्य जब पृथिवी के सन्मुख आता है तो दिखाई देता है, किन्तु जब पृथिवी की आड़ में होता है तो अदृश्य हो जाता है अर्थात् छिप जाता है। संसार का उपकार करने के लिए अर्थात् जगत् सृष्टि के लिए वायु, पृथिवी, आकाश आदि परमाणु काल के कारण ही संयोग पाकर साकार होते हैं अर्थात् यही परमाणु सृष्टि उत्पत्ति के कारण हैं और इनका संयोग काल के द्वारा ही सम्भव है। काल सूक्त के 53वें सूक्त के चतुर्थ मन्त्र और 54वें सूक्त के तृतीय मन्त्र में काल को सृष्टि का पिता और पुत्र कहा है, जो पिता के समान नित्य वर्तमान काल होने से पहिले और पुत्र के समान पीछे भी विद्यमान रहता है। अर्थात् काल रुपी पुत्र द्वारा ही बीता हुआ भूतकाल और होने वाला भविष्यत्काल पहिले उत्पन्न किया। काल के ही प्रभाव से सब आगे- पीछे की सृष्टि और वेदों का प्रादुर्भाव हुआ। इस प्रकार काल की गति बड़ी ही कल्पनातीत है। अतः सूक्त में बड़े ही रहस्यमयढंग से काल की तुलना सूर्य से अर्थात् सूर्य की सात किरणों-रुपी घोड़े से की गई है। अन्ततः काल ही चराचर प्राणियों को उत्पन्न करने वाला है और भूत, भविष्य, वर्तमान तीन प्रकार के कालों का आधार है और पृथिवी, स्वर्गादि विविध लोकों को सूजन करने वाला है।

1.3.2 वैदिकवाङ्मय में सृष्टि की परिकल्पना

सृष्टि परिकल्पना को लेकर सर्वप्रथम यह विचार उत्पन्न होता है कि यह दृश्य जगत् कहाँ से आया? इसको लाने वाला कौन है? इसका निर्माणकर्ता कौन है? इत्यादि अनेक प्रश्न उत्पन्न होते हैं। इसका समाधान क्या है? यह सृष्टि-क्रम अनन्त है और इसकी जिज्ञासाएँ भी अनन्त है। इस विषय से सम्बन्धित जिज्ञासाएँ वेदों में अनेक स्थानों पर दृष्टिगोचर होती है। विश्वकर्मा सूक्त में जिज्ञासा व्यक्त करतक हुए कहा गया है कि वह कौन सा वन है तथा वन का कौन सा वृक्ष है जिसने आकाश तथा पृथ्वी को बनाया। इसी प्रकार ट्टग्वेद के नासदीय सूक्त में सृष्टि की जिज्ञासा का वर्णन इस प्रकार आया है। यथा -

को अद्धा वेद क इह प्रवोचत् कुत अजाता कुत इयं विसृष्टिः।
अर्वाग्देवा अस्य विसर्जने ना अथा को वेद यत आवभूव।।
इयं विसृष्टिर्यत आवभूव यदि वा दधे यदि वा न।
